आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 34°C | 22°C |

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शनिवार 19 अक्टूबर, 2024 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 16, अंक: 09 | www.janexpresslive.com/epaper



इनसाइड न्यूज

महाकुंभ-2025: ऐप बेस्ड 'वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम'...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

'बाल विवाह निषेध कानून को नहीं... 12

# अनलिमिटेड पोर्टेंशियल का प्रदेश है यूपी : सीएम योगी

- हर विभाग की कैपेसिटी बिल्डिंग करने की आवश्यकता, बड़े रिफॉर्म के लिए तैयार रहें: सीएम
- यूपी में असीमित क्षमता, पूरा होगा वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का सपना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश को एक ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के संकल्प की पूर्ति की दिशा में जारी प्रयासों, अब तक के परिणामों और भावी नीति पर विमर्श किया। बैठक में विभिन्न मंत्रीगणों, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों, सलाहकारों, विशेषज्ञों की उपस्थिति रही। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 10 सेक्टरों में जारी कार्यों की समीक्षा की। कंसल्टिंग एजेंसी डेलॉयट इंडिया ने विस्तार से प्रदेश के आर्थिक परिवेश की वर्तमान स्थिति और संभावित भावी परिणाम, उद्योग जगत की अपेक्षाओं आदि के संबंध में सेक्टरवार विस्तार से जानकारी दी। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विगत 07 वर्षों के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सार्वकालिक सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी ?16.45 लाख करोड़ थी जो आज 2023-24 में ?25.48 लाख करोड़ से अधिक हो गई है। इस वर्ष हमारा जीएसडीपी लक्ष्य ?32 लाख करोड़ का है। सभी के सहयोग से यह लक्ष्य भी पूरा होगा। इन 07 वर्षों में जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हुई है। उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है।

### जल्द ही लाई जाएगी आईटी से जुड़ी पॉलिसी

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आईटी सेक्टर को उद्योग का दर्जा दिया गया है। गौतमबुद्ध नगर आज आईटी/आईटीईइस का ग्लोबल हब बन कर उभरा है। प्रदेश में आईटी/आईटीईएस टेस्टिंग सेंटर की स्थापना का प्रयास करें। लखनऊ में एआई सिटी की भूमि चिन्हित की जा चुकी है, इससे संबंधित पॉलिसी यथाशीघ्र लाई जाए। परियोजना पर काम तेज किया जाना चाहिए। हमें ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेनिंग के लिए भी प्रस्ताव मिले हैं, इसकी बेहतर संभावनाओं का लाभ लेने के लिए हमें यथाशीघ्र अपनी ड्रोन पॉलिसी लागू करनी चाहिए। स्टार्ट अप पंजीकरण के लिए कानपुर के साथ-साथ नोएडा में भी सुविधा कार्यालय प्रारंभ कराया जाए। परिवहन सेक्टर की बेहतरी के लिए ठोस प्रयास किये जाने चाहिए। असेवित क्षेत्रों के लिए बसों का संचालन करें। निजी क्षेत्र का भी सहयोग लिया जाना चाहिए।

### लक्ष्य प्राप्ति के लिए तेज गति जरूरी

सीएम योगी ने आगे कहा कि इन्वेस्टमेंट और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण में अनावश्यक देरी होनी चाहिए, इसके लिए जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जानी चाहिए। बीते 07 वर्षों में त्वष्क्रऔर प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से अधिक हुई। 2023-24 में राज्य के लिए अनुमानित त्वस्क्ष 23 लाख करोड़ के सापेक्ष सकल मूल्य वर्धन 23.24 लाख करोड़ रहा है। 2023-24 में ष्ट्वत्र्क्रलगभग 16 फीसदी रहा और वर्तमान वर्ष के लिए 25 फीसदी के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

### सीड इकोसिस्टम को और बेहतर बनाना होगा

उन्होंने कहा कि कृषि सेक्टर में सीड इकोसिस्टम को हमें और बेहतर बनाना होगा, इसके लिए सीड पार्क जैसे प्रयासों को बढ़ाने की जरूरत है। फसल विविधीकरण एवं बेहतर सप्लाई चेन मैनेजमेंट और बेहतर करने के लिए भी प्रयास किए जाएं। हार्टिकल्चर में पर ब्लॉक-वन क्रॉप जैसे कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

### पर्यटकों की पहली पसंद उत्तर प्रदेश

सीएम योगी ने कहा कि होटल/रेस्टोरेंट, ट्रान्सपोर्ट, संचार, प्रोफेशनल सर्विस व अन्य सेवाओं में तरक्की उत्साहजनक है। उत्तर प्रदेश, देश में पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है। वर्तमान वर्ष में अब तक 62 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ है। हमें अयोध्या, बौद्ध सर्किट और नैमिषारण्य जैसे केंद्रों को चिन्हित कर उनकी बेहतर ब्रांडिंग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थलों पर जनसुविधाएं और बेहतर की जाएं। उन्होंने कहा कि ह्रञ्ठश्व के लक्ष्य की सफलता में निजी क्षेत्र की बड़ी भूमिका है। हमें निवेशकों से संपर्क और संवाद के क्रम जारी रखना है। एमओयू को धरातल पर उतारने की जरूरत है। लैंडबैंक के विस्तार, नीतिगत सुधार और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए और बेहतर प्रयास करे।

### मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की तेज वृद्धि दर उत्साहित करने वाली है

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रान्सफार्म के मंत्र का अर्थव्यवस्था के द्वितीयक खंड सबसे अच्छा परिणाम देखने को मिला है। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की तेज वृद्धि दर उत्साहित करने वाली है। भविष्य की जरूरतों के दृष्टिगत लैंडबैंक के विस्तार, नीतिगत सुधार और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अपने प्रयासों को तेज करना होगा। अनेक निवेशक उत्तर प्रदेश में आने के लिए तैयार हैं। टेक्सटाइल पार्क, सोलर पार्क, प्लेज पार्क के अनेक प्रस्ताव मिल रहे हैं। हमें इस अनुकूल अवसर का लाभ उठाना चाहिए। औद्योगिक परियोजनाओं के लिए भूमि की आवश्यकता होगी। सभी को अतिरिक्त प्रयास करना होगा।

### लैंड पूलिंग पॉलिसी को और बेहतर किया जाना चाहिए

ग्राम समाज की भूमि औद्योगिक विकास और एमएसएमई के उपयोग में लाने की व्यवस्था की गई है। लैंड पूलिंग पॉलिसी को और बेहतर किया जाना चाहिए। ऐसी भूमि जो आवंटित है लेकिन उपयोग नहीं की जा रही है, उनका चिन्हांकन करें। उनके बारे में यथोचित निर्णय लें। सिक यूनिट की पहचान कर उनके सदुपयोग के बारे में निर्णय लें। इंडस्ट्रियल क्लस्टर की कार्ययोजना को आगे बढ़ाया जाए।

### एमओयू को धरातल पर उतारें: सीएम योगी

इन्वेस्टमेंट और भूमि अधिग्रहण से जुड़े प्रकरण लंबित नहीं रहने चाहिए। इसके लिए जिलाधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। एमओयू को धरातल पर उतारें। विभिन्न एप्रूवल की प्रक्रियाओं को समयबद्ध करना होगा, तय समय सीमा के बीतने के बाद एप्रूवल की डीम्ड मान लिया जाना चाहिए। पब्लिक ग्रीवांस सिस्टम को और लाभकारी बनाया जाने की आवश्यकता है।

## पीएफआई पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

# देश भर में 56 करोड़ रुपये की कुल 35 अचल संपत्तियां की जब्त




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत कई ट्रस्टों, कंपनियों और व्यक्तियों के नाम पर पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के स्वामित्व और नियंत्रण वाली 35.43 करोड़ रुपये की 19 अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। जानकारी के मुताबिक जांच एजेंसी ने 16 अक्टूबर को इन संपत्तियों को कुर्क किया। इससे पहले, ईडी ने 16 अप्रैल को 21.13 करोड़ रुपये मूल्य की 16 अचल संपत्तियों को भी कुर्क किया था। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) और अन्य मामले में अब तक एजेंसी की तरफ से 56.56 रुपये की कुल 35 अचल संपत्तियां कुर्क की गई हैं।

### भारत में जिहाद के माध्यम से इस्लामी आंदोलन बना रहा था पीएफआई

प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में कहा कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) भारत में एक जिहाद के माध्यम से इस्लामी आंदोलन बनाने के लिए काम कर रहा था, जिसमें अहिंसक हवाई हमले और गुरिल्ला थिएटर के अलावा क्रूरता और दमन के कई तरीके शामिल थे। संघीय एजेंसी ने एक बयान जारी कर कहा कि उसने संगठन और उससे जुड़ी संस्थाओं के खिलाफ चल रही जांच के तहत 35 करोड़ रुपये से अधिक की नई संपत्तियां कुर्क की हैं।

### पीएफआई पर क्या-क्या लगा है आरोप?

पीएफआई पर फरवरी 2020 के दिल्ली दंगों के दौरान हिंसा को भड़काने में सक्रिय रूप से शामिल होने का भी आरोप लगा है। ईडी ने आरोप लगाया है कि पीएफआई ने भारत की एकता, अखंडता और संप्रभुता को कमजोर करने और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के इरादे से महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्थानों और व्यक्तियों पर हमले करने के लिए घातक हथियार और विस्फोटक उपकरण एकत्र करके आतंकवादी गिरोह बनाने की योजना बनाई थी। संगठन पर 12 जुलाई, 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पटना यात्रा के दौरान अशांति पैदा करने कें इरादे से एक प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने और देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता के लिए खतरा पैदा करने की क्षमता वाले अपराधी साहित्य को छापने का आरोप लगाया गया है।

### ईडी और एनआईए ने देशभर में की छापेमारी




ईडी, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) और कई राज्य पुलिस बलों की तरफ से इसके पदाधिकारियों और प्रतिष्ठानों के खिलाफ देश भर में छापेमारी करने के बाद सितंबर 2022 में केंद्र ने पीएफआई पर प्रतिबंध लगा दिया था। ईडी ने आरोप लगाया कि 2006 में केरल में गठित लेकिन दिल्ली में मुख्यालय वाले पीएफआई के वास्तविक उद्देश्य इसके संविधान में बताए गए उद्देश्यों से अलग हैं। पीएफआई के वास्तविक उद्देश्यों में जिहाद के माध्यम से भारत में इस्लामी आंदोलन को अंजाम देने के लिए एक संगठन का गठन करना शामिल है, हालांकि पीएफआई खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में पेश करता है।

# भाजपा की चुनाव आयोग से मांग विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदली जाए

**भाजपा की चुनाव आयोग से मांग, विधानसभा उपचुनाव की तारीख बदली जाए**

- पार्टी का तर्क, 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व होने के कारण भारी संख्या में लोग 2 दिन पहले ही इसमें भागीदारी लेने के लिए चले जाएंगे
- आगामी 13 नवंबर यूपी की 9 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होना है, भाजपा चाहती है कि 20 नवंबर को मतदान हो

**जन एक्सप्रेस। डॉ. वैभव शर्मा**




**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में विधानसभा की 9 सीटों पर उपचुनाव की तारीख में बदलाव चाहती है। उसे लगता है कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर्व के चलते 13 नवंबर को बड़ी संख्या में लोग मतदान नहीं कर सकेंगे। इसलिए पार्टी ने चुनाव आयोग से गुजारिश की है कि मतदान की तारीख 20 नवंबर कर दी जाए। आगामी 13 नवंबर यूपी की 9 सीटों पर विधानसभा उपचुनाव होना है। बीजेपी चुनाव को एक सप्ताह आगे बढ़ना चाहती है। बीजेपी की मंशा है कि 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को वोटिंग कराई जाए। जिसके लिए भारतीय जनता पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में कई जिलों का जिक्र करते हुए बताया गया है कि 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा स्नान का पर्व होने के कारण भारी संख्या में लोग 2 दिन पहले ही इसमें भागीदारी लेने के लिए चले जाएंगे। ऐसे में बड़ी संख्या में मतदाता वोट देने से वंचित होंगे।

### इन सीटों पर होना है उपचुनाव

वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटें खाली हैं। इनमें से मैनपुरी की करहल, अलीगढ़ की खैर, बिजनौर के मीरापुर, प्रयागराज के फूलपुर, गाजियाबाद की गाजियाबाद, मिर्जापुर की मझवा, अंबेडकर नगर की कटेहरी, संभल की कुंदरकी और कानपुर की सीसामऊ सीट पर 13 नवंबर को मतदान होना है।

# मनी लॉन्ड्रिंग केस में सत्येंद्र जैन को जमानत

## दिल्ली कोर्ट ने कहा, ट्रायल जल्द खत्म होने के आसार नहीं, मई 2022 में गिरफ्तार हुए थे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को शुक्रवार को दिल्ली की अदालत ने जमानत दे दी है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा- अभी ट्रायल के जल्द खत्म होने के आसार नहीं हैं। ईडी ने 24 अगस्त 2017 को सीबीआई की तरफ से दर्ज की गई एफआईआर को आधार बनाकर जैन के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच शुरू की थी। ईडी ने आरोप लगाया था कि सत्येंद्र ने उनसे जुड़ी 4 कंपनियों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग की। ईडी का आरोप था कि जैन ने इन फर्जी कंपनियों के जरिए आए पैसे का इस्तेमाल 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच कई लोगों के नाम पर चल संपत्तियां खरीदने में किया। इसके अलावा दिल्ली और उसके आसपास कृषि भूमि की खरीद के लिए लोन अदायगी में किया था। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि मामले में सत्येंद्र से पूछताछ की गई थी। जिसमें वे संतोषजनक हिसाब नहीं दे सके थे। सत्येंद्र के अलावा पूनम जैन, अजित प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद सत्येंद्र को गिरफ्तार किया गया था।

### सत्येंद्र जैन की रिहाई पर किसने क्या कहा?

सत्येंद्र जैन को भी दो साल से ज्यादा जेल में रहने के बाद बेल मिल गई। इनका कसूर क्या था? इनके यहां कई कई बार रेड हुई। एक पैसा भी नहीं मिला। इनका कसूर सिर्फ इतना था कि इन्होंने मोहल्ला क्लिनिक बनाए। इनमें गरीबों का फ्री इलाज रोकने के लिए मोदी जी ने इन्हें जेल में डाल दिया। लेकिन भगवान हमारे साथ है। आज ये भी रिहा हो गए।
-अरविंद केजरीवाल

873 दिन का लंबा संघर्ष, मोदी की यातनाओं की सारी कोशिश भी सत्येंद्र के हौसले को नहीं तोड़ पाई। ये आम आदमी के नेता है, इन पर झूठे मुकदमे चला सकते हो, लाठियां बरसा सकते हो, जेल में डाल सकते हो मगर इनके हौसले नहीं तोड़ सकते।
-संजय सिंह

# कुछ खतरनाक ताकतें भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक बार फिर लोगों को आगाह किया। उन्होंने कहा कि कुछ खतरनाक ताकतें भारत को बदनाम करने की कोशिश कर रही हैं। वे भारत का खराब रंग सबको दिखाना चाहती हैं। ऐसे प्रयासों को बेअसर करने के लिए जवाबी हमला जरूरी है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के स्थापना दिवस समारोह में उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि इन खतरनाक ताकतों को मानवाधिकार पर उपदेश और व्याख्यान देना तक पसंद नहीं है। उन्होंने कहा कि देश का बंटवारा, आपात काल और 1984 के सिख दंगे कुछ ऐसी घटनाएं हैं जो स्वतंत्रता की नाजुकता की याद दिलाती हैं। धनखड़ ने कहा कि कुछ खतरनाक ताकतें हैं, जो गलत तरीके से हमें कलंकित करना चाहती हैं। इन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों के जरिये हमारे मानवाधिकार रिकॉर्ड पर सवाल उठाने के लिए भी योजना बनाकर रखी है। ऐसी ताकतों को बेअसर करने की जरूरत है। यह भारत में फिट होने के लिए जवाबी हमले और प्रतिघात करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी ताकतों ने सूचकांकों और रैंक के जरिये दुनिया को भारत का खराब रंग दिखाने की कोशिश की है।

# पीएम मोदी अगले हफ्ते करेंगे रूस का दौरा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22-23 अक्तूबर को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए रूस का दौरा करेंगे। बता दें कि इस बार ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन रूस के कजान में किया जा रहा है। इस दौरे के दौरान पीएम मोदी ब्रिक्स सदस्यीय देशों के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। पीएम मोदी इससे पहले जुलाई में भी रूस का दौरा कर चुके हैं। आठ जुलाई को पीएम मोदी ने रूस का दौरा किया था। वह राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन को आयोजित करने के लिए रूस पहुंचे थे। इस दौरान पीएम मोदी ने पुतिन के साथ वार्ता की, जिसके दौरान व्यापार और रक्षा सौदों सहित द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई।

### चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी लेंगे हिस्सा

रूस के कजान में आयोजित इस सम्मेलन में पीएम मोदी के अलावा चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी हिस्सा लेंगे। लगभग एक साल बाद पहली बार ऐसा होगा कि पीएम मोदी और जिनपिंग एक साथ एक मंच पर होंगे। इससे पहले दोनों नेताओं की मुलाकात अगस्त 2023 में दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान ही हुई थी। ब्रिक्स की इस बैठक में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजेशकियान और फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास भी होंगे। रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने के लिए भारत की तरफ से दिए गए शांति सहयोग प्रस्ताव पर रूसी कूटनीतिक सूत्रों ने कहा कि रूस ऐसे सभी प्रयासों का सम्मान करता है। लेकिन यूक्रेन अपनी शांति समझौता शर्तों पर ही बात करना चाहता है। ऐसे में फिलहाल न तो रूस साथ बैठने की स्थिति में है और न यूक्रेन इसके लिए राजी है।

**रिपोर्ट** 54 अपराधियों को सुनाई गई मृत्युदंड की सजा, महिला एवं किशोरियों के खिलाफ अपराधों में सर्वाधिक मृत्युदंड

# जीरो टॉलरेंस: साढ़े सात साल में 80 हजार से अधिक अपराधियों को मिली गुनाहों की सजा

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

- बिना गोली और हथियार के यूपी पुलिस का अभियोजन निदेशालय अपराधियों को कर रहा ढेर
- एनकाउंटर के दौरान ही नहीं, न्यायालय में भी यूपी पुलिस और अभियोजन निदेशालय अपराधियों से ले रही लोहा

योगी सरकार प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों की कमर तोड़ रही है। यूपी पुलिस जहां एक तरफ सीधा मुकाबला करते हुए अबतक 210 बदमाशों को ढेर कर चुकी है, वहीं एक बहुत बड़ी संख्या ऐसे अपराधियों की भी है, जिन्हें न्यायालय में पुलिस की प्रभावी पैरवी से बेदम कर दिया गया है। यूपी पुलिस का अभियोजन निदेशालय इसमें अहम रोल अदा कर रहा है। पिछली सरकारों में जहां अभियोजन निदेशालय हाशिये पर रहता था, वहीं योगी सरकार ने इसे खास तरजीह दी है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में अभियोजन निदेशालय की प्रभावी पैरवी से पिछले साढ़े सात वर्षों में 80 हजार से अधिक अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा मिल चुकी है।




### पिछले साढ़े सात साल में 81,196 से अधिक अपराधियों को दिलायी गयी सजा

अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पिछले साढ़े सात साल में 81,196 से अधिक अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये सजा दिलायी गयी है। इनमें 29,196 अपराधियों में से 54 को मृत्युदंड, 3125 अपराधियों को आजीवन कारावास, 9,076 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 16,941 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है। इसके अलावा पिछले 16 माह में ऑपरेशन कन्वेशन के तहत पुलिस और अभियोजन विभाग की ओर से अब तक 52,000 से अधिक अपराधियों को सजा दिलायी जा चुकी है। महिला संबंधी अपराधों में क्रमशः महिलाओं के खिलाफ लैंगिक, बलात्कार, गंभीर अपराध, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य अपराध के मामलों में अगस्त-24 तक 28,700 अपराधियों को सजा दिलायी जा चुकी है। इनमें केवल महिलाओं के खिलाफ लैंगिक, बलात्कार, गंभीर अपराध समेत अन्य अपराध में 16,565 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है। इन मामलों में 9 अपराधियों को मृत्युदंड, 1,720 को आजीवन कारावास, 4,443 को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 10,393 को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है।

### पॉक्सो एक्ट में 12,135 और प्रदेश के दुर्दांत/टॉप 10 कैटेगरी के 496 अपराधियों को दिलायी सजा

एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि पॉक्सो एक्ट के तहत अगस्त-24 तक 12,135 अपराधियों को गुनाहों की सजा दिलायी गयी है। इनमें 44 अपराधियों को मृत्युदंड, 1,354 अपराधियों को आजीवन कारावास, 4,599 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 6,138 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है। इसी तरह अगस्त-24 तक प्रदेश के दुर्दांत और टॉप 10 कैटेगरी के 496 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है। इनमें एक अपराधी को मृत्युदंड, 51 अपराधियों को आजीवन कारावास, 34 अपराधियों को 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 410 अपराधियों को 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी गयी है। वहीं प्रदेश के 69 चिह्नित माफिया अपराधियों एवं उनके गिरोह के खिलाफ 25 मार्च 2022 से 31 अगस्त-24 तक कुल 42 मामलों में 29 अपराधियों को सजा दिलायी गयी है। इनमें एक मामले में मृत्युदंड, 5 मामलों में आजीवन कारावास, 7 मामलों में 10 वर्ष से अधिक के कारावास और 29 मामलों में 10 वर्ष से कम के कारावास की सजा दिलायी है।

# समस्त वैश्विक समस्याओं का समाधान है तुलसीदास के साहित्य : कुलपति

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय एवं व्यंजना आर्ट एण्ड कल्चर सोसाइटी के संयुक्त तत्त्वावधान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय अंतरविषयी संगोष्ठी गोस्वामी तुलसीदास सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं सामाजिक परिप्रेक्ष्य विषय पर आयोजित किया गया। गोस्वामी तुलसीदास को महर्षि वाल्मीकि का अवतार माना जाता है। साथ ही स्वामी रामभद्राचार्य महाराज को गोस्वामी तुलसीदास का अवतार माना जाता है। संगोष्ठी का शुभारंभ जगद्गुरु पद्मविभूषण रामभद्राचार्य महाराज ने किया। आयोजन की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर पाण्डेय ने की। व्यंजना संस्था के कलाकारों शाम्भवी शुक्ला, अभिलाषा भारद्वाज, विशाखा कौशिक, कीर्ति चैधरी, रंजना पाल, आरती श्रीवास्तव, प्रज्ञा पाल, शुभम पटवा (तबला), सूरज कुशवाहा (हारमोनियम), अजीत शर्मा (ढोलक) द्वारा रामलला नहछु की प्रस्तुति हुई। व्यंजना संस्था की सचिव डॉ मधु रानी शुक्ला ने कहा कि राम के अनन्य भक्त तुलसीदास रचना रामलला नहछू सुनकर मन गदगद हो गया। भारतीय भाषाओं में अवधी भाषा बहुत सुंदर है। जगद्गुरू रामभद्राचार्य ने गोस्वामी तुलसीदास की रचना जानकी मंगल पाठ गाकर सुनाया व मंगल भवन अमंगल हारी के गायन से उद्घाटन सत्र का समापन किया। संचालन पं बिरजू महाराज, कथक संस्थान के सदस्य डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया।

तकनीकी अंतर्राष्ट्रीय सत्र में जापान से जुड़ी प्रो. हिरोको नागासाकि ने तुलसीदास का छंद विधान विषय पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होनें 5 मुख्य बिन्दु प्रस्तुत किए जो 110 एवं 111 संस्करण पर विशेष रूप से एकाग्र था। इसके बाद नेपाल से जुड़ीं डॉ रूप नेऊपने ने सरोद वादन के जरिए रघुपति राघव




राजा राम की प्रस्तुति की। जापान से जुड़ीं डॉ तोमोका मुशिगा ने ठुमक चालत रामचन्द्र की अद्भुत संगीतमयी प्रस्तुति दी। साथ ही अंत में अमेरिका से जुड़ीं डॉ विजयश्री शर्मा ने राग पूरिया धानश्री और राग भैरव राम जपु राम जपु, राम जपु बाँवरे, उज्बेकिस्तान से जुड़े डॉ मनीष मिश्र ने तुलसीदास के पदों के साहित्यिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए सत्र का संचालन किया। सत्र की अध्यक्षता ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के संगीत विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो लावण्य कीर्ति सिंह काब्या ने कहा कि हमें तुलसीदास को एवं उनकी रचनाओं को दोहराना आवश्यक है, अपनी लोक भाषा एवं संस्कृति से जुड़े रहने से ही हम उन्हें बचा पाएंगे। साथ ही सोहर की धुनों से भी सभागार गुंजित किया। इसी प्रकार अगले साहित्यिक सत्र की अध्यक्षता डॉ किरण त्रिपाठी ने की व वक्ताओं डॉ हरिकांत मिश्र, डॉ सतेन्द्र शुक्ल, डॉ अरुणा त्रिपाठी, डॉ सुजीत सिंह, डॉ सुधीर कुमार त्रिपाठी, डॉ नितेश उपाध्याय, आद्या मिश्रा, प्रेम सागर ने शोध पत्र का वाचन किया। सत्र का संचालन डॉ प्रमिला मिश्रा ने किया। अयोध्या से प्रो सुनीता द्विवेदी ने सत्र की अध्यक्षता की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डॉ दीप्ति विष्णु ने वाल्मीकि व तुलसी के श्रीराम एवं श्रीराम स्तुति पर नृत्य प्रस्तुति दी। सत्र का संचालन डॉ इंदु शर्मा ने किया। साथ ही हिन्दी फिल्मों में तुलसीदास विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। द्वितीय दिवस के सांस्कृतिक सत्र में गायन प्रस्तुति बालुकाबेला, सत्यम मिश्र, शक्ति सोनी, नन्दलाल यादव एवं कृष्ण कुमार तिवारी ने दी। समापन सत्र पद्मश्री से सम्मानित प्रख्यात ध्रुपद गायक पंडित ऋत्विक सानयाल ने तुलसीदास के पदों की प्रस्तुति की। पखावज पर संगत आदित्य दीप ने की। समापन सत्र में कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने भविष्य में ऐसे आयोजन को आयोजित करने के लिए विश्वविद्यालय के अपने विभागों को प्रेरित करते हुए विश्वविद्यालय की ओर से सभी प्रकार के सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। आयोजन सचिव डॉ गोपाल कुमार मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

# आवास के नाम पर पैसा मांगने की दें सूचना, होगी सख्त कार्यवाही : सीडीओ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को विकासखंड मानिकपुर के ग्राम पंचायत देवकली में गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अंतर्गत जन चैपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि अगर आप लोग प्रधानमंत्री आवास के पात्र हैं तो आपको आवास अवश्य मिलेगा। सचिव गांव का सर्वे करेगा, अगर पात्र के पास वास्तव में घर नहीं है तो आवास मिलेगा। कोई व्यक्ति अगर आवास दिलाने पर पैसे की मांगता है तो सूचना दें, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं, बच्चों के पोषण पर ध्यान दें। विद्यालयों में आयरन की गोली, फल तथा दूध भी दिया जाता है। इन सबका लाभ लें, अगर कोई समस्या हो तो अवगत कराया जाए, निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य विभाग में निःशुल्क एंबुलेंस की व्यवस्था है। इसके अलावा फ्री में दवाई भी




उपलब्ध कराई जा रही है। जागरूक नागरिक की तरह अपने बच्चों को पढाएं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में किताब, कपड़ा, मोजा, जूता, खाना निःशुल्क मिल रहा है। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बाल विकास परियोजना मानिकपुर द्वारा आंगनबाडी कार्यकत्रियों के माध्यम से रीता देवी, अन्नू की गोद भराई तथा मानस व सनी को अन्नप्राशन कराया गया। साथ ही गांव का भ्रमणकर समस्याओं का जायजा लिया।

इसके पूर्व सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम स्थल पर मुख्य विकास अधिकारी पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने किया।

इस मौके पर डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चंद्र, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर शैलेन्द्र सिंह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत मोहनलाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# भरतकूप क्षेत्र में अन्ना गौवंश की समस्या से किसानों को दिलाया जाए छुटकारा : जगदीश गौतम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अन्ना मवेशियों से परेशान आधा दर्जन गांव के किसानों ने शुक्रवार को भाजपा नेता जगदीश गौतम के नेतृत्व में जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। साथ ही धरना देकर समस्या निराकरण की मांग की। सदर तहसील क्षेत्र के सुदिनपुर, रौली कल्याणपुर, लूक, भटौरा, अमिलिहा, कोरारी, धौरही समेत अन्य कई गांव के तमाम किसान जिला मुख्यालय स्थिति कलेक्टरेट परिसर में एकत्र हुए। भाजपा नेता जगदीश गौतम ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार अन्ना गौवंश के संरक्षण के लिए भरपूर धनराशि खर्च कर रही है। इसके बावजूद कुछ अधिकारी और कर्मचारी इस कार्य में लापरवाही कर रहे हैं। ऐसे में अन्ना गौवंश के कारण क्षेत्रीय किसानों की फसलें चैपट हो रही हैं। कुछ स्थानों पर तो अन्ना गौवंश को फिर से बाहर निकालने के दौरान गौवंश के हमले में घायल भी हो चुके हैं। इसके चलते किसानों की



लगभग 4000 बीघे जमीन परती पडी है। क्षेत्र में देशी गाएं अन्ना कर दी गयी हैं। लम्बे समय से अन्ना रहने के कारण अब यह गौवंश जंगली प्रवृत्ति के हो चुके हैं। ऐसे में वन विभाग के जरिए इन गौवंश को पकड़कर किसान अन्य स्थान पर संरक्षित कराया जाए। किसानों के धरने पर बैठने की सूचना मिलने पर कलेक्टरेट पहुंचे पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय और अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने किसानों को समस्याओं का निराकरण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर रौली निवासी फूलचन्द्र द्विवेदी, अवधेश कुमार, कृष्ण कुमार जौहरी, शिवशंकर, रमाकान्त आदि मौजूद रहे।

# जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाता है गुरू का ज्ञान : त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

कथा व्यास गायत्री शक्तिपीठ के विद्वान आचार्य डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने सारगर्भित, सामाजिक, व्यवहारिक, दार्शनिक के साथ वैज्ञानिक विवेचनों से कथा की सार्थकता सिद्ध करते हुये राष्ट्र के उन्नयन की अद्भुत प्रेरणा दी। विश्राम दिवस की कथा में अनेक कथाओं के साथ सुदामा चरित्र में मनुष्य की श्रेष्ठता सुदामा के समान कामना रहित होकर भगवान का स्मरण करें तो भगवान अपनी भगवत्ता को छोड़ कृपा कर अपने जैसा बनाते हैं। भगवान जीव के सच्चे मित्र हैं, समझने की बात है सुदामा ने यह समझ लिया था। नौ योगिश्वरो के संवाद द्वारा भागवत धर्म सनातन के महत्वपूर्ण सिद्धांत समझाये दत्ता त्रेय और महराज यदु के संवाद से गुरु तत्व दर्शन में कहा कि जीवन में जिसका ज्ञान हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाए वह गुरु और जो जीवन को अध्यात्मिक बनाये वह सद्गुरु होता है। कलयुग के राजवन्सों की चर्चा करते हुए कहा कि जब राजा केवल भारवाही हों जाएंगे, लोकहित उनके जीवन में नहीं रह जायेगा तब भगवान कल्कि का अवतार होगा।

संभल क्षेत्र मथुरा के आसपास ब्राह्मण परिवार में विष्णु के समान यशस्वी पिता के घर में जब एक राशि पर सूर्य चंद्र बृहस्पति होंगे तब सतयुग का आगमन होगा। यह घटना 1911 में घट चुकी सतयुग का शुभारम्भ हों चूका। 2050 का महान भारत हम सब देखेंगे। अवतार लीला का यह अवतरण गायत्री परिवार के प्रज्ञा प्रसार के रूप में देखा जा सकता है। आज भगवान के अवतार ज्ञान विस्तार के रूप में होना चाहिए। यही वर्णन कल्कि पुराण भविष्य पुराण आदि में वर्णित है। अंत में परीक्षित को आत्मबोध कराकर मृत्यु भय से मुक्ति दिलाई। इस मौके पर पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, सुरेश मिश्र, प्रतीक मिश्र, इंजी अविनाश मिश्र, डॉ विकास मिश्र, विभाग प्रचारक मनोज, जिला कार्यवाह अतुल सिंह, राजकुमार, जोन समन्वयक गायत्री परिवार रामशंकर द्विवेदी, रामशरण शास्त्री, बृजेश त्रिपाठी, झूंनू चैबे, अरुण सिंह, हेमराज चैबे, पंकज अग्रवाल, केशव शिवहरे, आनंद शुक्ल, जगदीश गौतम, संतोष मिश्रा, चंद्र प्रकाश खरे, हरिओम करवरिया, शैलेन्द्र पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

चकमाली गांव स्थित बरमबाबा देवस्थान में श्रीमद्भागवत सप्ताह का आयोजन किया गया। श्रीमद् भागवत सप्ताह का आयोजन 23 अक्टूबर तक किया जाएगा। कथा के मुख्य यजमान विरक्त राम औतार है। साथ ही कथा व्यास आचार्य गणेश महाराज हैं। श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ कथा व्यास गणेश महाराज के नेतृत्व में बरमबाबा चकमाली से मां पयस्विनी पुलघाट तक शोभायात्रा निकाली गई। कलश स्थापना के बाद प्रभु नाम संकीर्तन के साथ संगीतमय कथा प्रारम्भ हुई। इस मौके पर आयोजक प्रकाश चन्द्र केसरवानी, विश्व हिन्दू परिषद की मातृशक्ति संयोजिका संजुला पाण्डेय आदि मौजूद रहे।



# डीएम ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक व निर्माणाधीन तहसील का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**

50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने यूपी प्राजेक्ट्स कारपोरेशन लि. की निर्माण इकाई-12, झाँसी द्वारा जालौन के राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक और निर्माणाधीन तहसील का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक में बीम तिरछा होने पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और मानकों के अनुसार ही निर्माण कार्य कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मानक विहीन निर्माण करने वाले कार्यदायी संस्थाओं और ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने इस परियोजना का बारीकी से निरीक्षण



करते हुए निर्माणाधीन तहसील में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि ईंटों की गुणवत्ता खराब थी, जिसे तत्काल प्रभाव से बदलने के निर्देश दिए। साथ ही ईंटों का सैंपल लिया गया जिसे परीक्षण हेतु लैब भेजने हेतु निर्देशित किया। पाण्डेय ने कहा कि मानक विहीन निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी कार्य गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हों। राजकीय मेडिकल कॉलेज के 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक का निर्माण कार्य जी+2 मंजिला है। इसमें भूतल पर कुल 08 बेड्स हैं, जिसमें आइसोलेशन रूम (02 बेड्स), इमरजेंसी (04 बेड्स) और मेटरनिटी (02 बेड्स) शामिल हैं। प्रथम तल पर कुल 26 बेड्स हैं, जिसमें आइसोलेशन वार्ड (24 बेड्स) और डायलिसिस (02 बेड्स) की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, द्वितीय तल पर आईसीयू/एचडीयू के लिए 16 बेड्स का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें 02 पीडियाट्रिक बेड भी शामिल हैं। परियोजना में वेट राइजर, स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम, और अन्य बाहरी विकास कार्य जैसे कि यूजी टैंक, आरसीसी रोड, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, बाह्य सीवर लाइन, सेप्टिक टैंक, और रेन वाटर हार्वेस्टिंग शामिल हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाए।

निरीक्षण के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, निर्माण इकाई-12, झाँसी के परियोजना प्रबन्धक इं0 शैलेष कुमार सिंह, सहायक परियोजना प्रबन्धक इं0 मनीष वर्मा एवं अवर अभियन्ता शिंका द्विवेदी उपस्थित रहें।

# पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान अधिकारी कर्मचारियों का टर्न आउट चेक किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। परेड ग्राउंड में आर्मोरर द्वारा दंगा नियंत्रण शस्त्रों का खोलने, जोडने व हैन्डलिंग की जानकारी दी गयी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही पुलिस लाइन्स परिसर का भ्रमण कर आरक्षी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय का निरीक्षण किया। क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली गयी। पुलिस अधीक्षक ने आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया।

# शरदोत्सव के दूसरे दिन सुप्रसिद्ध साधो द बैण्ड मुम्बई द्वारा भक्ति गायन एवं भक्तिमति शबरी लीला नाट्य की प्रस्तुति रही आकर्षण का केन्द्र

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

दीनदयाल शोध संस्थान व जिला प्रशासन के सहयोग से संस्कृति संचालनालय मध्य प्रदेश द्वारा भारत रत्न नानाजी देशमुख के जन्मदिवस शरद पूर्णिमा के अवसर पर चित्रकूट में पारम्परिक नृत्य एवं गायिकी केन्द्रित तीन दिवसीय शरदोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या पर सुप्रसिद्ध साधो द बैण्ड मुम्बई द्वारा भक्ति गायन एवं भक्तिमती शबरी लीला नाट्य की प्रस्तुति ने दीनदयाल परिसर में मौजूद दर्शकों का मनोरंजन किया।

शरदोत्सव के दूसरे दिन रामायणी कुटी के महंत राम हृदय दास महाराज, जानकी महल आश्रम के महंत सीताशरण दास महाराज, सनकादिक महाराज, गोविन्द दास महाराज, बलराम दास महाराज, मध्य प्रदेश सरकार की नगरीय निकाय एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक डॉ बी के जैन, मध्य प्रदेश आजीविका मिशन के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय सराफ, बांदा कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ नरेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी



चित्रकूट डॉ भूपेश द्विवेदी, व्यापार मंडल महोबा के अध्यक्ष भागीरथ नगाइच, कटनी के उद्योगपति राजा सरावगी, एसडीएम चित्रकूट जितेंद्र वर्मा, पूर्व एसडीओपी पन्ना लाल अवस्थी, नगर पंचायत चित्रकूट की अध्यक्ष साधना पटेल, दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। मध्य प्रदेश सरकार की नगरीय निकाय एवं आवास राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी ने कहा कि वैभव को त्यागकर समाज को प्रेरणा देने का काम नानाजी देशमुख ने किया है। समाज और देश की सेवा करने वाले व्यक्ति पूज्य हो जाते हैं। नानाजी ने अपने कार्यों से देश के सामने अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। नानाजी का अटूट प्रेम स्नेह इस क्षेत्र को मिला है। उन्होंने संस्कृति, परंपरा और मानव सेवा का पाठ हम सबको पढाया है। रामायणी कुटी के महंत राम हृदय दास महाराज ने कहा कि शरदपूर्णिमा के अवसर पर चित्रकूटधाम में शरदोत्सव मनाने की अनुपम छटा है। उन्होंने सत्ता और पद को ठुकराते हुए समाज जीवन में कुछ करने एवं पं दीनदयाल के विचारों को प्रासंगिक रूप देने तथा देश में एक अभिनव काम नानाजी ने करके दिखाया है। उनके अनुयायी लोग आज भी नानाजी के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति विभाग के विनोद गूजर द्वारा किया किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सविता दाहिया सतना के निर्देशन में लीला नाट्य भक्ति मति शबरी की प्रस्तुति दी गई।

# पुलिस ने पकड़ी 99 पड़वे व भैसों से लदी डीसीएम, पांच को लिया हिरासत में

**जन एक्सप्रेस । उरई**

एट थाना क्षेत्र के ग्राम खारुसा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे ओवर ब्रिज के पास पड़े भैंसों से लदी डीसीएम को पकड़ लिया।

बल्कि मौके से पांच व्यापारियों को भी हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ की जा रही है।

एट थाना क्षेत्र के ग्राम खारुसा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे किलोमीटर 180.6 पर बने ओवर ब्रिज के पास 112 की सूचना पर पुलिस ने पड़वे व भैंसों से लदे कंटेनर को पकड़ लिया। जबकि पुलिस ने मौके से चालक बडेलाल निवासी वृन्दावन थाना उचका गाँव जिला गोपालगंज विहार, परवेज निवासी रैवा, नईम निवासी सिक्की सराय, शोहिल निवासी नालबन्द चौराहा सद्दाम जिला फिरोजावाद सहित पांच लोगों को हिरासत में ले



लिया। व्यापारी से पूछताछ की तो बताया की वह महोबा से आगरा ले जा रहे थे। जिस पर पुलिस ने व्यापारियों से कागज मांगे तो उन्होंने दिखाने से मना कर दिया। वहीं 112 को कॉल करने वाले अभिषेक द्विवेदी निवासी लबरसी थाना मूसानगर कानपुर देहात की तहरीर पर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार ने बताया कि डीसीएम में करीब 99 पड़े भैसे भरे हुए थे। तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर पूरे मामले की हर पहलू पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# कृषि अधिकारी ने पकड़ी अवैध खाद, कराई रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन में कृषि विभाग ने अवैध तरीके से बेची जा रही उर्वरक खाद को लेकर अभियान चलाया। जिसमें कृषि विभाग की टीम ने मध्य प्रदेश में खाद की सप्लाई करने वालों पर देर रात बड़ी कार्रवाई की है। चेकिंग टीम को ट्रैक्टर-ट्राली से दर्जनों बोरी खाद और यूरिया बरामद हुई। जिसके बाद संबंधित ट्रेडर्स के संचालक के खिलाफ माधौगढ़ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

आपको बता दे आगामी रबी फसल को लेकर जनपद के किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध रहे साथ ही खाद की कालाबाजारी न हो इसके लिए कृषि विभाग ने जिले के सभी ब्लॉक में टीमें तैयार कर दी।

इसी कड़ी में कृषि विभाग ने गुरुवार रात को कार्रवाई की। जिसमें एक



ट्रैक्टर ट्राली से 16 बोरी डीएपी और 25 बोरी यूरिया बरामद की। यह खाद मध्य प्रदेश में अवैध तरीके से सप्लाई की जा रही थी।

देर रात कृषि अधिकारी गौरव यादव और अपर कृषि अधिकारी पुष्कर दीक्षित की टीम को सूचना मिली कि उक्त ट्रेडर्स अवैध सप्लाई कर रहे हैं।सूचना के आधार पर टीम ने मध्य प्रदेश बॉर्डर से एक ट्रैक्टर ट्राली पकड़ी, जिसमें खाद और यूरिया लदा हुआ था। इस दौरान चालक प्रमोद कुमार को भी पकड़ा गया, जो खाद को ले जा रहा था।

जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि किसानों को बुवाई के दौरान खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए टीमों का गठन किया गया है।

माधौगढ़ तहसील के गोपालपुरा में गेडा ट्रेडर्स के संचालक उमाशंकर गुप्ता के खिलाफ यह कार्रवाई की गई, जो केवल जिले के लिए लाइसेंसधारी था, लेकिन खाद को मध्य प्रदेश भेज रहा था। जरूरत से ज्यादा खाद पकड़ी गई तो कार्रवाई की गई हैं। इस मामले में आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत माधौगढ़ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वही मामले में जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में खाद की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी ट्रेडर्स या समिति द्वारा जरूरत से ज्यादा खाद पकड़ी गई तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रहा पुलिस प्रशासन

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जुमे की नमाज के बाद विरोध की आशंका के चलते शुक्रवार को जिले भर में पुलिस और प्रशासन सतर्क रहा। मस्जिदों के पास पुलिस को तैनात करने के साथ ही एसपी भी भ्रमणशील बने रहे। नमाजी नमाज अदा करने के बाद शांतिपूर्वक घरों को लौट गए।

बता दे कि बहराइच घटना को लेकर जिले में विरोध प्रदर्शन के अंदेशे में पुलिस लगातार सतर्क है। इतना ही नहीं बल्कि धर्मगुरुओं से अफसर वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील कर चुके हैं। इसके बाद भी शुक्रवार को नमाज के बाद विरोध प्रदर्शन की आशंका के चलते पुलिस को तैनात किया गया था। इससे कहीं



भी विरोध प्रदर्शन न हो सके। इतना ही नहीं बल्कि एसपी डॉ दुर्गेश कुमार स्वयं ही कालपी की खानकाह मस्जिद पहुंचे जहाँ उन्होंने ड्यूटी पर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को भी परखा। इसके अलावा जिले की सभी मस्जिदों के आसपास व बाजार पर भी पुलिस की निगाह बनी रही। नमाज अदा होने के बाद नमाजी शांति पूर्ण ढंग से घर चले गए। इसके बाद ही फोर्स को वहां से हटाया गया।



### प्रदूषण बढ़ने के साथ यमुना भी दूषित छठ...

राजधानी में छठ पूजा से पहले यमुना नदी का हाल बेहाल है। जहरीली झाग नदी में दिखाई देने लगी है। ताजा वीडियो कालिंदी कुंज से सामने आया है। यहां यमुना नदी के पानी के ऊपर सिर्फ झाग ही दिख रहा है। दिल्ली बढ़ते वायु प्रदूषण से जूझ रही है। पढ़ें पेज 12 पर...

# पहले एनकाउंटर और अब घर पर बुलडोजर, 30 घरों पर चलेगा पीला पंजा!

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ/बहराइच**

बहराइच स्थित महसी तहसील क्षेत्र के महाराजगंज कस्बे में हुई हिंसा के मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद के घर पर जल्द ही योगी सरकार का बुल्डोजर चलने जा रहा है। शुक्रवार की शाम लोकनिर्माण विभाग द्वारा इनके घर पर अतिक्रमण को लेकर नोटिस चस्पा की गई है। यदि तीन दिनों में इनके द्वारा इसका जवाब न दिया गया तो पूरे घर को ध्वस्तीकरण करने की कार्रवाई होगी। इसके साथ ही यहां के करीब 30 घरों पर यह नोटिस चस्पा हो रही है। ऐसे में इन सभी के खिलाफ बुल्डोजर एक्शन होना तय माना जा रहा है। यह सभी इस हिंसा में शामिल आरोपियों के ही घर बताए जा रहे है। वहीं इस मामले में लापरवाही मिलने पर एएसपी को भी हटाने की तैयारी है। जबकि तहसीलदार को डीएम कार्यालय अटैच कर दिया गया है। शुक्रवार की शाम पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड की टीम ने महाराजगंज गांव में हिंसा के नामजद आरोपी अब्दुल हमीद सहित करीब 30 घरों की नापजोख की है। उनके अवैध होने व अतिक्रमण हटाने का नोटिस भी चस्पा की गई है। सूत्रों के अनुसार औपचारिकताएं पूरी कर शीघ्र इन पर बुलडोजर की कार्यवाही की जा सकती है। सूत्रों का यह भी कहना है कि सबसे पहले कार्यवाही अब्दुल हमीद के घर पर हो सकती है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि नापजोख हुई है, जो अधिकारी नाप जोख करने आए थे उनका कहना था कि सड़क किनारे बने अब्दुल हमीद सहित काफी सारे मकान इस तरह अवैध बने हैं कि उनके कारण कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है, इन मकानों को गिराने की बात भी की जा रही थी। बता दें कि अब्दुल हमीद वही नामजद आरोपी है जिसके घर में रामगोपाल मिश्र की गोली मारकर हत्या की गई है।



### बोली डीएम, हटना है अतिक्रमण

"महाराजगंज कस्बे में सड़क का चौड़ीकरण होना है, उसके चलते अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जानी। इसके लिए लोकनिर्माण विभाग व तहसील प्रशासन के स्तर पर काम किया जा रहा है। हिंसा प्रभावित इलाके में जो भी नुकसान हुआ है उसका भी टीमें आंकलन कर रही है। जो भी दोषी है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।
–मोनिका रानी, डीएम

### एएसपी पर भी गिरेगी गाज, तहसीलदार हटे

महराजगंज हिंसा के दौरान जब बहराइच में प्रदेश के एडीजी लाइन ऑर्डर व एसटीएफी यूपी के चीफ अमिताभ एस पहुंचे थे तो उनको ड्यूटी के दौरान एक एएसपी लापरवाही करते मिले थे। पुलिस विभाग से जुड़े विश्वस सूत्र बताते है कि इन एएसपी के बारे में शासन को रिपोर्ट उच्चाधिकारियों ने भेजी है जिससे इन पर कार्रवाई हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जहां हिंसा हो रही थी वहां पर मामले को संभालने के बजाय एएसपी पुलिस फोर्स लेकर काफी दूर खड़े थे। इसके बाद एसटीएफ चीफ ने पहुंचकर वहां मामला संभाला था। बता दें कि इसी मामले में लापरवाही पर सीओ रूपेंद्र गौड़ को शासन स्तर से निलंबित किया जा चुका है। वहीं महसी तहसीलदार रविकांत द्विवेदी को भी लापरवाही के चलते वहां से हटाकर डीएम कार्यालय अटैच कर दिया गया है। इसके अलावा अन्य कई लापरवाह अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ भी जल्द ही शासन स्तर से बड़ी कार्रवाई होने की बात कही जा रही है।

### सड़क चौड़ीकरण के लिए हटेगा अतिक्रमण

लोकनिर्माण विभाग प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि महसी की तरफ जाने वाला मुख्य मार्ग महाराजगंज कस्बे से निकला हुआ है। इस मार्ग का चौड़ीकरण कराया जाना है। ऐसे में 50 मीटर के दायरे में जो भी अवैध निर्माण है उसको हटाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए नाप-जोख की प्रक्रिया काफी पहले की जा चुकी है। बताया कि जिन लोगों ने अवैध निर्माण कर रखा है उनको शुक्रवार को नोटिस जारी की गई है। इनके द्वारा यदि समय पर जवाब नहीं दिया जाएगा तो विभाग द्वारा आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के अनुसार दिया जाये पूरा सम्मान: मुख्य सचिव

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न

- जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान के तहत निर्धनतम परिवारों के चयन की कार्यवाही 25 अक्टूबर से होगी प्रारम्भ
- पराली जलने की घटनाओं की रोकथाम व पराली प्रबंधन के लिय चलाया जाये जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान में प्रथम चरण में खंड विकास अधिकारिओं द्वारा 57,000 ग्राम पंचायतों से लगभग 1,81,000 एन्युमेरेटर (ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी व कैडर) का डाटा पोर्टल पर अपलोड किया गया है। इसी प्रकार सत्यापन के लिये लगभग 2,70,000 लोगों का नाम अपलोड किया गया है। इन सभी को डी-डुप्लीकेशन करते हुये यूनिक आईडी उपलब्ध करा दी गई है। सभी बीडीओ को सीएम हेल्पलाइन से मैप कर दिया गया है। एन्युमेरेटर द्वारा निर्धनतम परिवारों को चयन कर सूचना अपलोड करने की कार्यवाही 25 अक्टूबर से प्रारम्भ होगी। उन्होंने सभी मण्डलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के अनुसार पूरा सम्मान देने के सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारीगण अपने सम्बन्धित मा0 विधायक व मा0 सांसद के फोन नम्बर मोबाइल में सेव रखें। कॉल आने पर उनकी बातों को सुनें और बैठक इत्यादि में व्यस्त होने की स्थिति में उन्हें कॉलबैक करें। उन्होंने कहा कि मण्डल एवं जनपद स्तर पर आयोजित बैठकों, जिनमें जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता है, वहां उन्हें प्रोटोकॉल के अनुसार बैठने की सम्मानजनक व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों व समस्याओं को प्राथमिकता पर निस्तारित करते हुए उन्हें अवगत भी कराया जाये। उन्होंने इसी प्रकार अपने अधीनस्थों को भी स्पष्ट निर्देश देने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि अतिक्रमित गोचर भूमि को चिन्हित कर उसे अवमुक्त कराने के लिये अभियान चलाया जाये। अतिक्रमण मुक्त होने के उपरान्त भूमि पर पशुपालन विभाग द्वारा हरे चारे का उत्पादन किया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम सभा में स्थित तालाबों का मछली पालन के लिये प्राथमिकता पर पट्टा आवंटन किया जाये।



### श्रमिकों के सत्यापन की कार्यवाही तेजी से पूरी करायी जाये

उन्होंने ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत राशनकार्ड से वंचित श्रमिकों के राशनकार्ड निर्गत किये जाने की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सत्यापित डाटा को लॉक करने की अन्तिम तिथि 25 अक्टूबर, 2024 है तथा 11 नवम्बर, 2024 से पूर्व सभी जनपदों को आच्छादन रिपोर्ट उपलब्ध कराना होगा। अतः सत्यापन टीम के द्वारा पंजीकृत श्रमिकों के सत्यापन की कार्यवाही तेजी से पूरी करायी जाये। सत्यापन टीम की रिपोर्ट के आधार पर पात्र श्रमिकों के राशन कार्ड जारी किये जाये। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में पराली जलने की घटनाओं में कमी आई है। एनसीआर सहित सभी जनपदों द्वारा इस वर्ष भी पराली जलने की घटनाओं की रोकथाम व पराली प्रबंधन के लिये जागरूकता अभियान चलाया जाये। फर्टिलाइजर की ब्लैक मार्केटिंग न हो, इसके लिये पर्याप्त व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जाये। प्रस्तावित पीसीएस-2024 परीक्षा के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि परीक्षा 7 व 8 दिसम्बर, 2024 को प्रस्तावित है। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिये फुलप्रूफ व्यवस्था की जाये। आयोग द्वारा निर्देशों की बुकलेट बनाकर जनपदों को प्रेषित की जाये, ताकि कहीं भी कोई अव्यवस्था की आशंका न रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बन्दीगृहों में होगा करवाचौथ व्रत का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा0 बबीता सिंह चौहान ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों में संचालित महिला बंदीगृहों में आवासित महिलाओं के अधिकारों के वंचन से निवारण हेतु 20 अक्टूबर को पड़ने वाले करवाचौथ के व्रत को उनके पतियों की उपस्थिति में मनाये जाने के निर्देश दिये है। राज्य महिला आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला आयोग की अध्यक्ष ने जनपदों में स्थित महिला बंदीगृहों की पात्र महिलाओं के पतियों को तथा बंदीगृह में निरूद्ध बंदियों की पत्नियों को कारागार में बुलाकर करवाचौथ का व्रत पारम्परिक रूप से मनाये जाने हेतु प्रदेश के जिलाधिकारियों एवं संबंधित जनपद के संबंधित अधिकारियों हेतु निर्देश जारी कर दिये हैं।

### राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष 21 को जायेंगी आगरा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा बबीता सिंह चौहान 21 अक्टूबर को आगरा में भ्रमण पर रहेंगी। डा. चौहान 11 बजे आगरा स्थित नवीन सभागार सर्किट हाउस में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, मातृ शिशु एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा संचालित महिलाओं से संबंधित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करेंगी। महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की पुलिस आयुक्त अथवा उनकी ओर से नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के क्षेत्राधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए महिला जनसुनवाई भी करेंगी।आयोग की अध्यक्ष 01:15 बजे से आगरा की आंगनबाड़ी केन्द्र कलाल खेरिया में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगी।

### नगर निकायों हेतु 1200 करोड़ रुपए स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुति के आधार पर नगर निकायों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह अक्टूबर के लिए 1200 करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। स्वीकृत धनराशि में नगर निगमों हेतु 540 करोड़ रुपए, नगर पालिकाओं, नगर पालिका परिषदों हेतु 420 करोड़ रुपए तथा नगर पंचायतों हेतु 240 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं।वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि धनराशि का नगर निगमो, नगर पालिकाओं, नगर परिषदों तथा नगर पंचायतों के मध्य आवंटन पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार किया जाएगा। यदि किसी निकाय का समायोजन अथवा कटौती की धनराशि शेष है तो संबंधित निकाय को मिलने वाली उसके हिस्से की धनराशि में से समायोजन अथवा कटौती किए जाने के उपरांत ही अवशेष धनराशि संबंधित निकाय को आवंटित किया जाए। नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश व निदेशक स्थानीय निकाय द्वारा स्वीकृत व आवंटित की गई धनराशि के उपयोग की समीक्षा की जाएगी।

### पंचायती राज संस्थाओं हेतु 800 करोड़ स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अंतर्गत पंचायती राज संस्थाओं हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह अक्टूबर के लिए 800 करोड़ रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में वित्त विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। स्वीकृत धनराशि में जिला परिषद एवं जिला स्तरीय पंचायतों हेतु 120 करोड़ रुपए, ब्लॉक पंचायतों अथवा मध्यवर्ती स्तरीय पंचायतों हेतु 120 करोड़ रुपए तथा ग्राम पंचायतों हेतु 560 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।
जारी आदेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि का जिला परिषदों अथवा जिला स्तरीय पंचायतों, ब्लॉक पंचायतों अथवा मध्यवर्ती स्तरीय पंचायतों तथा ग्राम पंचायतों के मध्य आवंटन पंचम राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार किया जाएगा। पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश स्वीकृत धनराशियों के नियमानुसार उपयोग की समीक्षा करेंगे तथा समुचित उपयोग के लिए उत्तरदायी होंगे।

### फिरोजाबाद एवं जौनपुर हेतु 176.68 लाख रूपये मंजूर

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद फिरोजाबाद एवं जौनपुर में सड़क निर्माण से संबंधित कार्यों हेतु कुल 176.68 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, फिरोजाबाद और जौनपुर के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेशों की प्रतियां जिलाधिकारी, फिरोजाबाद एवं जौनपुर को प्रेषित कर दी गई हैं।जारी शासनादेश के अनुसार फिरोजाबाद के विकास खण्ड एका के ग्राम मचन में सीसी रोड के निर्माण कार्य हेतु 21.49 लाख रूपये तथा विकास खण्ड एका के ग्राम नगला झम्मन में सीसी रोड के निर्माण कार्य हेतु 24.76 लाख रूपये मंजूर किये गये है। जौनपुर के रामपुर बरसठी में संपर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य हेतु 130.43 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं।

### गोरखपुर हेतु 390.60 लाख रूपये मंजूर

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद गोरखपुर में सड़क निर्माण से संबंधित एक कार्य हेतु 390.60 लाख रूपये मंजूर किये गये हैं। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, गोरखपुर के निवर्तन पर रखी गई है। इस धनराशि से गोरखपुर में पशुचिकित्सा महाविद्यालय का एप्रोच मार्ग का चार लेन में नवनिर्माण कार्य कराया जायेगा। इस कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है।

### यूजीसी नेट परीक्षा में अंकित ने जड़ा पंजा



**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अंकित कुमार यादव ने यूजीसी नेट परीक्षा में शानदार इबारत लिखी है। उन्होंने शिक्षाशास्त्र विषय से नेट परीक्षा में पांचवीं बार सफलता अर्जित की है। उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान, लखनऊ से रिटायर्ड अंकित के पिता श्री हृदय राम यादव जी का कहना है कि अंकित ने इस सफलता के लिए अत्यंत कठिन परिश्रम किया है और उन्हें अंकित की इस उपलब्धि पर गर्व है। खास बात ये है कि अंकित इसके पहले यूजीसी नेट में जीत की हैट्रिक भी लगा चुके हैं। अंकित शोध में अपना योगदान देकर शिक्षा के स्तर को बढ़ाना चाहते हैं जिसके लिए वह इस समय जेआरएफ क्वालीफाई कर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर से पीएचडी भी कर रहे हैं।

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए मत्स्य विभाग की योजनाओं का हो प्रभावी क्रियान्वयन

- मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षित किया जाए: संजय

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के मत्स्य विकास मंत्री डॉ. संजय कुमार निषाद ने आज विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने के लिए मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाय। मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को आधुनिक तकनीक उपलब्ध करायें जिससे मत्स्य उत्पादन में बढ़ोत्तरी हो सके। उन्होंने कहा कि मत्स्य पालकों को आधुनिक तकनीक से प्रशिक्षित किया जाए। यूपी को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना और मछुआ समुदाय का सर्वांगीण विकास करना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, निषादराज बोट योजना, मत्स्य पालक कल्याण कोष के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं, सघन मत्स्य पालन हेतु एयरेशन सिस्टम की स्थापना तथा सहकारी समितियों के गठन की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि मत्स्य पालक कल्याण कोष की धनराशि का मछुआ पालकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो, पोखरों की संख्या में वृद्धि की जाय। मत्स्य मोबाइल बिक्री केन्द्रो एवं मत्स्य दुकानों की संख्या में वृद्धि की जाये। मत्स्य क्षेत्र के भूमिहीन मछुआरों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भी लाभान्वित कराया गया है। उन्होंने मत्स्य क्षेत्र के सभी भूमिहीन मछुआरों को केसीसी के माध्यम से ऋण मुहैया कराने हेतु दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि इस योजना में और तेजी लाई जाये। मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश में संचालित नयी योजना यथा-मत्स्य पालक कल्याण कोश, निषादराज बोट योजना तथा मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना का लाभ अधिक से अधिक किसानों को दिलाया जाए। मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश को मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए संचालित सभी योजनाओं को युद्ध स्तर पर संचालित किया जाए ताकि मछुआ समुदाय के प्रत्येक व्यक्ति को योजनाओं का पूरा लाभ मिल सके। योजनाओं का डाटा डैशबोर्ड पर समय से अपडेट कराये तथा विभाग में संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक कराया। गठित समितियों के मामलों का निस्तारण समय पर कराया जाए। मत्स्य पालकों को सभी योजनाओं का लाभ का लाभ सिंगल विण्डो के माध्यम से उपलब्ध कराया जाए, जिससे मत्स्य पालकों को योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सके। अनुदानित किसानों का एक व्हाट्स ऐप ग्रुप बनाया जाय एवं उनको संचालित योजनाओं की जानकारी तेजी ग्रुप पर उपलब्ध करायी जाए।समीक्षा बैठक में मत्स्य विकास विभाग के प्रमुख सचिव के रविन्द्र नायक एवं अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर कार्यशाला का होगा आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल व उनके निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एंव विश्लेषण केन्द्र की लखनऊ में स्थापना के 20 वर्ष पूरे होने पर संस्था द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यशाला 16 एवं 17 नवंबर को खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता विषय पर उद्यान भवन परिसर में आयोजित होगी। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं
खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति व इस क्षेत्र में लोगों को विस्तार से जानकारी देकर जन जागरुकता लाई जाय। इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला प्रायोजित की गयी है। इस कार्यशाला में खाद्य प्रसंस्करण व्यवसाय का परिचय,खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता अभ्यास, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण में अवसर फास्टक प्रशिक्षण और प्रमाणन खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियाँ कैनिंग, कूलिंग, निर्जलीकरण, खाद्य मिलावट लाइव प्रदर्शन गुणवत्ता नियंत्रण और आश्वासन, खाद्य पैकेजिंग और लेबलिंग, विनियमन और मानक, मूल्यांकन और उत्पाद, विकास बैंक वित्त सरकारी योजना आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जायेगी ।इसमें प्रश्न और उत्तर का सत्र? भी होगा। निदेशक, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग विजय बहादुर द्विवेदी ने बताया कि यह संस्थान मेगा फूड पार्क विकास परियोजनाओं, कोल्ड चेन इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए अपने विशेषज्ञों की सहायता से, खाद्य निर्माण में लगे और खाद्य पदार्थों के संपर्क में रहने वाले फूड पार्क श्रमिकों को मानव संसाधन, मानव संसाधन विकास, कौशल विकास प्रशिक्षण, खाद्य सुरक्षा कार्यान्वयन प्रशिक्षण, स्वच्छता और सफाई प्रशिक्षण कार्यक्रम जनमानस को उपलब्ध कराते हैं। एफएसएसएआई अधिनियम के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली एफएसएमएस योजना अनिवार्य है, आरएफआरएसी इसके लिए यूपी में नामित नोडल एजेंसी है। आरएफआरएसी को पीएमएफएमई, केवीआईसी, फोस्टैक, पीएमकेवीवाई और एनआईएएम के साथ प्रशिक्षण भागीदार के रूप में भी सूचीबद्ध किया गया है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा क्षेत्रीय खाद्य अनुसंधान एवं विश्लेषण केंद्र, आदि की स्थापना कराने में तकनीकी मार्गदर्शन, रोजगार परख प्रशिक्षण कार्यक्रमों का कियान्वयन संचालन एवं विश्व स्तरीय गुणवत्ता के निर्धारित मानको को ब्यवहार में लाने के उद्देश्य से वर्ष 2004 में किया गया था।

# 2250 घरेलू बायो गैस संयंत्र स्थापना हेतु सिस्टेमा बायो संस्था को मिली स्वीकृति

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार अरुण कुमार सक्सेना की उपस्थिति में आज पर्यावरण निदेशालय में 2250 घरेलू बायो गैस संयंत्रों की स्थापना हेतु सिस्टेमा बायो संस्था को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मनोज सिंह और निदेशक पर्यावरण आशीष तिवारी भी उपस्थित थे। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पर्यावरण निदेशालय को 2250 घरेलू बायो गैस संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य सौंपा गया है। सिस्टेमा बायोसंस्था इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी, जिसमें अयोध्या, गोंडा, गोरखपुर, और वाराणसी जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में संयंत्रों की स्थापना की जाएगी। उक्त संयंत्रों के इस्तेमाल से खाना पकाने के लिए बायो गैस के साथ-साथ कृषि के लिए उपयोगी जैविक खाद भी मिल सकेगी। वन मंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत प्रत्येक बायो गैस संयंत्र की कुल लागत 39300 रूपये है, जिसमें से लाभार्थी किसान को केवल 3990 रूपये का मामूली अंशदान करना होगा।

# महाकुंभ-2025: ऐप बेस्ड 'वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम' बनेगा जल प्रबंधन का आधार

## मोबाइल ऐप व वेबसाइट बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग सिस्टम के जरिए सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग जल प्रबंधन की विभिन्न गतिविधियों की करेगा निगरानी व पूर्ति

- सीएम योगी के विजन अनुसार, महाकुंभ-2025 के दृष्टिगत प्रयागराज में वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए जल प्रबंधन पर फोकस
- यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) करेगा वॉटर मॉनिटरिंग सिस्टम का निर्माण, आधुनिक सुविधाओं से होगा युक्त

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जनवरी 2025 में शुरू होने वाले महाकुंभ को लेकर अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में तेजी ला रही है। सीएम योगी का विजन है कि महाकुंभ दिव्य व भव्य होने के साथ ही आधुनिक तकनीक का समावेश करते हुए नव्य स्वरूप में श्रद्धालुओं व पर्यटकों के समक्ष प्रदर्शित हो। ऐसे में, योगी सरकार द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र को नवीन सुविधाओं से युक्त करने के साथ ही पूरे प्रयागराज में तमाम इनोवेशन व टेक बेस्ड इनीशिएटिव्स को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में, योगी सरकार वेबसाइट व मोबाइल ऐप बेस्ड 'वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम' के जरिए महाकुंभ मेला क्षेत्र में जल प्रबंधन की प्रक्रिया को पूरा करने पर फोकस कर रही है। यह मोबाइल ऐप बेस्ड वॉटर मॉनिटरिंग मैनेजमेंट सिस्टम सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के लिए निर्मित किया जाएगा जो आधुनिक सुविधाओं युक्त होगा और इसके जरिए जल प्रबंधन की विभिन्न गतिविधियों की निगरानी व पूर्ति जैसे कार्यों को पूरा कर सकेगा। सीएम योगी के विजन अनुसार, इस आधुनिक सुविधा युक्त ऐप बेस्ड सिस्टम के विकास व निर्माण का कार्य यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) को सौंपा गया है। इस प्रणाली को एफिशिएंट रिपोर्टिंग, क्विक डिसीजन मेकिंग, रोल बेस्ड एक्सेसिबिलिटी, अलर्ट व नोटिफिकेशंस, डाटा एनालिसिस व ट्रेंड मॉनिटरिंग तथा वॉटर लेवल ट्रेंड प्रेडिक्शन मैट्रिक्स से लैस किया जाएगा। वहीं, जलस्तर की निगरानी के लिए कंट्रोल प्वॉइंट्स के जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स का डाटाबेस तैयार किया जाएगा। साथ ही, भौगोलिक स्थिति के अनुरूप नए कंट्रोल प्वॉइंट्स निर्माण के निर्माण का भी यह आधार बनेगा।



### महाकुंभ और भविष्य की जरूरतों के आधार पर होगा विकास

परियोजना के अनुसार, महाकुंभ जल निगरानी प्रणाली एक व्यापक समाधान है जो एक वेब पोर्टल और एक मोबाइल एप्लिकेशन को एकीकृत करता है जिसे विभिन्न पूर्वनिर्धारित नियंत्रण बिंदुओं पर जल स्तर की निगरानी और रिपोर्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य डाटा को त्वरित समीक्षा के लिए संक्षिप्त, पूर्व-संगठित प्रारूप में समेकित करना और बढ़े हुए जल स्तर, भारी वर्षा और बाढ़ जैसी स्थितियों के दौरान त्वरित निर्णय लेने की सुविधा प्रदान करना है। यह प्रणाली महाकुंभ आयोजन और भविष्य की विभागीय जरूरतों के लिए महत्वपूर्ण है।

### ऐप व वेबसाइट को इन सुविधाओं से किया जाएगा युक्त...

- सिक्योर रोल बेस्ड लॉग-इन, रोल स्पेसेफिक डैशबोर्ड व सिक्योर ऑथेंटिकेशन।
- नए कंट्रोल प्वॉइंट्स को बनाने के लिए जीपीएस को-ऑर्डिनेट्स का संकलन, कंट्रोल प्वॉइंट्स की रेगुलर अपडेट्स व लॉग रिपोर्ट तैयार करने में सक्षम होगा।
- ऑटोमैटिक डाटा कंपाइलेशन, कंट्रोल प्वॉइंट्स की जियो टैगिंग, समरी रिपोर्ट तथा अलर्ट व नोटिफिकेशन मैकेनिज्म से युक्त होगा।
- गूगल मैप्स के साथ इंटीग्रेशन आर्क जीआईएस तथा मैप्स पर वन व्यू डाटा की जानकारी, क्लिक एबल्ड मैप मार्कर्स व डेंजर जोन की कंप्लायंस रिपोर्ट का संकलन कर सकेगा।
- यूजर फ्रेंडली इंटरफेस, हाइपरलिंक एक्सटेंशन, ईजी नेविगेशन तथा डीटेल्ड डाटा का एक्सपोर्ट ऑप्शन उपलब्ध कराने में सक्षम होगा।
- मैप पर उपलब्ध जियोग्राफिकल फीचर्स के रोबस्ट फिल्टरिंग मैकेनिज्म को डेवलप करने में सक्षम होगा।
- कंट्रोल प्वॉइंट्स के ट्रेंड एनालिसिस व प्रेडिक्शन मैट्रिक्स लेआउट एनालिसिस के लिए ग्राफ व चार्ट का संकलन उपलब्ध कराएगा।

# मंदिरों को बनाएं सनातन शक्ति का केंद्रः माधवी लता



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

मंदिरों को सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनाना और उन्हें सनातन संस्कृति का ऊर्जा स्रोत मानना आवश्यक है। यह विचार हैदराबाद से ओबैसी के खिलाफ लोक सभा चुनाव लड़ने वाली प्रसिद्ध सामाजिक नेत्री श्रीमती माधवी लता ने आज अयोध्या के श्री हनुमानबाग सेवा संस्थान में व्यक्त किए। वे शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकर्ता सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रही थीं।इस अवसर पर शाश्वत हिंदू प्रतिष्ठान ने 10 जाने-माने व्यक्तियों को श्री अरबिंदो सम्मान से भी सम्मानित किया। 2024 के लिए सम्मान की पहली श्रेणी में प्रकृति की समृद्धि, संरक्षण और शैक्षिक सक्रियता के लिए डॉ. स्मिता सुंदरम (दिल्ली) और मनोज जोशी (मध्यप्रदेश) को सम्मानित किया गया। धर्म का पालन और गौ सेवा के लिए महेन्द्र जोशी (राजस्थान) और सुश्री तीव्रा ठाकुर (बिहार) को सम्मानित किया गया। सामाजिक सेवा, शिक्षा और स्वरोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए डॉ. दीपक कुलकर्णी (मध्यप्रदेश), शरदचंद्र डी.एस. (कर्नाटक), हरीश बहुगुणा (उत्तराखंड) और सुश्री बोधमिता श्रीवास्तव (बंगाल) को भी सम्मानित किया गया। संस्कृति का संरक्षण, कला-संगीत, योग-साधना और साहित्य के लिए आचार्य श्री रामकुमार शर्मा (उत्तरप्रदेश) और डॉ. सुनीता भारती (बिहार) को सम्मानित किया गया।

# दो गुटों के बीच मारपीट में घायल युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद के मुंशीगंज थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की रात मूर्ति विसर्जन स्थल से दो सौ मीटर की दूरी पर दो गुटों में हुई झड़प में एक युवक की मौत हो गई।सूत्रों के अनुसार बुढ़ऊ महाराज घाट भुशियांवा से कारीब दो सौ मीटर की दूरी पर दो गुटों के बीच मारपीट हुई।जिसमें कटरा महारानी गांव निवासी विवेक वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया।विवेक को मुंशीगंज स्थित संजय गांधी चिकित्सालय ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।एएसपी हरेंद्र कुमार ने बताया कि घटना के पीछे कोई सांप्रदायिक पहलू नहीं है।इन युवकों के बीच आपसी रंजिश थी।उन्होंने कहा कि घाट पर आने से पहले दोनों गुटों के बीच हाथापाई हुई थी।युवक के शरीर पर किसी गंभीर चोट के निशान नहीं पाए गए हैं।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि इस घटना का मूर्ति विसर्जन से कोई लेना-देना नहीं है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुंशीगंज थाना क्षेत्र के कटरा महारानी गांव निवासी भुल्लर प्रसाद का बीस वर्षीय बेटा विवेक अपने दो अन्य साथियों के साथ देर रात मेला देखने जा रहा था।गांव के बाहर जैसे ही पहुंचा कि पहले से घात लगाए बैठे लोगों ने विवेक को बाग में ले जाकर बेरहमी से पीट पीट कर घायल कर दिया।विवेक पर हमला होते ही दोनों साथी मौके से किसी तरह भाग कर विवेक के घर पहुंचे।और घटना की जानकारी दी।इसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे।और घायल अवस्था में विवेक को नजदीकी संजय गांधी अस्पताल इलाज के लिए ले गए जहां डॉक्टरों ने विवेक को मृत घोषित कर दिया। वही पिता की तहरीर पर पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।मुंशीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि पिता की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर तलाश की जा रही है।जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।घटना से आहत मृतक विवेक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# गोपिकाओं के भक्ति योग के सामने विफल हुआ उद्धव का ज्ञान

■ सैठा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा, अयोध्या के महापौर गिरीशपति भी हुए शामिल

जन एक्सप्रेस। अमेठी



जनपद मुख्यालय गौरीगंज के नजदीक सैठा गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास डॉ.काशी नरेशाचार्य ने शुक्रवार को कंस वध उद्धव गोपी संवाद और कृष्ण विवाह की कथा का रोचक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु को उनके भक्त सबसे अधिक प्रिय हैं।कथा व्यास ने कहा कि मथुरा में कंस के अखाड़े में लड़ने के लिए एक से बढ़कर एक पहलवान आये लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने सभी को चित कर दिया। इसके बाद उन्होंने कंस का वध करके पृथ्वी को उसके भार से मुक्त किया।श्रीकृष्ण भगवान भाई बलराम के साथ गुरु सांदीपनी के आश्रम में पढ़ने के लिए गए।जहां उन्होंने सुदामा से मित्रता की।कथा व्यास ने उद्धव और गोपी संवाद का अत्यंत ही मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने कहा कि उद्धव अपने ज्ञान का दंभ लेकर गोपिकाओं को समझाने के लिए निकले थे।लेकिन गोपिकाओं ने जिस प्रकार से प्रेम और भक्ति का वर्णन उद्धव के समक्ष किया,उससे वह स्वयं वशीभूत हो गए।जरासंध से भगवान ने विभिन्न लड़ाइयां लड़ी।और सभी में उसे पराजित किया।अंतिम लड़ाई में भगवान ने माया रची और मैदान छोड़कर चले गए।इससे उनका रणछोर नाम पड़ा।अंत में कथा व्यास ने रुक्मणी विवाह का रोचक वर्णन किया।जिससे समस्त श्रोतागण झूम उठे।कथा में अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने भी हिस्सा लिया।उन्होंने उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं।

## मनमानी तरीके से चुनाव करना बाइलाज के दिशा-निर्देशों के खिलाफ व असंवैधानिक

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। शहर के होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में आईएमए अयोध्या की अध्यक्ष डॉक्टर मंजूषा पांडेय ने संगठन की चुनाव प्रक्रिया को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हर देश और समाज का अपना संविधान होता है, जिसके तहत सभी कार्य किए जाते हैं, और हर संस्था के पास भी अपने नियम होते हैं।डॉक्टर पांडेय ने स्पष्ट किया कि आईएमए अयोध्या के बाइलाज में चुनाव प्रक्रिया के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिनका पालन करना सभी सदस्यों का दायित्व है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ सदस्यों ने मनमानी तरीके से अध्यक्ष और सचिव का चुनाव कराने का प्रयास किया है, जो कि बाइलाज के दिशा-निर्देशों के खिलाफ और असंवैधानिक है।उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव कराने के लिए 11 अक्टूबर का दिन चुना गया, जो नवरात्रि का अंतिम दिन है। इस दिन कई सदस्य उपवास रखते हैं और पूजा-पाठ में व्यस्त होते हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया में बाधा उत्पन्न होती है।डॉक्टर पांडेय ने कहा कि इस असंवैधानिक चुनाव प्रक्रिया का विरोध करने के लिए संस्था के कई वरिष्ठ सदस्यों, जैसे डॉक्टर के एस मिश्रा, डॉक्टर एफबी सिंह, और डॉक्टर वी के गुप्ता ने भी अपना समर्थन दिया।

## राजर्षि टंडन और नियंता मंडल छात्र कल्याण परिषद और परीक्षा समिति में सराहनीय योगदान



जन एक्सप्रेस। अयोध्या

साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो दान पति तिवारी ने महाविद्यालय का नया मुख्य नियंता डा बृजेश कुमार सिंह और प्रो अशोक कुमार मिश्र को नामित किया है। डॉ बृजेश कुमार सिंह प्रातः कालीन और प्रो अशोक कुमार मिश्रा सायं कालीन महाविद्यालय व्यवस्था का संचालन करेंगे। डॉ बृजेश कुमार महाविद्यालय में पहले राजर्षि टंडन और नियंता मंडल छात्र कल्याण परिषद और परीक्षा समिति में सराहनीय योगदान दिया है। प्रो मिश्रा महाविद्यालय में पहले छात्र कल्याण अधिकारी, सहायक नियंता ,एनसीसी नेवल विंग के सब लेफ्टिनेंट, एन एस एस कार्यक्रमाधिकारी , छात्रावास अभिरक्षक विश्वविद्यालय मूल्यांकन में उप समन्वयक व उच्च शिक्षा सेवा चयन आयोग इलाहाबाद द्वारा चयनित होकर महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोइलसा आजमगढ़ के प्राचार्य के रूप में भी कार्य किया। प्रो मिश्र और डा बृजेश जी के मुख्य नियंता बनने पर प्रो अनुराग मिश्रा, प्रो मिर्जा साहब शाह,प्रो अभिषेक दत्त त्रिपाठी, प्रो अशोक कुमार राय, प्रो शिवकुमार तिवारी, डा असीम त्रिपाठी , प्रो पवन कुमार सिंह, डॉ उमापति डॉ जन्मेजय तिवारी, डा रवि चौरसिया, डा अवधेश कुमार शुक्ला, प्रो सत्य प्रकाश गुप्त , डा संदीप वर्मा सहित अनेक शिक्षकों ने बधाई देते हुए प्रो मिश्र व डा बृजेश कुमार सिंह के सराहनीय योगदान की कामना की।

# मिल्कीपुर उपचुनाव को सपाई लटकाने का कर रहे हैं कार्यः गोरखनाथ बाबा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि सपा मिल्कीपुर का चुनाव होने नही देना चाहती। विपक्ष पूरी तरह से नकारात्मक राजनीति कर रहा है। झूठ, भ्रम, तथा अफवाह फैलाकर जनता को गुमराह करने का कार्य कर रहा है। मिल्कीपुर की जनता पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में उत्साहित है। जिस कारण मिल्कीपुर उपचुनाव को सपाई लटकाने, भटकाने तथा अटकाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 को उनके द्वारा हाईकोर्ट में अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की गई थी। चुनाव आयोग द्वारा इस याचिका के कारण उपचुनाव की तिथियों की घोषणा न किए जाने पर उनके द्वारा गुरूवार को हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होकर अपनी याचिका वापस लेने का निवेदन किया गया। मामले में पहली याचिका एक अन्य प्रत्याशी शिवमूर्ति द्वारा दाखिल की गई है। उन्हें भी वह अपने साथ याचिका वापस लेने के लिए हाईकोर्ट लेकर गए थे। पूर्व विधायक ने कहा कि यदि विपक्ष की मंशा साफ थी, तो किस कारण से कोर्ट में मामले को लटकाने के लिए दर्जन भर अधिवक्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए खड़ा किया गया। जिससे यह साफ है कि सपा द्वारा मिल्कीपुर में उपचुनाव को लटकाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सपा विधायक के सांसद चुने जाने के बाद याचिका के सम्बंध में अधिवक्ताओं से राय ली गई थी। जिसमें अधिवक्ताओं के द्वारा बताया गया था कि अवधेश प्रसाद के इस्तीफे के बाद याचिका समाप्त हो जाएगी।

# मोदनवाल समाज की ओर से आश्विन पूर्णिमा के पर्व पर दंतधावन कुंड में शरद पूर्णिमा उत्सव पूरी भव्यता के साथ मनाया गया

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



इस परम्परागत उत्सव का आयोजन मोदनवाल समाज बीते 135 सालों से करता आ रहा है। इस उत्सव के मौके पर दंतधावन कुंड में क्षीरसाई भगवान लक्ष्मी नारायण) की नयनाभिराम झांकी सजाई गयी। झांकी के अनावरण के अवसर पर देर शाम भगवान की आरती उतारी गयी। इस झांकी में फूलों से सुसज्जित नौका पर भगवान लक्ष्मी नारायण के साथ कमल दल पर विराजित सृष्टि कर्ता बह्मदेव के सुंदर दृश्य को देखकर श्रद्धालु गण भावविभोर हो गये। मोदनवाल समाज की ही युवा ईकाईसाकेत भूषण समाज के कार्यकर्ताओं की टोली इस नौका को कुंड की पूरी परिधि में घुमा रहे थे। इस दौरान घाट की सीढ़ियों पर खड़े श्रद्धालु जन अपनी अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। नौका पर विराजमान भगवान लक्ष्मी नारायण जब उनके घाट पर पहुंचते तो श्रद्धालु गण भगवान का दर्शन पूजनकरते। यह क्रम मध्यरात्रि तक चलता रहा। मोदनवाल समाज के अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के अनुसार इस मौके पर 21 कुंतल खीर प्रसाद का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। संत-भक्तों समेत जनप्रतिनिधियों ने भी किया झांकी का दर्शनः इस दौरान संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्म सम्राट महंत ज्ञान दास महाराज के कृपा पात्र शिष्य संजय दास एवं उनके मुख्य सचिव शिवम श्रीवास्तव हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास महंत डॉक्टर महेश दासमोदनवाल समाज के संरक्षक नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि यह परम्परा पूर्वजों ने शुरू की थी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन के लिए नौका का निर्माण विशेष प्रकार से किया जाता है। इस दौरान साकेत भूषण समाज के पदाधिकारियों जितेन्द्र गुप्ता, सुरेश गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, ओंकार नाथ, बैजनाथ गुप्ता, अचल गुप्ता, पंकज गुप्ता, रामबाबू बेबस, श्यामबाबू गुप्ता व मनोज गुप्ता ने किया। इसके पहले निवर्तमान सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, भाजपा नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, भाजपा नेता अभिषेक मिश्र व अन्य शामिल हुए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### राज्य मंत्री विधवा विलाप करना बंद करें: अतुल सिंह



जन एक्सप्रेस/रायबरेली ऊंचाहार। प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी ऊंचाहार विधानसभा अतुल सिंह ने कहा कि विधवा विलाप करना बंद करें,राज्य मंत्री दिनेश सिंह7हमारी नेता प्रियंका गांधी जी का नाम लेकर सुर्खियों में रहना चाहते हैं7हम अपनी नेता के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं करेंगे।भाजपा लोकसभा प्रत्याशी अपना बूथ एवं अपनी न्याय पंचायत तक न जीत पाने वाले आज राहुल गांधी जी की बात करते हैं। राहुल गांधी जी 390000 मतों से जीते हैं जब सुबह सोकर उठते होंगे,तब इनको जो खम्भा दिखाई देता होगा वो भी गांधी परिवार की देन है7श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी अगर गठबंधन में अनुप्रिया पटेल जी,संजय निषाद जी एवं ओमप्रकाश राजभर जी की पार्टी साथ ना होती तो मोदी जी चुनाव हार जाते।

### छोटे व माध्यम किसानों को धान खरीद में प्रथमिकता की जाएगी: डीएम



जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने आदेश दिए हैं कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सीधे कृषकों से धान क्रय करने हेतु शासन द्वारा निर्गत धान क्रय नीति के शासनादेश व खाद्य तथा रसद अनुभाग-4 के प्रस्तर संख्या-13.5 में दी गयी व्यवस्था के अनुपालन में जनपद रायबरेली में छोटे व मध्यम किसानों को धान खरीद में प्राथमिकता प्रदान किया जाना योजना का मुख्य उद्देश्य है। ऐसे किसान जिनकी उपज 60.00 कुन्तल या उससे कम है तो ऐसे किसानों को धान खरीद में प्रथमिकता प्रदान की जायेगी, जिससे छोटे किसान डिस्ट्रेस सेल के शिकार न हों।

### धान अस्वीकृत किए जाने पर कृषक गठित समिति से कर सकता है अपील: डीएम

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर में आदेश दिए हैं कि शान द्वारा निर्गत धारण करें नीति के शासनादेश व खाद्य तथा रसद अनुभाग-4 के प्रत्तर 13.7, 13.8 एवं 19.4 में दिये गये निर्देश के अनुपालन में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम मूल्य समर्थन योजनान्तर्गत कृषक द्वारा धान क्रय केन्द्र पर लाये गये धान को निर्धारित मानकों के अनुसार न पाये जाने पर धान को अस्वीकृत किये जाने की स्थिति में यदि कृषक धान को अस्वीकृत किये जाने से असंतुष्ट है, तो वह इस सम्बन्ध में संबंधित तहसील स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय विपणन अधिकारी के यहां अपील कर सकता है। जिलाधिकारी ने इस स्थिति के लिए संबंधित तहसीलों के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी की आध्यक्षता में संबंधित मंडी समिति के सचिव/ग्रेडर, संबंधित केंद्र प्रभारी (जिस केंद्र पर धान अस्वीकृत किया गया) एवं 02 स्वतंत्र कृषक को सदस्य नामित किया है, जिससे गठित समिति द्वारा अपील प्राप्त होने के 48 घण्टे के भीतर कृषक के सम्मुख धान का पुनः विश्लेषण कर धान की स्वीकार्यता के सम्बन्ध में निर्णय लिया जा सकेगा जिलाधिकारी ने कहा कि धान को अस्वीकृत किये जाने की स्थिति में क्रय केन्द्र प्रभारी द्वारा रिजेक्शन रजिस्टर में धान विक्रेता का नाम व उसका पूरा पता, मोबाइल नम्बर, धान की मात्रा तथा अस्वीकृत करने का पर्याप्त एवं स्पष्ट कारण अंकित किया जायेगा तथा इसकी अनिवार्य रुप से ऑनलाइन प्रविष्टि भी की जायेगी। मानकों के अनुरुप न पाये जाने पर धान को अस्वीकृत किये जाने की स्थिति में अस्वीकृत धान का नमूना केन्द्र पर संरक्षित किया जायेगा

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम 12, 18 व 25 नवम्बर को

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत 16 नवम्बर 2024 को आयोजित किये जाने वाले विवाह कार्यक्रम की तिथि में कतिपय कारणों से परिर्वतन किया गया है। अब उक्त तिथि के स्थान पर 25 नवम्बर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायबरेली में सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। अन्य स्थानों पर आयोजित किये जाने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित तिथि एवं स्थान पर यथावत सम्पन्न कराये जायेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि निर्धारित तिथि व आयोजन स्थल के अनुसार 12 नवम्बर 2024 को विकास खण्ड व नगर पंचायत-हरचन्दपुर, सतांव, खीरों, लालगंज, सरेनी, बछरावां, शिवगढ़, महराजगंज के लाभार्थी जोड़ो के लिए सामूहिक विवाह आयोजन स्थल-गन्ना कांटा मैदान सतावं रायबरेली में सम्पन्न कराये जायेंगे इसी प्रकार 18 नवम्बर 2024 को विकास खण्ड व नगर पंचायत- सलोन, छतोह, डीह, नं0पं0 नसीराबाद एवं परशदेपुर के लाभार्थी जोड़ों हेतु सामूहिक विवाह आयोजन स्थल-मिनी स्टेडियमसलोन रायबरेली में सम्पन्न होंगे 25नवम्बर 2024 को विकास खण्ड व नगर पंचायत- राही, अमावां, डलमऊ, दीनशाहगौरा, ऊँचाहार, जगतपुर, रोहनिया और नगर पालिका परिषद रायबरेली के लाभार्थी जोड़ों हेतु सामूहिक विवाह आयोजन स्थल-जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली निर्धारित किया गया है।

### 17 खिलाड़ी राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष/महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए चयनित

जन एक्सप्रेस/रायबरेली जिला क्रीडाधिकारी धीरेन्द्र पुरुषोत्तम्म ने बताया कि खेल निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के अनुपालन में राज्य स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष/महिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजन क्षेत्रीय खेल कार्यालय स्पोर्टस स्टेडियम गोरखपुर में 21 से 22 अक्टूबर 2024 तक आयोजित प्रतियोगिता हेतु जिला स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन आज जिला खेल कार्यालय रायबरेली में सम्पन्न किया गया। जिसमें चयन ट्रायल्स में एथलेटिक्स बालक सीनियर वर्ग में 09 सफल खिलाड़ी के नाममोहित पिता रामधनी राज पिता गोर्वधन युवराज सिंह पिता बीरेन्द्र कुमारअभिषेक पिता धुन्नूशिवम पिता रमेश कुमार राम सनेही पिता जगमोहन अभिषेक शाहू पिता हरिकेश अनूप कुमार पिता रामकुमार विवेक सिंह पिता रावेन्द्र प्रताप सिंह। इसी प्रकार चयन ट्रायल्स में एथलेटिक्स बालिका सीनियर वर्ग में 08सफल खिलाड़ीके नाम लब्ली पिता श्यामलालऊषा सिंह पिता अमर सिंहशालिनी पिता जयराम शुभांगनी पिता सुरेश चन्द्र अग्रहरि ममता मौर्या पिता शिव प्रसाद सीमा पिता इन्द्रसेन धनकर लक्ष्मी पिता रामधनी अकिता पिता रामधनी जिला क्रीडाधिकारी ने बताया कि उपरोक्त खिलाडियों को मण्डलीय चयन ट्रायल्स हेतु भेजा जा रहा है। मण्डलीय चयन ट्रायल्य में 18 अक्टूबर 2024 को भाग लेने की अनुमति के लिए उपस्थित रहे।

### रायबरेली सांसद राहुल गांधी ने स्वास्थ्य मंत्री को रायबरेली एम्स के लिए लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) को लेकर सांसद राहुल गांधी ने लिखा पत्र राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को लिखा पत्रएम्स रायबरेली में 2900 पद स्वीकृत,पर 1626 को ही मिली है मंजूरीएम्स में बुनियादी ढांचे की है कमीएम्स को और बेहतर ढंग से किया जाए संचालित रोगी की देखभाल, शिक्षा और अनुसंधान को कर रहा प्रभावित-एम्स रायबरेली में जनशक्ति की भारी कमीमरीजों व तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं मुहैया नहीं हो पा रही है मरीजो व उनके तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए रायबरेली दौरे के दौरान बीते दिनों राहुल गांधी ने एम्स के किया था निरीक्षणनिरीक्षण के दौरान राहुल गांधी को मिली थी खामियां भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज में स्थित है।

### मैहर महोत्सव के अवसर पर दो दिवसीय महिला एवं पुरुष दंगल का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस/अयोध्या। मैहर महोत्सव के तहत अयोध्या में विराट दंगल का शुभारंभ किया गया। यह दंगल स्वर्गीय पृथ्वी सिंह की 11वीं पुण्य तिथि की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। शुक्रवार को भारत के सभी नामचीन महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अपने शक्तिशाली पैंतरे दिखाए, जिससे दर्शकों का उत्साह बढ़ा। इस आयोजन का नेतृत्व समाजसेवी और अपना दल के वरिष्ठ नेता प्रमोद सिंह कर रहे हैं, जिनका उद्देश्य स्थानीय युवाओं को वैश्विक मंच पर लाना है। दंगल प्रतियोगिता मलावन की बाग में चल रही है, जहां दर्शकों को कुश्ती के रोमांचक मुकाबले देखने को मिल रहे हैं। यह आयोजन न केवल खेल की भावना को बढ़ावा देता है, बल्कि स्थानीय संस्कृति को भी संजोने का कार्य करता है।

# सात कवियों द्वारा सात राष्ट्रीय कवियों को भावांजलि

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



महर्षि वाल्मीकि जयंती एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर सरयू घाट, अयोध्या पर साहित्य एक संकल्प सेवा संस्थान द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत सात कवियों के द्वारा सात राष्ट्रीय कवियों को उनकी कविताओं के माध्यम से भावांजलि दी गई ।रेखा शीतल ने कुंवर बेचैन ,अभिषेक पाठक ने गोपाल दास नीरज ,प्रशांत तिवारी ने सूर्य कांत त्रिपाठी निराला जी ,रिचा श्रीवास्तव ने हरिवंश राय बच्चन ,राहुल तिवारी ने रामधारी सिंह दिनकर और ज्योति तिवारी ने सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय एवं अजय सिंघल जी ने माखन लाल चतुर्वेदी जी की पुष्प की अभिलाषा नामक रचना रचना पढ़ कर उनको भावांजलि प्रदान की। संस्था प्रबंधक अभिषेक पाठक ने कार्यक्रम में उपस्थित कवियों का स्वागत किया अभिषेक पाठक ने कहा अब अनवरत ऐसे साहित्यिक कार्यक्रम होते रहने का आश्वासन दिया,जिसके माध्यम से नव कोपलों को कुछ नया सीखने को मिलता रहेगा। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि जल्द संस्थान के लोकार्पण के साथ एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन होने वाला है। इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार अजय सिंघल जी पूर्व अध्यक्ष कला एवं संस्कृति विभाग (हरियाणा) के द्वारा किया गया तथा संस्था की अध्यक्ष ऋचा श्रीवास्तव ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

## धान की बिक्री के लिए नीलामी की खुली बोली दिन में होगी दो बार

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत सीधे कृषकों से धान क्रय करने हेतु शासन द्वारा निर्गत धान क्रय नीति के शासनादेश व खाद्य तथा रसद अनुभाग-4 के प्रस्तर संख्या-17.1, 17.2, 17.3 एवं 17.4 में दी गयी व्यवस्था के अनुपालन में जनपद रायबरेली में कृषकों को उनकी उपज का लाभकारी व प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य दिलाने व मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत गुणात्मक व पारदर्शी ढंग से धान क्रय हेतु किसानों द्वारा मण्डियों में लाये गये धान की बिक्री के लिये नीलामी द्वारा खुली बोली दिन में 02 बार पूर्वान्ह 11:00 बजे और अपरान्ह 02:00 बजे मण्डी सचिव, क्रय संस्थाओं के केन्द्र प्रभारी तथा उपस्थित व्यापारियों के समक्ष लगायी जायेगी।

# पराली प्रबंधन को लेकर जागरूकता वैन को अपर जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस अमेठी




जनपद में पराली जलाने को लेकर किसानों को जागरूक किये जाने हेतु शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता एवं उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार द्वारा झंण्डी दिखाकर प्रचार-प्रसार वाहन को रवाना किया। प्रचार-प्रसार वाहन द्वारा गांव-गांव जाकर कृषकों को पराली न जलाये जाने के सम्बन्ध में जागरूक किये जाने के साथ ही पराली को खेत में ही कम्पोस्ट खाद के रूप में प्रयोग किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा।तथा फसल अवशेष प्रबन्धन एवं फसल अवशेष नही जलाने के सम्बन्ध में किसानो को जागरूक करने एवं फसल अवशेष जलाये जाने से हो रहे प्रदूषण की रोकथाम हेतु पराली प्रबन्धन की जानकारी दी जाएगी।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि कम्बाईन हार्वेस्टर के साथ एसएमएस का प्रयोग किया जाये जिससे पराली प्रबन्धन कटाई के समय ही हो जाये। सुपर एसएमएस के विकल्प के रूप में अन्य फसल अवशेष प्रबन्धन के यंत्र जैसे स्ट्रारीपर, स्ट्रारेक व बेलर मल्चर, स्ट्राचापर, श्रबमास्टर, रोटरी स्लेशर, रिवर्सिबुल एम.बी प्लाउ का प्रयोग कम्बाइन हार्वेस्टर के साथ किया जाये। जिससे खेत में फसल अवशेष बण्डल बनाकर अन्य उपयोग में लाया जा सके अथवा काटकर मिट्टी में मिलाया जा सके। कम्बाईन हार्वेस्टर के संचालक की जिम्मेदारी होगी कि कटाई के दौरान व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित कराते हुए कटाई का कार्य करेगें।यदि कम्बाइन स्वामी द्वारा बिना फसल अवशेष प्रबन्धन के यंत्रो यथा एसएमएस, स्ट्रारीपर आदि का उपयोग किये बिना कम्बाईन का प्रयोग किया जाता है,तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई किसान बिना पराली को हटाये रबी की बुवाई के समय जीरोट्रिल सीड कम फर्टी ड्रिल, हैप्पीसीडर या सुपर सीडर का प्रयोग कर सीधे बुवाई करना चाहता है,या फिर डीकम्पोजर का प्रयोग कर पराली प्रबन्धन करना चाहता है,तो ऐसे किसान अनिवार्य रूप से इस आशय का घोषणा पत्र सम्बन्धित उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी को देगे कि उसके द्वारा पराली नही जलायी जायेगी।

उन्होंने जनपद के समस्त किसानों बंधुओ से कहा कि फसल अवशेष को न जलाये तथा अपनी मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाये।पराली प्रबन्धन किये जाने हेतु अधिक से अधिक पराली को मिट्टी में मिलाकर, कम्पोस्ट खाद बनाकर,गौशालाओ, गौसेवको को उपलब्ध करायें।



**मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पीएम...**

मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण के संबंध बैठक...

▸ शेष पेज 07 पर...

# सीएसए में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ





जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में आज तीन दिवसीय (18 से 20 अक्टूबर 2024 ) मृदा, जल एवं ऊर्जा प्रबंधन द्वारा सतत कृषि एवं आजीविका सुरक्षा÷ विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन हुआ। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना एवं अन्य अतिथियों द्वारा विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने तीन दिवसीय संगोष्ठी की सफलता हेतु सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न प्रांतो से आए कृषि वैज्ञानिक मृदा,जल की समस्याओं और उनके निराकरण पर चर्चा करेंगे। जिससे खेती बाड़ी और नए आयाम हासिल करेगी। उन्होंने उपस्थित शोध छात्रों से आवाहन किया कि वे अपनी सुविधा अनुसार गांव में कृषकों के साथ कृषि तकनीकी पर चर्चा करें, तो निश्चित तौर पर कृषक छात्रों की भावनाओं को समझेंगे, उन्होंने शोध छात्रों से कहा की नई तकनीक से अद्यतन रहे क्योंकि रोज प्रतिदिन नए-नए नवाचार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषकों के मध्य कृषि नवाचारों के जागरूकता का परिणाम है कि कृषकों की आय में वृद्धि हुई है। कुलपति टाटा आनंद कुमार सिंह ने कहा कि देश में आईसीएआर के 100 से अधिक संस्थानों, 77 कृषि विश्वविद्यालयों तथा 731 कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से कृषकों को नावों में ऐसी तकनीकी से ओतप्रोत किया जा रहा है। जिससे उनकी आमदनी में बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कृषि विविधीकरण, सरकारी नीतियों की जानकारी तथा नई सिंचाई पद्धतियों के अपनाने तथा मृदा क्षरण रोकने जैसे उपायों पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि करनाल संस्थान के निदेशक डॉ आरके यादव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले वैज्ञानिकों एवं कृषको को सम्मानित भी किया गया। एससीएसआई के अध्यक्ष डॉक्टर टीवीएस राजपूत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा समिति की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम आयोजक डॉक्टर मुनीश कुमार ने तीन दिवसीय संगोष्ठी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर वैज्ञानिकों द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया।

अंत में सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर कौशल कुमार द्वारा दिया गया।

जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉक्टर विनीता सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ एस एस ग्रेवाल पूर्व निदेशक पी ए यू लुधियाना, डॉक्टर नीलम पटेल नीति आयोग सहित देश के विभिन्न प्रांतो के ख्याति प्राप्त वैज्ञानिक, छात्र एवं किसान उपस्थित रहे।

# गोरखपुर में नेत्रहीनों पर लाठी चार्ज की निन्दा, दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव व राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने गोरखपुर जिलाधिकारी कार्यालय पर नेत्रहीन छात्रों के साथ धक्का मुक्की व लाठी चार्ज की निन्दा की है।

वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में दिव्यांगजनों के साथ अन्याय अत्याचार व अमानवीय व्यवहार हो रहा है। जिसे बरदास्त नहीं किया जायेगा। सरकार व प्रशासन दिव्यांगजनो की जायज मांगों को नहीं सुन रहा है। उन्होंने कहा कि 25 अक्टूबर को दिव्यांग महागठबन्धन द्वारा भाजपा कार्यालय में प्रदर्शन के दौरान इस मामले को भी उठाया जायेगा7 10 माह से ईको गार्डेन में धरना दे रहे लेखपाल पद पर चयनित दिव्यांगजनो के साथ भी सरकार ने न्याय नही किया है।

ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में स्पर्श विद्यालय के दृष्टिबाधित छात्रों पर पुलिस ने धक्का मुक्की व लाठीचार्ज कर दिया। दरअसल स्पर्श विद्यालय से तीन शिक्षकों का तबादला कर दिया। छात्रों की मांग थी कि उन शिक्षकों को वापस विद्यालय में नियुक्ति दी जाए। कई दिन तक धरना चलने के बाद जब सुनवाई नहीं हुई तो छात्र डी एम कार्यालय चले गए। वहां उनसे डीएम ने मुलाक़ात करने के बजाय पुलिस से धक्का देकर बाहर निकलवा दिया, जब नेत्रहीन छात्र वहां से जाने को तैयार नहीं हुए तो लाठीचार्ज करा दिया। जो छात्र जायज़ मांग कर रहे थे और छात्रों को दिखाई भी नहीं देता है। उन पर लाठीचार्ज करके अधिकारियों ने घटिया मानसिकता का परिचय दिया है। बीते दिन की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, अशोक कुमार, अर्जुन कुमार आदि शामिल थे।

# एसएनके पान मसाला के प्रतिष्ठानों पर डीजीजीआई का छापा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में डीजीजीआई गुड़गांव और लखनऊ की 28 अफसरों की टीमों ने शुक्रवार को शहर के बड़े पान मसाला कारोबारी एसएनके के चार, ट्रांसपोर्टर प्रवीण जैन और सुपारी ट्रेडिंग का काम करने वाले विवेक अग्रवाल के सात से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापा मारा।

एसएनके के पनकी स्थित दो फैक्टरी, रतनलाल स्थित आवास, स्वरूप नगर स्थित आवास के अलावा विवेक अग्रवाल के किदवई नगर स्थित आवास, प्रवीण जैन के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित गोदाम और आवास पर कार्रवाई की गई है।

अफसरों को बड़े पैमाने पर कर चोरी के दस्तावेज मिले हैं। अफसरों ने सभी के मोबाइल जब्त तक कर लिए हैं। किसी को आने जाने नहीं दिया जा रहा है।

# वेज के नाम पर नॉनवेज बेचने का आरोप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

वेज के नाम पर नॉनवेज बेचने के आरोपी मामा-भांजा वेज कॉर्नर पर शुक्रवार को नगर निगम ने बुलडोजर चला दिया। फुटपाथ पर रखा काउंटर भी जब्त कर लिया। मुख्यमंत्री से शिकायत के बाद यह कार्रवाई हुई।

किदवईनगर ई-ब्लाक निवासी विकास त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि किदवईनगर - बारादेवी रोड पर स्थित मामा-भांजा वेज कॉर्नर में ग्राहकों को वेज के नाम पर नॉन वेज परोसा जा रहा है। इतना ही नहीं रेस्टोरेंट संचालक मुबीन अहमद फुटपाथ पर अतिक्रमण भी किए हुए है। इस पर मुख्यमंत्री कार्यालय से जिलाधिकारी को रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई के लिए कहा गया। इसके बाद नगर आयुक्त सुधीर कुमार के निर्देश पर नगर निगम जोन - 3 के जोनल अधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह, कर अधीक्षक राजेंद्र पाल व राजस्व निरीक्षक अंकिता सिंह ने पुलिस फोर्स के साथ शुक्रवार को रेस्टोरेंट ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू कर दी। फुटपाथ ऊंचा कर बनाया गया चबूतरा तोड़ दिया गया। जोनल अधिकारी ने बताया कि रेस्टोरेंट संचालक को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई है।

# मैं ब्राह्मण हूं सभा के पदाधिकारियों ने बहराइच घटना को लेकर कमिश्नर को सौपा ज्ञापन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में 13 अक्टूबर को दुर्गा पूजा (प्रतिमा विसर्जन) जुलूस के दौरान दंगाइयों द्वारा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के उद्देश्य से यात्रा पर पथराव किया गया। हमलें के दौरान सर्व समाज के सामने ब्राह्मण राम गोपाल मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। हृदयविदारक घटना खुलेआम होने एवं पीड़ित परिवार को सरकारी मदद न मिलने से हिन्दू समाज एवं ब्राह्मण वर्ग में आक्रोश का माहौल बना हुआ है। इस कारण मैं ब्राह्मण हूँ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. दुर्गेश मणि त्रिपाठी एवं वरिष्ठ संरक्षक पं. शैल शुक्ला के निर्देश पर युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुरंजन शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नर कानपुर को मा. मुख्यमंत्री जी के नाम संबोधित ज्ञापन सौपा है। ब्राह्मण वर्ग समाज में सदैव ही सनातन धर्म का प्रचारक रहा है। हाल कि तमाम घटनाओं से प्रदर्शित होता है कि दुभार्वना से ब्राह्मण वर्ग को चिन्हित करके समाज मे प्रताड़ित किया जा रहा है, मै ब्राह्मण हूँ महासभा आपसे निवेदन करती है कि ब्राह्मण समाज मे व्याप्त हो रहे असुरक्षा की भावना को ब्राह्मण संरक्षण एक्ट लागू कर ब्राह्मण समाज एवं सनातन संस्कृति के रक्षार्थ कार्य करें। (1) स्व. रामगोपाल मिश्रा जी की पत्नी को 1 करोड़ रूपये राहत कोष से प्रदान की जाये। सनातन धार्मिक यात्राओं, विसर्जन एवं सनातन धर्म से संबन्धित कार्यक्रमों मे पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था की जाये। स्व.रामगोपाल मिश्रा के परिवारजन में 1 व्यक्ति को सरकारी नौकरी प्रदान की जाये ताकि उनका जीवन यापन हो सके। बहराइच दंगो में घायल व्यक्तियों के इलाज की समुचित व्यवस्था की जाये एवं उचित मुआवजा प्रदान किया जाये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एड. पूजा दुबे, पं.सुरेश त्रिपाठी, पं.पवन तिवारी, प्रशांत त्रिपाठी, आशीष त्रिपाठी, सानुज तिवारी, मोनू तिवारी, पवन शुक्ला, आयुष मिश्रा, आलोक तिवारी, अभय द्विवेदी, साजन शुक्ला, लवकुश मिश्रा, अभिषेक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

इटावा। बलरई थाना क्षेत्र के फकीरे की मड़ैया में विवाहिता का शव फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। ससुरालियों से कहासुनी के बाद फंदा लगाने की वजह भाई ने बताई है। इकदिल थाना क्षेत्र के नेवरपुर गांव निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसकी बड़ी बहन राजकुमारी (32) की शादी 2011 में धर्मेंद्र कुमार के साथ हुई थी। जीजा धर्मेंद्र फकीरे की मड़ैया के रहने वाले हैं। गुरुवार को ससुरालियों से बहन का विवाद हो गया था। इसकी सूचना पर वह बहन के घर गया था। वहां बहन और ससुरालियों को समझाने के बाद घर लौट रहा था। रास्ते में उसके जीजा ने फोन से सूचना दी कि राजकुमारी ने फंदा लगाकर जान दे दी है। वह बहन के घर परिजनों के साथ पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

# एसीएम तीन के कार्यालय में नामांकन शुरू




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कानपुर में सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए शुक्रवार से नामांकन शुरू हो गए हैं। प्रशासन ने गुरुवार तक ही तैयारियां पूरी कर ली थी। एसीएम-तीन के कार्यालय में प्रत्याशी 11 से तीन बजे तक नामांकन करा सकते हैं। नामांकन कक्ष में प्रत्याशी के साथ चार लोगों को ही प्रवेश की अनुमति हैं। वहीं, एक प्रत्याशी चार-चार सेट नामांकन पत्र ले सकेगा।

नवीन सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने उपचुनाव की तैयारियों के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की थी। कहा था कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किए जाएं, जिससे लोग बढ़-चढ़कर मताधिकार का प्रयोग करें।

उन्होंने मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

### गल्ला मंडी का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

उपचुनाव को लेकर गुरुवार शाम जिला निर्वाचन अधिकारी और डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने नौबस्ता गल्ला मंडी में सुरक्षा व्यवस्था निरीक्षण किया। तय किया गया कि गल्ला मंडी से ही पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। यहां स्ट्रांग रूम भी बनाया जाएगा। साथ ही मतगणना भी होगी। एडीएम राजेश कुमार को निर्देश दिए कि मंडी परिसर की खामियों को समय से पूरा करा लें।

### प्रचार सामग्री में नियमों की अनदेखी में कारावास का प्रावधान

उपचुनाव के लिए प्रचार सामग्री के प्रकाशन में नियमों की अनदेखी करने पर छह महीने तक की सजा और जुर्माने का प्रावधान है। इसे दो हजार रुपये तक बढ़ाया जा सकता है। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बैठक में ये जानकारी विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी। बताया कि निर्वाचन पंफलेट, पोस्टर पर मुद्रक, प्रकाशक का नाम और पता लिखना अनिवार्य है। बिना इसके प्रचार सामग्री मिलने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

# महिला से बाइक सवार ने लूटी चेन, पोस्ट ऑफिस से लौट रही थी घर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जरौली-फेस दो के रामगोपाल चौराहा निवासी विजय कुमार की पत्नी मीरा गुप्ता बुधवार को पोस्ट ऑफिस से घर लौट रहीं थीं। रास्ते में शनि देव मंदिर के थोड़ा आगे काले रंग की पल्सर बाइक से दो बदमाश आए और झपट्टा मारकर उनके गले में पड़ी चेन लूट ली। शोर मचाने पर लोग इकट्ठे हुए और लुटेरों को दौड़ाया लेकिन वह भागने में कामयाब रहे।

बर्रा थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि पीड़ित मीरा गुप्ता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। घटना स्थल और उसके आसपास लगे 50 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए, लेकिन अभी तक लुटेरों का सुराग नहीं लगा है। घटनास्थल से लेकर काफी आगे तक दुकानों और घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# निकायों व केडीए कर्मियों को धनतेरस से पहले वेतन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

महीने के आखिरी दिन पड़ रहे दीपावली के त्योहार से पहले की तैयारियों को लेकर चिंता में डूबे कर्मचारियों के लिए राहत भरी खबर है।

नगर निगम, जलकल और कानपुर विकास प्राधिकरण ने अपने कर्मचारियों को धनतेरस से पहले वेतन देने के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

सभी प्रभारी अधिकारियों से कर्मचारियों की हाजिरी का पूरा डेटा मांगा गया है, ताकि 25 से 27 तारीख के बीच नियमित कर्मचारियों के अलावा आउटसोर्स, पीआरडी व सुरक्षा में लगे जवानों समेत सभी श्रेणी के कर्मचारियों को वेतन दिया जा सके।

इसी के साथ ही अमूमन महीने की आखिरी तारीख को वेतन पाने वाले विभिन्न विभागों के राज्य कर्मचारियों को भी धनतेरस से पहले वेतन खाते में आने की उम्मीद है। हालांकि कर्मचारी सैलरी एडवांस के साथ-साथ डीए और बोनस की भी राह देख रहे हैं। कर्मचारी संगठनों ने भी सरकार से त्योहार से पहले वेतन और बोनस भुगतान की मांग की है।

### खेल विभाग और यूपीसीए देगा बोनस

उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अपने अधिकारियों, कर्मचारियों, गार्ड समेत अन्य सदस्यों को दीपावली से पहले बोनस और वेतन दिया जाएगा। खेल विभाग भी दीपावली पर सरकार के आदेशानुसार इस बार बोनस त्योहार से पहले प्राप्त हो जाएगा।

### रोडवेज कर्मियों का बोनस 10 साल से बंद

रोडवेज कर्मियों का बोनस दस साल से बंद है। रोडवेज कर्मचारी यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष गया प्रसाद पांडेय ने बताया कि पिछले महीने यूनियन की प्रदेश स्तरीय बैठक हुई थी जिसमें बोनस की मांग हुई थी। अब 24 अक्टूबर को शासन के सामने मांगपत्र रखा जाएगा जिसमें बोनस के साथ ही टीए और डीए बढ़ाने की मांग रहेगी।

### महीने की पहली या दूसरी तारीख को मिलता है वेतन

शहर में केंद्र और राज्य सरकार के विभागों में करीब 1.5 लाख कर्मचारी और अधिकारी काम करते हैं। वहीं, केडीए, नगर निगम और जलकल में भी करीब दस हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। राज्य सरकार के अधीन आने वाले उद्योग विभाग, एसजीएसटी, श्रम विभाग समेत अन्य सरकारी कार्यालयों में महीने की पहली या दूसरी तारीख को वेतन मिलता है।

### एडवांस में सैलरी देने की मांग शुरू की थी

वहीं, केंद्र सरकार के कार्यालयों में अंतिम कार्यदिवस पर भुगतान की व्यवस्था है। आउटसोर्स व अन्य श्रेणी के तहत लगे कर्मचारियों को महीने के पहले हफ्ते या उसके बाद ही वेतन मिलता है। ऐसे में कर्मचारियों के मन में इस बात को लेकर चिंता थी कि वेतन अगर नियत दिन आया तो उनकी दिवाली फीकी रह जाएगी। इसी वजह से कर्मचारी संगठनों ने एडवांस में सैलरी, बोनस व डीए देने की मांग शुरू की थी।

### बैंक कर्मचारी-अधिकारी तनावमुक्त

केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारी-अधिकारी दिवाली के महीने के आखिर में पड़ने के बाद भी तनावमुक्त हैं। कारण, बैंकों में सामान्य तौर पर वेतन महीने की 25 तारीख को आ जाता है। एसबीआई व पीएनबी में 25 को जबकि बैंक आफ बड़ौदा में 24 को वेतन आता है। बैंक आफ इंडिया व अन्य सरकारी बैंकों में 30 अक्तूबर से पहले वेतन और बोनस का भुगतान होता है लेकिन त्योहार की वजह से उन्हें भी पहले ही वेतन मिलने की उम्मीद है।

### कर्मचारी संगठनों ने पत्र लिखकर की थी मांग

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के संरक्षक भूपेश अवस्थी और जिलाध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने सरकार को पत्र भेजकर 26-27 अक्तूबर तक बोनस और वेतन भुगतान कराने की मांग की थी। हालांकि सेंट्रल गवर्नमेंट ऑफिसर्स एंड इंप्लाइज वेलफेयर फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक शरद प्रकाश अग्रवाल ने दावा किया कि आयकर समेत सभी केंद्रीय विभागों में महीने के अंतिम कार्यदिवस पर भुगतान होगा।

### इन्होंने भी मांगा है एडवांस में वेतन-भत्ता

केस्को मजदूर संघ के अध्यक्ष विजय त्रिपाठी ने बताया कि एसोसिएशन की ओर से मांग की गई है कि सभी स्थायी और संविदा कर्मियों को दीपावली से पूर्व वेतन, डीए और टीए मिल जाए ताकि उनका त्योहार बेहतर मन सके। वहीं, दशहरे पर बोनस पा चुके रेल कर्मियों को भी एडवांस में वेतन और डीए मिलने की उम्मीद है ताकि उनकी भी दिवाली रौशन रहे।

# कानपुर और मथुरा ने चतुर्वेदी कप में जीते मुकाबले

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

श्री माथुर चतुर्वेदी सभा कानपुर के तत्वावधान में द्वितीय टी-20 चतुर्वेदी कप-2024 में गुरुवार को पहले दिन दो मुकाबले खेले गए। कानपुर साउथ मैदान पर खेले गए पहले मैच में मथुरा इलेवन ने इटावा इलेवन को चार विकेट से हराया। दूसरे मैच में कानपुर इलेवन ने जयपुरिया क्रिकेट टीम को सात विकेट से मात दी। इससे पहले सांसद रमेश अवस्थी ने पहले मैच का और विधायक महेश त्रिवेदी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

कानपुर साउथ मैदान पर पहले मैच में इटावा इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18 ओवर में 109 रन बनाए। इसमें शंकर चतुर्वेदी ने 20, वेदांत चतुर्वेदी ने 19 रन बनाए, तो गेंदबाजी में गिरधर वंश ने चार, आकाश चतुर्वेदी व चतुर्वेदी सौरभ ने दो-दो को आउट किया। जवाब में मथुरा इलेवन ने 17.2 ओवर में छह विकेट पर 110 रन बनाकर मैच जीता। जीत में रवि चतुर्वेदी ने नाबाद 58 रन की पारी खेली, तो गेंदबाजी में शिवम चतुर्वेदी ने तीन व वेदांत चतुर्वेदी ने दो को आउट किया।


# कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 39वाँ वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ

पत्रांक: 2809/131 (1) एम-39/2024 — दिनांक: 07/10/2024

**आमंत्रित ई-निविदा सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग के भवन कार्यों हेतु श्रेणी-ए/बी में पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाए गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) जी0एस0 टी0 रहित | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिषासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1. | लखनऊ | प्रमुख अभियन्ता कार्यालय परिसर स्थित विश्वेश्वरैया हाल की शेड एवं फाल्स सीलिंग की मरम्मत का कार्य। | 68.00 | 6.40 | Stationery charges Rs. 2000+ Tender Cost 300+ Rs 54.00 GST | 03 माह | अधि0 अभि0 अनु0 स0 -1 (सि0) लो0 नि0 वि0 लखनऊ | अधीक्षण अभियन्ता वृत्त, लो0नि0वि0 लखनऊ | मुख्य अभियन्ता, (भवन) लो0नि0 वि0, लखनऊ | ए/बी |

निविदा ऑनलाइन दिनांक 28.10.2024 की पूर्वान्ह 11:00 बजे से दिनांक 08.11.2024 की अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है, एवं दिनांक 08.11.2024 के अपरान्ह 12.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 08.11.2024 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगीं। शासनादेश सं0-1/2018/3070/78-2-2018/42 आई0टी0/2017 (22) दिनाक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने हैं। निविदादाता द्वारा मूल अनिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेण्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है। निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्ते http//etender.up.nic.in पर देखी जा सकती हैं।

UPID-220846, Date-17.10.2024
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(योगेन्द्र सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
39वाँ वृत्त, लो0नि0वि0, लखनऊ

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# उत्तर प्रदेश के उपचुनाव में भी भाजपा हिंदुत्व एवं राष्ट्रवाद के सहारे

**साफ है कि अब भाजपा यूपी के उपचुनाव में हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार देगी। इसका असर प्रदेश में दिखने भी लगा है। हालांकि, भाजपा के एजेंडे की काट को लेकर कांग्रेस और सपा ने भी तैयारी शुरू कर दी है। बता दें हरियाण की तरह जम्मू-कश्मीर में भी ज्यादातर हिंदू भाजपा के पक्ष में गोलबंद दिखे। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, हिंदू लामबंदी जिस तरह जातीय गोलबंदी पर भारी पड़ती दिखी है, वह यह बताने को पर्याप्त है कि बंटोगे तो कटोगे के नारे ने नतीजों पर असर डाला है। जाहिर है कि भाजपा इसे और धार देगी ताकि यूपी में 2014 से लेकर 2022 जैसे समीकरणों को फिर मजबूत किया जा सके।**



*इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भले ही संविधान,आरक्षण और जातीय समीकरण साध कर बीजेपी की हिन्दुत्व की राह में रोड़े बिछा दिये थे, लेकिन कहते हैं कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है और हाल ही में सम्पन्न हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधान सभा चुनाव में बीजेपी के हिन्दुत्व ने एक बार फिर हुंकार भरी और कांग्रेस के हरियाणा में सरकार बनाने के सपने चूर-चूर हो गये। इसी से उत्साहित बीजेपी अब यूपी के उप चुनाव में भी हिन्दुत्व की पिच पर बैटिंग करने का मन बना चुकी है। जातीय समीकरण को साधने के लिए भाजपा फिर हिंदुत्व के एजेंडे का इस्तेमाल करेगी। कहा जा रहा है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव का फायदा भाजपा यूपी के उपचुनाव में भी उठाना चाहती है। पार्टी का भी मानना है कि हिंदुत्व के फार्मूले से जातीय समीकरण साधने में उसे मदद मिलेगी। भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व यूपी की नौ विधानसभा सीटों के लिए नवंबर में होने वाले उपचुनाव में हिंदुत्व के साथ राष्ट्रवाद के फार्मूले का परीक्षण करेगी। लोकसभा चुनाव में यूपी में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से दुखी बीजेपी को अगर हिंदुत्व के सहारे उप चुनाव में सफलता मिलती है तो 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए इसी आधार पर पार्टी का आलाकमान रणनीति बनाई जायेगा। दरअसल, हरियाणा में लगातार तीसरी बार और 2014 व 2019 के मुकाबले ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाकर भाजपा ने सारे कयासों को झुठला दिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का करिश्मा भाजपा भले ही नहीं कर पाई हो, लेकिन वहां मिले सबसे ज्यादा वोटों ने पार्टी में नई उम्मीद जगाई है। लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में आए नतीजों को कांग्रेस ने भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति से विदाई के तौर पर प्रचारित किया। अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर ने इसे एक तरह से खारिज कर दिया है। साफ है कि अब भाजपा यूपी के उपचुनाव में हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार देगी। इसका असर प्रदेश में दिखने भी लगा है। हालांकि, भाजपा के एजेंडे की काट को लेकर कांग्रेस और सपा ने भी तैयारी शुरू कर दी है। बता दें हरियाण की तरह जम्मू-कश्मीर में भी ज्यादातर हिंदू भाजपा के पक्ष में गोलबंद दिखे। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, हिंदू लामबंदी जिस तरह जातीय गोलबंदी पर भारी पड़ती दिखी है, वह यह बताने को पर्याप्त है कि बंटोगे तो कटोगे के नारे ने नतीजों पर असर डाला है। जाहिर है कि भाजपा इसे और धार देगी ताकि यूपी में 2014 से लेकर 2022 जैसे समीकरणों को फिर मजबूत किया जा सके।*

## एक्सप्रेस आलेख

**इसी साल अगस्त के अंत में जब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उत्तरी ओंटारियो में एक स्थानीय स्टील कर्मचारी से हाथ मिलाने के लिए हाथ बढ़ाया तो कर्मचारी ने हाथ मिलाने से मना कर दिया और कहा कि मुझे एक पल के लिए भी आप पर विश्वास नहीं है। साफ है कि ट्रूडो से जनता हताश और निराश हो गई है। एक पोल ट्रैकर के अनुसार, प्रधानमंत्री के रूप में ट्रूडो की स्वीकृति दर इस समय 63 प्रतिशत से गिरकर केवल 28 प्रतिशत रह गई है। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे के अनुसार ट्रूडो की सरकार अल्पमत में है और वह उसे गिराने के लिए जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। यदि पोलीवरे सफल होते हैं, तो कनाडा में चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं।**

# कनाडा के क्रेजी प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो का पागलपन



**बिक्रम उपाध्याय**

**कनाडा के प्रधानमंत्री ने अभी तक अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है, लेकिन अपने अपरिपक्व बयानों से दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों को तनावपूर्ण ज़रूर बना दिया है। भारत ने ना सिर्फ कनाडा से अपने दर्जनों राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुला लिया है बल्कि वीजा सेवाओं को भी निलंबित करने की पहल कर दी है।**

इसी साल मार्च में ट्रूडो ने अपने एक वक्तव्य में कहा था कि वह रोज़ सोचते हैं कि यह क्रेज़ी जॉब छोड़ दें लेकिन छोड़ नहीं पाते। जस्टिन के लिए प्रधानमंत्री का पद एक क्रेज़ी जॉब है, जिसे वह अगले चुनाव तक जारी रखना चाहते हैं। शायद ट्रूडो को अपने राजनीतिक भविष्य का अंदाज़ बहुत पहले हो गया था और इसी कारण वह तमाम उल्टी-सीधी बातें कर रहे हैं और उटपटांग फैसले ले रहे हैं। वे जनता के सवालों का सामना नहीं करना चाहते और उन्हें यह भी सर्वेक्षणों से पता चल गया है कि वह कनाडाई लोगों के बीच लोकप्रियता तेज़ी से खोते जा रहे हैं। कनाडा का अगला आम चुनाव अगले साल अक्टूबर में ही होने वाला है। अभी तक जितने भी जनमत सर्वेक्षण हुए हैं, उनसे साफ संकेत मिलता है कि लोगों में उनकी सरकार को लेकर असंतोष बढ़ रहा है। उनके शासनकाल में कनाडाई लोगों के समक्ष आवास, महंगाई और बेरोजगारी की समस्या विकराल होती जा रही है और विपक्षी कंजर्वेटिव नेता उनकी नाक में दम किए हुए हैं। ट्रूडो अब अपनी ही लिबरल पार्टी पर बोझ बनते जा रहे हैं। कनाडा में यह आशंका घर करने लगी है कि ट्रूडो इनसे पार पाने की स्थिति में नहीं हैं और अच्छा है कि चुनाव से पहले ही वह बाहर निकलने का विकल्प सोच लें। अब उनकी ही पार्टी के कुछ सहयोगियों ने सुझाव देना शुरू कर दिया है कि उनके जाने का समय आ गया है। ट्रूडो का व्यक्तिगत जीवन भी ठीक नहीं चल रहा है। उनकी पत्नी सोफी ग्रेगोइरे पहले ही अलग हो चुकी हैं। कई अन्य फैसलों के साथ ट्रूडो द्वारा जिस तरह कुछ साल पहले कनाडा की धरती पर एक सिख अलगाववादी की हत्या को लेकर विवाद उत्पन्न किया गया है, उसे भी उनका एक क्रेज़ी फैसला ही माना जा रहा है। उनके इस बेवकूफ़ी भरे कदम ने भारत और कनाडा के बीच के राजनयिक संबंधों पर ग्रहण लगा दिया है। हद तो तब हो गई जब जस्टिन ट्रूडो की सरकार और पुलिस ने हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में सीधे तौर पर भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगा दिया। कनाडाई पुलिस ने भारतीय एजेंटों पर हत्या, जबरन वसूली और हिंसक कृत्यों में शामिल होने और खालिस्तान समर्थक आंदोलन के समर्थकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। ये आरोप निश्चित रूप से बेतुके हैं। साफ तौर पर ट्रूडो ने राजनीतिक लाभ के लिए ऐसा किया है



**इस समय जो कुछ भी हो रहा है, वह रेत के ढेर से रेत खिसकने जैसा ही है। प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी विदाई की इबारत दीवारों पर लिखी देख रहे हैं, लेकिन उसे नजरअंदाज करने के लिए कनाडाई अस्मिता का एक स्वांग करने का यत्न कर रहे हैं।**

क्योंकि कनाडा में सिख समुदाय की संख्या अच्छी-खासी है और वे उन्हें खुश करने के लिए ऐसा करना चाहते हैं। ट्रूडो की राजनीतिक मंशा इसी से साफ झलकती है। उन्होंने भारत पर यह लांछन एक लाइव टेलीविज़न पर बोलते हुए लगाया। ट्रूडो ने कहा कि भारत ने कनाडा में आपराधिक कृत्यों का समर्थन करके एक मौलिक गलती की है। उल्लेखनीय है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने अभी तक अपने दावों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है, लेकिन अपने अपरिपक्व बयानों से दिल्ली और ओटावा के बीच संबंधों को तनावपूर्ण ज़रूर बना दिया है। भारत ने ना सिर्फ कनाडा से अपने दर्जनों राजनयिक कर्मचारियों को वापस बुला लिया है बल्कि वीजा सेवाओं को भी निलंबित करने की पहल कर दी है। छह कनाडाई राजनयिकों को भी भारत छोड़ने के लिए कह दिया गया है। जस्टिन ट्रूडो जो इस समय फैसले ले रहे हैं, उनके साथ ना तो कनाडा की जनता है और ना उनकी सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी।

एक समाचार एजेंसी के अनुसार, लिबरल पार्टी के सांसदों का एक समूह भारत के खिलाफ एकतरफा फैसले को लेकर प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने का दबाव बना रहा है। सीबीसी न्यूज़ रिपोर्ट के अनुसार, पिछले सप्ताह ओटावा में कई असंतुष्ट सांसदों ने मुलाकात कर ट्रूडो को हटाने के एक प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए। सांसदों की यह बैठक हाल ही में सम्पन्न मॉन्ट्रियल और टोरंटो में लिबरल पार्टी के उपचुनाव में हार के बाद हुई थी। कहा तो यह भी जा रहा है कि कम से कम 30 से 40 सांसद नेतृत्व में बदलाव की मांग करने वाले पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में शामिल थे। ट्रूडो द्वारा खालिस्तानी आतंकवादियों के समर्थन के लिए भारत के साथ संबंधों को नष्ट करने का उनका यह प्रयास अब उनके खिलाफ ही माहौल बनाने का कारण बनता जा रहा है। कनाडाई प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि इससे पहले कि वह कनाडा को पूरी तरह से डुबो दें, देश को जल्द से जल्द उनसे खुद को अलग कर लेना चाहिए। एक कनाडाई नागरिक का कहना है कि ट्रूडो नैतिक रूप से भ्रष्ट हैं और अपना पूरा जीवन आत्म-अधिकार की भावना के साथ जीते हैं। वह खुद को अपने पिता पियरे इलियट का पुनर्जन्म मानते हैं। वह यह भी मानते हैं कि कनाडाई करदाताओं का पैसा उनका अपना है और वह जैसे चाहें, उसे इस्तेमाल कर सकते हैं। वह राजनेताओं के व्यवहार के लिए बने कानूनों से खुद को ऊपर मानते हैं। इसी साल अगस्त के अंत में जब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उत्तरी ओंटारियो में एक स्थानीय स्टील कर्मचारी से हाथ मिलाने के लिए हाथ बढ़ाया तो कर्मचारी ने हाथ मिलाने से मना कर दिया और कहा कि मुझे एक पल के लिए भी आप पर विश्वास नहीं है। साफ है कि ट्रूडो से जनता हताश और निराश हो गई है। एक पोल ट्रैकर के अनुसार, प्रधानमंत्री के रूप में ट्रूडो की स्वीकृति दर इस समय 63 प्रतिशत से गिरकर केवल 28 प्रतिशत रह गई है। कंजर्वेटिव नेता पियरे पोलीवरे के अनुसार ट्रूडो की सरकार अल्पमत में है और वह उसे गिराने के लिए जल्द से जल्द अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। यदि पोलीवरे सफल होते हैं, तो कनाडा में चुनाव जल्दी भी हो सकते हैं। इप्सोस के एक राजनीतिक विश्लेषक और पोलस्टर डेरेल ब्रिकर का कहना है कि ट्रूडो की सरकार मूल रूप से खत्म हो चुकी है।

## एक्सप्रेस कविता

*छलक ना जाए गम इसी बहाने से*
*यूं ही झिझकता रहता मुस्कुराने से ।*
*रोज हिचकियां बहुत आती होगी*
*मैं कर रहा हूं याद इक जमाने से।*
*दुनिया में ऐसा कोई इंसान नहीं मिलता*
*जिसे परहेज न हो हमें गले लगाने से।*

*यहां पर मिलते हैं कद्र-दान बहुतेरे*
*टूटा दिल कहां जाए इस मयखाने से।*
*कब-कहां समझा उसने जज्बातों को*
*कब से लगा है वो मुझे आजमाने में।*
*हवा का रुख बदला हुआ है शहर में*
*पसीने से तर हूं अपना वजूद बचाने में।*
*तरक्की से परेशान है लोग दूसरों की*
*संजीव जमाने से लगा हूं पैर जमाने में।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

*आदत किसी भी चीज की अच्छी नहीं होती अति होने पर हमेशा कष्टदायक होती है प्रलोभन में आकर कार्य ना करें क्योकि उस कार्य को आप ज़्यादा समय नहीं कर पाओगे*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वितीया 09:49 तक |
| नक्षत्र: | भरणी 10:46 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | सिद्ध, 17:41 |
| सूर्योदय: | 06:25 |
| सूर्यास्त: | 17:46 |
| चंद्रमा: | वृषभ राशि में |
| राहुकाल: | 09:15-10:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1946 |
| मास: | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्त: | 11:43-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### बदला बदला रुप है !

*बदल गए अचानक ।*
*ज्ञान रहे हैं बांट ।।*
*बदला बदला रुप है ।*
*बंद हो गई ठाट ?*
*लगते कभी कूदने ।*
*और कभी ख़ामोश ।।*
*है किसकी रणनीति ?*
*कहें किसका दोष ।।*
*ये कैसा व्यवहार ।*
*करने को उद्धार ।।*
*लगता चल कर इसी राह ।*
*है आनी बहार ?*
*किया कभी अपमान ।*
*कभी करते प्यार ।।*
*कर सकते प्रवेश ।*
*शायद नए द्वार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# डिलीवरी के बाद शरीर की सूजन दूर करने के लिए अपनाएं 5 घरेलू उपाय, मिलेगा जल्द आराम

**डिलीवरी** के बाद महिला के शरीर में कई बदलाव आते हैं। कहा जाता है बच्चे को जन्म देने के बाद एक औरत का दूसरा जन्म होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि डिलीवरी के बाद महिला को काफी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। बच्चे के जन्म के बाद महिला का शरीर काफी कमजोर हो जाता है। ऐसे में मांसपेशियां भी कमजोर हो जाती हैं और हार्मोनल हेल्थ पर भी फर्क पड़ता है। इसके अलावा, महिला को कमर दर्द, पेट दर्द, बदन दर्द जैसी समस्याएं भी शुरू हो जाती हैं। इसी तरह कुछ महिलाओं को डिलीवरी के बाद शरीर में सूजन आने की समस्या हो जाती है। यह बॉडी में नैचुरली होता है जिसे ठीक होने में काफी समय भी लगता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कुछ घरेलू अपनाने से आप शरीर की सूजन को कम भी कर सकते हैं। ये नुस्खे पुराने समय से लोग अपनाते आए हैं, जो सच में असरदार होते हैं।



**एंटी-इफ्लेमेटरी डाइट लें:** डिलीवरी के बाद शरीर में आई सूजन कम करने के लिए आप एंटी-इफ्लेमेटरी डाइट ले सकते हैं। इसके लिए आप अदरक, हल्दी और लहसुन जैसे एंटी-इफ्लेमेटरी फूड्स को अपनी डेली डाइट में शामिल कर सकते हैं। इसके अलावा अपना वाटर इनटेक भी बढ़ा दें। क्योंकि जितना ज्यादा आप पानी पिएंगे शरीर से एक्स्ट्रा वाटर भी बाहर आ जाएगा। इससे शरीर में मौजूद टॉक्सिन भी बाहर आ जाएंगे। ऐसे में आप अदरक या हल्की की चाय भी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

**गर्म सिकाई करें:** गर्म पट्टी या पानी वाले गर्म बैग की सिकाई से सूजन कम होती है। शरीर के जिन हिस्सों पर ज्यादा सूजन है उनकी सिकाई करने से सूजन कम होगी। इससे दर्द भी कम होगा और बॉडी को काफी रिलैक्स महसूस होगा। इसलिए सूजन कम करने के लिए दिन में 2-3 बार गर्म सिकाई जरूर करें। सूजन वाली जगहों पर सिकाई करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है और दर्द से राहत मिलती है।

**सरसों के तेल से मसाज करें:** सूजन कम करने के लिए सरसों के तेल को गुनगुना करके मसाज के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्म तेल से जब हल्के हाथों स मसाज होती है, तो इससे ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। इससे फ्लूड रिटेंशन की समस्या भी ठीक होती है और सूजन कम होने लगती है।

**ज्यादा देर तक न बैठें:** डिलीवरी के बाद बॉडी को ज्यादा से ज्यादा आराम की जरूरत होती है। इसलिए ऐसे में अपनी बॉडी को रेस्ट देना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# अभिधम्म का सम्मान: पाली साहित्य का एक शास्त्रीय रत्न



**प्रोफेसर रविन्द्र पंथ**

**भारत पाली अध्ययन में संसाधन, विशेषज्ञता और नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह न केवल भारत की भाषा पर अधिपत्य को मजबूत करता है बल्कि पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है।**

**पाली को अपनाने और बढ़ावा देने के माध्यम से भारत इस गहन भाषा के जन्मस्थान के रूप में अपनी भूमिका को फिर से हासिल कर सकता है, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार भी कर सकता है। आईबीसी का यह प्रयास न केवल बुद्ध की शिक्षाओं का सम्मान करता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि पाली में संचित ज्ञान फलता-फूलता रहे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहे।**

**अंतरराष्ट्रीय** बौद्ध परिसंघ (आईबीसी) भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली की मान्यता का आयोजन कर रहा है। अभिधम्म पिटक सात ग्रंथों से मिलकर बना है, प्रत्येक बुद्ध की शिक्षाओं के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत अध्ययन करता है। धम्मसंगणि पहला ग्रंथ है, जो अनुभव की दुनिया को बनाने वाली अंतिम वास्तविकताओं की गणना और परिभाषा करता है। विभंग इन वास्तविकताओं का और विश्लेषण करता है, जबकि धातुकथा और पुग्गलपञ्ञत्ति क्रमशः घटनाओं और व्यक्तियों के प्रकारों का वर्गीकरण प्रदान करते हैं। कथावत्थु विभिन्न दार्शनिक दृष्टिकोणों और विवादों को संबोधित करता है, जबकि यामक और पट्ठान उन जटिल शर्तीय संबंधों की गहराई में जाते हैं जो सभी घटनाओं के उत्पत्ति और निष्कर्ष को नियंत्रित करते हैं। पट्ठान को अभिधम्म का शिखर माना जाता है, यह एक विशाल ग्रंथ है जो मन और पदार्थ की पूरी दुनिया को नियंत्रित करने वाले चौबीस प्रकार के शर्तीय संबंधों का विस्तृत अध्ययन करता है। एक वास्तविक अर्थ में अभिधम्म में चार उल्लिखित श्रेणियाँ होती हैं: चेतना, मानसिक अवस्थाएँ, भौतिक गुण, और निब्बाना या अंतिम मुक्ति। - अभिधम्मत्थसंगहो, वयोवृद्ध अनुरुद्ध द्वारा। अभिधम्म चार प्रकार के परमार्थ धम्म (अंतिम वास्तविकताएँ) का कठोर विश्लेषण प्रस्तुत करता है: चित्त (चेतना), चेतसिका (मानसिक कारक), रूप पदार्थ, और निब्बाना (अंतिम मुक्ति)। यह ढांचा साधकों को मानव अस्तित्व की जटिलताओं का अध्ययन करने की अनुमति देता है– मन और पदार्थ के अंतःक्रिया, दुःख की प्रकृति, और निब्बाना की प्राप्ति के लिए मार्ग, या दुःख के अवसान को समझने में। अभिधम्म में एक केंद्रीय अवधारणा शर्तीयता का सिद्धांत है, जो यह स्पष्ट करता है कि सभी घटनाएँ कैसे एक जटिल कारणों और परिस्थितियों के अंतःक्रिया के कारण उत्पन्न होती हैं और समाप्त होती हैं। हालांकि अभिधम्म अत्यधिक तकनीकी और सैद्धांतिक लग सकता है, इसका अंतिम उद्देश्य साधकों को वास्तविकता की सच्ची प्रकृति को समझने में सहायता करना है, जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो। सभी घटनाओं की अस्थायी, असंतोषजनक और निरात्मा स्वभाव को समझकर, व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्तियों और लिप्तता को छोड़ सकता है, जिससे वह दुःख से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन का तीसरा भाग, बुद्ध की नैतिक मनोविज्ञान और दर्शन में गहराई से उतरता है, जो मन, उसके मानसिक कारकों और वास्तविकता को समझने के लिए एक जटिल ढांचा प्रस्तुत करता है। थेरवाद परंपरा के अनुसार, ये शिक्षाएं तावतींसा आकाश में दी गई थीं, जहाँ बुद्ध ने वर्षा ऋतु के दौरान तीन महीने बिताए, देवताओं और अपनी माता को अभिधम्म का उपदेश दिया। भाषाशास्त्रीय दृष्टि से, अभिधम्म दो शब्दों अभि (की ओर) और धम्म धारण करने के लिए से मिलकर बना है, जिसे बुद्ध के उन्नत शिक्षाओं की ओर ले जाने के रूप में समझा जाता है। प्रसिद्ध पाली टिप्पणीकार वें. बुद्धघोष ने अभिधम्म को सबसे उन्नत या विशिष्ट सिद्धांत के रूप में वर्णित किया है, जो सुत्त पिटक की अधिक पारंपरिक शिक्षाओं से इसे अलग करता है। हाल ही में, पाली को मराठी, प्राकृत, असमिया और बांग्ला के साथ क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। यह प्राचीन मध्य इंडो-आर्यन भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की है, जो बुद्ध धर्म की समृद्ध दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं के द्वार खोलती है। यह बौद्ध ग्रंथों और दर्शन की नींव है। अभिधम्म पिटक, पाली कैनन त्रिपिटक का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है। यह ग्रंथ बुद्ध धर्म के मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक आधारों को समझने के लिए आवश्यक है। पाली का प्रभाव भारत से परे फैला हुआ है, खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में, जहां श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, लाओस और कंबोडिया जैसे देशों ने थेरवाद बौद्ध धर्म को अपनाया है। इन देशों में, पाली केवल एक धार्मिक भाषा नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति भी है। अभिधम्म दिवस पाली की समृद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य में इसके रणनीतिक महत्व को याद दिलाने का एक अवसर है। जब आईबीसी पाली भाषा का जश्न मनाता है, तो यह भारत के लिए आर्थिक और कूटनीतिक अवसर भी प्रस्तुत करता है। आईबीसी को अपने एशियाई भागीदारों से मिले उत्साहजनक प्रतिक्रिया, जो भारत सरकार द्वारा पाली को क्लासिकल भाषा के रूप में मान्यता मिलने के बारे में उत्साहित हैं।

# धक्का मार बाइक से गिराया उसके बाद लूट लिया महिला का जेवर

## विरोध करने पर पति पर चला दी गोली

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** बाइक पर सवार पत्नी का जेवर लूटने का विरोध करने पर बदमाशों ने पति को गोली मार दी। मामला नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव किशुनपुर और लखनियांपुर के बीच का है। बदमाशों ने पत्नी के साथ ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक का पीछा किया। इसके बाद नजदीक पहुंचकर पैर से मारकर बाइक को गिरा दिया। गोली मारने के बाद बदमाश जेवर लूटकर भाग गए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीतापुर के हरगांव थाना क्षेत्र के गांव भदेंवा निवासी 28 वर्षीय सुमित अपनी पत्नी जानकी के साथ बाइक से फरधान थाना क्षेत्र के गांव रत्नापुर अपनी ससुराल जा रहा था। नीमगांव थाना क्षेत्र के गांव किशुनपुर और लखनियांपुर के बीच गुरुवार की रात 9 बजे बदमाश बाइक का पीछा करने लगे। इसके बाद नजदीक पहुंचकर पैर से बाइक पर मार दिया। इससे बाइक बेकाबू होकर गिर गई। बदमाश जानकी का जेवर लूटने की कोशिश करने लगे। सुमित ने इसका विरोध किया तो उन्होंने बदमाशों ने उसे गोली मार दी। गोली उसके कंधे में लगी। इससे सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया।वहीं बाइक से गिरने पर पत्नी भी घायल हो गई।बदमाश महिला का जेवर लूटकर फरार हो गए।बदमाशों के जाने के बाद पत्नी ने शोर मचाया। इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।राहगीरों के पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को पीआरवी 112 की मदद से बेहजम सीएचसी पहुंचाया। युवक की हालत देख कर डाक्टरों ने जिला अस्पताल मोतीपुर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने वारदात का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए। वहीं थाना अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचकर पीड़ित को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बदमाशों का हुलिया पता कर पूरे थाना क्षेत्र में चेकिंग लगा दी गई है। जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा।

# बाघिन ने जन्मे तीन शावक, मुंह में दबाकर पार कराई सड़क

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



गोला रेंज जंगल में एक बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया है। शुक्रवार सुबह बाघिन ने बांकेगंज-कुकरा सड़क पारकर तीनों शावकों को मैलानी रेंज जंगल से सटे गन्ने के खेत में पहुंचाया। शावकों के साथ सड़क पार कर रही बाघिन को देखकर राहगीरों के कदम थम गए। काफी देर तक सड़क पर आवागमन बंद रहा। मानव-वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं से एक तरफ जहां गोला और मोहम्मदी रेंज के गांवों के ग्रामीण त्रस्त हैं। वहीं बाघों के बढ़ते कुनबे देख विभागीय अफसर खुश हैं। हाल ही में दक्षिण खीरी वन प्रभाग की गोला रेंज के कलिंजरपुर जंगल में एक बाघिन ने तीन शावकों को जन्म दिया है। लोगों को इसकी जानकारी तब हुई, जब बाघिन अपने शावकों को लोहिया पुल के पास शुक्रवार सुबह नौ बजे बांकेगंज-कुकरा सड़क पारकर एक-एक कर दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन के मैलानी रेंज जंगल में ले जाने लगी। बाघिन ने पहले अपने एक शावक को मुंह में दबाकर मैलानी रेंज जंगल से सटे गन्ने के खेत में पहुंचाया। इस दौरान बाघिन को शावक ले जाते सड़क से गुजर रहे राहगीरों और खेतों में काम कर रहे मजदूरों ने देखा तो उनके होश उड़ गए। मजदूर खेतों से भागकर दूर खड़े हो गए। सड़क के दोंनों तरफ काफी देर तक आवागमन ठप रहा। सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। बाघिन ने तीनों शावकों को गोला रेंज से निकालकर मैलानी रेंज जंगल से सटे गन्ने के खेत में पहुंचा दिया। इस दौरान वीडियो बनाने की होड़ मची रही और ग्रामीण शोर मचाते रहे। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर रास्ते से हटाया। रेंजर मैलानी निर्भय प्रताप शाही ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि बाघिन अपने बच्चों के साथ है। उसके प्राकृतवास में खलल न डालें और छेड़छाड़ न करें। वह आक्रामक हो सकती है। दक्षिण खीरी वन प्रभाग के डीएफओ संजय विश्वाल ने बताया कि गोला रेंज जंगल की कलिंजरपुर बीट में एक बाघिन के तीन बच्चों को जन्म देने की सूचना मिली है। सुरक्षा के लिहाज से बाघिन और शावकों की निगरानी कराई जा रही है।हलांकि बाघिन ने अपने तीनों शावकों को सुरक्षित मैलानी रेंज जंगल के पास खेत में पहुंचा दिया है।

# डेंगू के आठ और मरीज मिले

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिले में डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिला अस्पताल की ओपीडी में बुखार पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। बृहस्पतिवार को करीब 2,750 मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे। इनमें से 13 सौ मरीज बुखार, शरीर के साथ सिरदर्द व पेटदर्द से परेशान थे। इस दौरान जांच में आठ मरीज डेंगू पॉजिटिव मिले हैं।

इनमें से छह मरीजों को दवा देकर आराम करने की सलाह दे कर घर भेज दिया गया जबकि दो को डेंगू वार्ड में भर्ती किया गया। इन्हें मिलाकर जिले में डेंगू मरीजों की संख्या 130 तक पहुंच गई है।

डेंगू चिह्नित मरीजों में अधिकांश शहर के बट्सगंज, नई बस्ती, पुराने सीतापुर सहित अन्य इलाकों के हैं। इसके दृष्टिगत ही इन इलाकों में नगरपालिका रोस्टर के आधार पर फागिंग के साथ एंटी लार्वा रोधी कार्रवाई करा रही है।

# सीडीओ का अलग अंदाज, किसान के साथ काटी धान की फसल



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को सीडीओ अभिषेक कुमार का अलग अंदाज देखने को मिला। धान की उत्पादकता जांचने के लिए टीम के साथ खेतों में पहुंचे सीडीओ ने दरांती लेकर किसान के साथ फसल काटी। इस दौरान उन्होंने किसान से बातचीत कर खेतीबाड़ी में आने वालीं समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। सीडीओ अभिषेक कुमार ने फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़ों को जुटाने के लिए टीम के साथ तहसील सदर की ग्राम पंचायत अगरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने धान की फसल का जायजा लिया। इस दौरान सीडीओ ने किसान राजेंद्र कुमार के धान के खेत में 43.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के 10-10-10 मीटर का समबाहु त्रिभुज का प्लॉट बनवाकर सीसीई एग्री एप के माध्यम से क्रॉप कटिंग कराई। फसल काटकर धान की तौल भी कराई। सीडीओ ने किसान के साथ मिलकर खुद भी फसल काटी। सीडीओ ने निरीक्षण के दौरान अपर सांख्यिकीय अधिकारी हर्षित मिश्र से फसल नपाई, कटाई, जी.सी.ई.एस. एप्प पर ऑनलाइन फीडिंग आदि बिंदुओं की जानकारी ली। सीडीओ ने किसानों से फसलों का बीमा कराने और पराली न जलाने की भी अपील की है।

# के के त्रिवेदी हुए महमूदाबाद सहकारी गन्ना विकास समिति के उपाध्यक्ष निर्वाचित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिले की महमूदाबाद सहकारी गन्ना विकास समिति के चुनाव में उपाध्यक्ष के रूप में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के के त्रिवेदी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी किसानों के विश्वास पर खरी उतरी दिखाई पड़ी है हमारे प्रदेश व क्षेत्रीय नेतृत्व द्वारा बनाई गई रणनीति के तहत जिले की सभी गन्ना समितियों पर भारतीय जनता पार्टी को विजय मिली उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय व क्षेत्रीय संयोजक गन्ना चुनाव विजय सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि मैं विजई प्रत्याशियों से यह आशा करता हूं कि वह पार्टी द्वारा बनाई गई नीतियों का पूर्ण पालन करेंगे और किसान हित में निरंतर कार्य करते रहेंगे इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने उपाध्यक्ष पद पर विजई हुए के के त्रिवेदी व समस्त संचालकों सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को जीत की बधाई दी एवं सभी से पार्टी के विजन के आधार पर कार्य करने का आवाहन किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए के के त्रिवेदी ने बताया की क्षेत्र के किसानों के हित में कार्य करना मेरी प्राथमिकता है और सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ पार्टी की मंशा के अनुरूप किसानों के अधिकारों की सुरक्षा करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। महमूदाबाद सहकारी गन्ना विकास समिति में दिनेश कुमार, रामचंद्र, कृष्णा कुमार त्रिवेदी जमुना प्रसाद,ओमप्रकाश, विमल प्रकाश शकुंतला देवी राजेश्वरी संदीप कुमार शिवांश सिंह पंकज कुमार सिंह डायरेक्टर निर्वाचित हुए साथ ही हरीश कुमार शुक्ला को नामित डायरेक्टर मनोनीत किया गया।

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना बैठक सम्पन्न हुयी



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण के संबंध बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजान्तर्गत जनपद सीतापुर में निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं के घरों पर सोलर रूफटाप संयंत्र की स्थापना को बढ़ावा दिया जाये। इसके लिये व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने इम्पैनल वेण्डरों को भी निर्देश दिये कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने में सहयोग करें। मुख्य विकास अधिकारी ने योजनान्तर्गत अधिक से अधिक आवेदन कराये जाने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि यह योजना बहुत ही फायदेमंद योजना है, इस योजना के माध्यम से उपभोक्ता प्राकृतिक ऊर्जा का उपयोग करके पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं तथा बिजली बिल के बोझ से भी मुक्त हो रहे हैं। राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा भी इस योजना को प्रभावी बनाये जाने हेतु कई प्रयास किये गये हैं तथा सब्सिडी देकर लोगों को अधिक से अधिक प्रेरित किया गया है। बैठक के दौरान यू0पी0 नेडा के अधिकारीगण एवं वैण्डर्स सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# चीनी मिल गोला में बायलर पूजन कर अग्नि प्रज्वलित की गयी

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी



आगामी गन्ना पेराई सत्र शुरु करने से पूर्व बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला में शुक्रवार को बायलर पूजन कर अग्नि प्रज्वलित की गयी।इस अवसर पर यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन ने बताया की चीनी मिल का मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है किसानों को सुविधा का ध्यान रखते हुए नवंबर के प्रथम सप्ताह मे पेराई सत्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिससे कि खेतों में खड़ा पेडी गन्ना समय से मिल को आपूर्ति हो तथा खेत खाली होने से उचित समय पर किसान गेहूं की बुवाई कर सकें ।साथ ही मिल चालू होने से किसानों को औने -पौने दामों पर गन्ना कोल्हुओं पर नहीं बेचना पड़ेगा। श्री जादौन ने कहा किसानों का अपना पूरा गन्ना मिल में बिकने से उनके बेसिक कोटा में वृद्धि होती है तथा सरकार द्वारा निर्धारित गन्ना मूल्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूनिट हेड जितेंद्र सिंह जादौन, ए के पांडे, के के तिवारी, पी सी गुप्ता, पी एस चतुर्वेदी, खुशहाल सिंह, अनुराग गुप्ता, राहुल मिश्रा, अखिलेश सिंह, डी के सचान, जी एस जोशी, भास्कर सिंह, रितेश दुबे, चेतराम सिंह सहित सैकडो की संख्या मे अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बारिश के समय निर्माण दिखाकर डेढ़ लाख डकारे

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

बेहटा ब्लॉक की आठ ग्राम पंचायतों में बारिश के दौरान विकास कार्य दिखाकर डेढ़ लाख के गबन का मामला सामने आया है। मनरेगा लोकपाल की जांच रिपोर्ट में दोषी ग्राम पंचायत अधिकारियों, तकनीकी सहायकों व रोजगार सेवकों के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की गई है।

मनरेगा लोकपाल ने जांच रिपोर्ट डीएम को भेजते हुए सभी दोषियों से गबन की राशि को 12 प्रतिशत ब्याज दर संग वसूलने के लिए कहा है। रिहार, रायमरोड़, रुकनापुर, पिंडुरिया, पर्वतपुर, भिंडिया जालेपारा, चेनिया और मिंदनिया में पांच अक्तूबर 2022 से 10 अक्तूबर 2022 के बीच विकास से जुड़े निर्माण कार्य दिखाकर पंचायत के खाते से डेढ़ लाख रुपये की राशि निकालकर खर्च कर दिया। शिकायत पर मनरेगा लोकपाल डॉ. अरविंद प्रताप सिंह यादव ने जांच की।

# प्रोफेसर विशाल द्विवेदी की अध्यक्षता में पांच दिवसीय एकीकृत शिक्षण कार्यशाला

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी के बी0 एड0 विभाग में विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी की अध्यक्षता में पांच दिवसीय एकीकृत शिक्षण कार्यशाला (14-18 श्च्ह्. 2024) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षक प्रशिक्षुओं ने बी0 एड0 विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी से इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, नागरिक शास्त्र, प्रोफेसर मनोज मिश्रा से हिंदी, गणित विज्ञान तथा प्रोफेसर सत्यनाम के द्वारा अंग्रेजी के विभिन्न शिक्षण कौशल सीखे। कार्यशाला का समापन कार्यक्रम दिनांक 18/10/2024 शुक्रवार को आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर हेमंत पाल व विशेष आमंत्रित अतिथि दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सुभाष चंद्र जी उपस्थित हुए। शिक्षक प्रशिक्षुओं में से राघवेंद्र कुमार, सौम्या वर्मा, जयशील मिश्रा, साक्षी अवस्थी ने अपने आचार्यों के द्वारा सिखाए गए शिक्षण कौशल का बेहतर ढंग से प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में प्रशिक्षुओं को शिक्षक के कर्तव्य व उत्तरदायित्वों से अवगत कराया।

प्रोफेसर सुभाष चंद्रा ने प्रशिक्षुओं को अध्यापक के व्यवहार व चरित्र की शिक्षण व्यवसाय में महत्ता से, प्रोफेसर सत्यनाम जी ने विभिन्न शिक्षण संबंधी व्यावहारिक कौशल व प्रोफेसर मनोज मिश्रा जी ने विभिन्न विषयों से संबंधित शिक्षण विधियों व इनका शिक्षण कौशल में महत्व से अवगत कराया। विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर विशाल द्विवेदी जी ने अपने वक्तव्य में शिक्षण व्यवसाय में शिक्षण कौशल की भूमिका को स्पष्ट किया और ज्ञान को कौशल में कैसे परिवर्तित किया जाए? इसके कई तरीके समझाए।

अन्त में विभागाध्यक्ष द्वारा प्राचार्य महोदय व अतिथियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा साक्षी अवस्थी ने किया।कार्यक्रम में सभी छात्रों ने उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# वारंटियों के पीछे हाथ धोकर पड़ी पढुआ पुलिस

जन एक्सप्रेस । पढुआ-खीरी




वारंटियों पर चला पुलिस का चाबुक पांच अभियुक्तों का भेजा चालान जैसा की विदित हो पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के कुशल निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी खीरी व क्षेत्राधिकारी निघासन के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम व अवैध शस्त्रों के निर्माण,बिक्री,परिवहन व वांछित अभियुक्त पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना प्रभारी निराला तिवारी थाना पढुआ के कुशल मार्ग दर्शन में थाना पढुआ पुलिस टीम द्वारा कार्यावाही करते हुए पांच नफर वारण्टी अभियुक्तगण भारत पुत्र कल्लू पासी निवासी चचरा को धारा 3(1) उ0प्र0 गुंडा एक्ट, बाबूराम पुत्र सरजू निवासी कान्दुरपुरवा मजरा नौवापुर सानी धारा 147/148/323/504/506, राजेश पुत्र विक्रम निवासी कान्दुरपुरवा मजरा नौवापुर सानी को धारा 147/ 148/323/ 504/ 506 में बाबूराम पुत्र मनीराम निवासी कान्दुरपुरवा मजरा नौवापुर सानी में धारा 147/ 148/ 323/504/ 506 में न्यायालय द्वारा निर्गत कर उनके घरो से समय तकरीबन एक बजे से दो बजे के बीच गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया साथ ही अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक संदीप यादव चौकी प्रभारी ढखेरवा थाना पढुआ, हेड कांस्टेबल रामू सिंह, जयचन्द, कांस्टेबल प्रदीप, विक्रान्त थाना पढुआ आदि मौजूद रहे।

# 15 दिनों से कोतवाली के चक्कर लगा रहा किसान नहीं दर्ज हुई रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली के नानक चौकी क्षेत्र का है मामला एक किसान अपनी ट्राली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने को 15 दिनों से कोतवाली के चक्कर लगा रहा है। पर रिपोर्ट दर्ज नही की जा रही है। फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम परसेहरा बुजुर्ग निवासी सत्यप्रकाश मिश्रा का कहना है कि उसने गोला में बाईपास रोड पर इस्तियाक से ट्राली बनवाई थी। इस्तियाक ने 26 सितंवर को ट्राली पेंट कराने के लिए सुभाष पेंटर के यहां खड़ी कर दी। पेंटर ने 3अक्टूबर को सूचना दी कि ट्राली चोरी हो गई है। तब से वह रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए कोतवाली के चक्कर लगा रहा है। रिपोर्ट दर्ज करना तो दूर कोई सीधे मुहं बात भी नहीं कर रहा है। किसान परेशान है। एक किसान अपनी ट्राली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने को 15 दिनों से कोतवाली के चक्कर लगा रहा है।फरधान थाना क्षेत्र के ग्राम परसेहरा बुजुर्ग निवासी सत्यप्रकाश मिश्रा का कहना है कि उसने गोला में बाईपास रोड पर इस्तियाक से ट्राली बनवाई थी। इस्तियाक ने 26 सितंवर को ट्राली पेंट कराने के लिए सुभाष पेंटर के यहां खड़ी कर दी।

# पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का किया गया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा रिज़र्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर बलवा ड्रिल का भी आयोजन किया गया इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गयी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया गया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। उसके बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिए गए। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का रखरखाव कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/ अभिलेखों के कायदे से रख-रखाव के लिए निर्देशित किया गया।

# चीनी मिल खंभारखेडा में शुक्रवार को बायलर पूजन कर अग्नि प्रज्वलित की गयी



जन एक्सप्रेस । खभारखेड़ा खीरी

आगामी गन्ना पेराई सत्र शुरु करने से पूर्व बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभारखेडा में शुक्रवार को बायलर पूजन कर अग्नि प्रज्वलित की गयी। इस अवसर पर इकाई प्रमुख अवधेश कुमार गुप्ता ने बताया की चीनी मिल का मरम्मत कार्य पूरा हो चुका है किसानों की सुविधा का ध्यान रखते हुए आगामी 8 नवंबर को पेराई सत्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। जिससे कि खेतों में खड़ा पेडी गन्ना समय से मिल को आपूर्ति हो तथा खेत खाली होने से उचित समय पर गेहूं की बुवाई कर सकें। साथ ही मिल चालू होने से किसानों को औने -पौने दामों पर गन्ना कोल्हुओं पर नहीं बेचना पड़ेगा। श्री गुप्ता ने कहा किसानों का अपना पूरा गन्ना मिल में बिकने से उनके बेसिक कोटा में वृद्धि होती है तथा सरकार द्वारा निर्धारित गन्ना मूल्य की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से यूनिट हेड अवधेश कुमार गुप्ता, गन्ना निरीक्षक एवं सहायक चीनी आयुक्त राजेश कुमार, अरुण प्रताप सिंह, पी के ढाका, आशीस श्रीवास्तव राजेश दुबे, वीरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, अतुल मिश्रा, राजीव राय, अतुल सिंह, उदय प्रताप सिंह, मानवेंद्र सिंह, संजय पांडे सहित सैकडो की संख्या मे अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गन्ना समितियों पर भाजपा का कब्जा, समर्थित प्रत्याशी जीते

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिले में गन्ना समितियों के सभापति, उपसभापति व अन्य समितियों में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों का चुनाव बृहस्पतिवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान गन्ना समितियों पर भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर परचम बुलंद किया। विपक्ष की तरफ से प्रत्याशी न उतारे जाने के कारण पर्चा दाखिल करने वाले प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

ञ्जह्लद्गठ्ठस्रद्बठ्ठद्द ड्ड्डस्रद्दश्वह्य

इसमें सीतापुर गन्ना समिति में भाजपा समर्थित अनुपमा सिंह निर्विरोध अध्यक्ष व केके बाजपेई को उपाध्यक्ष चुना गया। हरगांव गन्ना विकास समिति में अध्यक्ष पद पर शांति मिश्रा व उपाध्यक्ष पर नत्थाराम को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इसी तरह गन्ना समिति कमलापुर में अध्यक्ष पद पर गीता सिंह व उपसभापति पद पर गौरव मिश्रा को निर्विरोध चुना गया।

संस्थाओं के प्रतिनिधियों में से शासन की तरफ से गीता सिंह को गन्ना संघ, अशोक कुमार को इफको लिमिटेड, श्रीकृष्ण को जिला सहकारी बैंक व आशा देवी में नामित सदस्य बनाया गया है। बिसवां गन्ना समिति में अध्यक्ष पद पर सुधाकर शुक्ला व उपाध्यक्ष पद पर राकेश वर्मा को निर्विरोध चुना गया। निर्वाचित प्रतिनिधियों को विधायक ज्ञान तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

इसी तरह गन्ना सहकारी विकास समिति रामगढ़ सरवा के चेयरमैन पद पर रामगोपाल अवस्थी को चुना गया जबकि गैर शासकीय संचालक सदस्य रामगढ़ में शासन की तरफ से अरुण त्रिपाठी का नामित किया गया है।

महोली समिति में गुड़िया सिंह को निर्विरोध अध्यक्ष जबकि एके मिश्र को उपाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। श्रीनाथ बाजपेई को समिति का नामित संचालक चुना गया है।

# डिप्टी सीएम ने नवनिर्मित अधिवक्ता भवन का किया लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट परिसर में 429 लाख की लागत से निर्मित अधिवक्ता भवन का लोकार्पण करने के साथ ही भवन का नामकरण स्वर्गीय राजेन्द्र किशोर शाही के नाम पर किया। लोकार्पण एवं नामकरण का कार्यक्रम उप मुख्यमंत्री द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन एवं शिलापट्ट अनावरण के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जनपदवासियों को इस भवन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं की समस्याओं से वे अच्छी तरह से परिचित हैं, जिसको लेकर प्रत्येक जनपद में अधिवक्ता चैम्बर बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिन जिलों से प्रस्ताव प्राप्त हुए वहां भवन बनाया गया। जनपद देवरिया में भवन का प्रस्ताव प्राप्त होने पर भव्य भवन का निर्माण कराया गया है, जिसका आज लोकार्पण किया गया है। इस भवन का नामकरण स्वर्गीय राजेन्द्र किशोर शाही के नाम से किया गया है। उन्हें श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वे अपने समय के विद्वान और अनुभवी अधिवक्ता रहे हैं। इनका वादकारियों के लिये न्याय दिलाने तथा समाज को दिशा देने में अहम योगदान रहा है।



### समाज को दिशा देने का काम करते हैं अधिवक्ता

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिवक्ता पर लोगों का सबसे अधिक भरोसा होता है। वे अपनी समस्याओं को लेकर हताश व निराश लोगों को जीवन जीने का संबल व हौंसला प्रदान करते है। अधिवक्ता समाज को दिशा देने का कार्य करते हैं। अधिवक्ताओं के हित के लिये यह सरकार पूरी तरह समर्पित है। मा. मुख्यमंत्री जी ने अधिवक्ता कल्याण निधि की धनराशि को बढ़ाया है। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं को उच्चतम न्यायालय द्वारा न्याय की देवी की आंख पर बधी पट्टिका हटाये जाने से भी प्रेरणा लेनी चाहिये और समाज के सभी लोगों को बिना किसी भेदभाव के बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के संविधान के अनुरूप समान भाव से न्याय दिलाने व समाज को दिशा देने में अपनी महती भूमिका निभानी चाहिये।

### तत्कालीन कानून मंत्री श्री पाठक ने दी थी सहर्ष स्वीकृति : शाही

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने वर्ष 2019-20 में स्वीकृत अधिवक्ता भवन के निर्माण का पूरा श्रेय उप मुख्यमंत्री श्री पाठक को देते हुए कहा कि तत्कालीन समय में बतौर कानून मंत्री जनपद में अधिवक्ता भवन का प्रस्ताव दिये जाने पर सहर्ष रुप से इनके द्वारा स्वीकृति प्रदान कर बजट की उपलब्धता करायी गयी। परिणामस्वरुप आज इस भवन का लोकार्पण हुआ है। इस भवन से अब अधिवक्ताओं को बैठने एवं अपना कार्य सुचारु रुप से करने आदि में काफी सुविधा होगी और वादकारियों को न्याय दिलाने में अपना योगदान देगें। उन्होने कहा कि जिनके नाम से इस भवन का नामाकरण किया गया है वे मेरे पिता जी थे, जो बार एसोसिएशन के सदस्य व अध्यक्ष भी रह चुके है। उनका पूरा जीवन वादकारियों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित रहा है। लोकार्पण के दौरान उप मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र व बुके प्रदान कर उनका स्वागत कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, बार एशोसिएशन अध्यक्ष संजय मिश्र, सुशील मिश्रा आदि अधिवक्ताओं द्वारा किया गया।

# सार्वजनिक शौचालय की देखरेख के धन का ग्राम प्रधान व सचिव कर रहे हैं बंदरबांट

- समूह के नाम से आवंटित शौचालय की देखरेख के स्थान पर रखा गया दूसरा आदमी

**जन एक्सप्रेस । नौतनवा महराजगंज**

भारत सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजनाओं में शुमार स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार द्वारा गांवों में व्यक्तिगत शौचालय के अलावा हर गाँव में एक सार्वजनिक शौचालय व पिंक शौचालय का भी निर्माण कराया गया है जिससे खुले में शौच को पूरी तरह से रोकते हुए स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाया जा सके और कहीं न कहीं यह अभियान और पहल सार्थक भी होती दिख रही है परन्तु कुछ गाँव में स्वच्छ भारत मिशन की सरेआम धज्जियां उड़ाते देखा जा रहा है और सार्वजनिक शौचालय के साथ ही साथ पिंक शौचालय के होते हुए भी लोग खुले में शौच के लिए मजबूर हैं वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि और योजनाओं को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी देख रहे कर्मचारी और अधिकारी ही स्वस्थ भारत मिशन को पलीता लगाने में लगे हुए हैं और सरकारी धन और स्वच्छ भारत मिशन को निर्गत होने वाले रुपये का बंदरबांट कर मालामाल हो रहे हैं और सार्वजनिक व पिंक शौचालय की देखरेख का जिम्मा खुद उठाने के नाम पर धन निकासी कराकर व्यवस्था को जैसे जैसे छोड़ दे रहे हैं।




### नौ हजार की जगह 15 सौ भुगतान कर हड़प रहे हैं रकम

ऐसा ही एक मामला जनपद के नौतनवा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सभा रामनगर में देखने को मिला जहाँ स्वयं सहायता समूह के नाम पर आवंटित देखरेख की जिम्मेदारी के स्थान पर प्रधान द्वारा स्वयं के एक व्यक्ति की तैनाती की गई है जिसे मात्र 1500 रुपये प्रतिमाह देकर शेष धनराशि का बंदरबांट किया जा रहा है।

### बोले बीडीओ-जांच कराकर दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

मामले के संबंध में पूछे जाने पर खण्ड विकास अधिकारी ने बताया कि हिंदी दैनिक समाचार पत्र जन एक्सप्रेस के प्रतिनिधि द्वारा मामला संज्ञान में आया है मामले की जांच सहायक विकास अधिकारी से कराकर संबंधित जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक हुई संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, विधायक तमकुही असीम कुमार राय तथा सचिव जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने किया।

पूर्व की बैठक में हुए निर्णय, दिए गए निर्देशों एवं स्वीकृत कार्यों की अनुपालन आख्या बैठक में प्रस्तुत करने के साथ ही कार्यवाही शुरू की गई। उक्त बैठक में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि सिंचाई योजना, राष्ट्रीय पशुधन मिशन व गोकुल मिशन, मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माण किए गए सड़क, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाएं, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्वच्छ भारत शहरी मिशन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, ई-श्रम पोर्टल, एनआरएलएम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, मुख्यमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया, मिड डे मील स्कीम, सर्व शिक्षा अभियान, कन्या जन्मोत्सव अभियान, मानव दिवस सृजन, मनरेगा के अंतर्गत उपलब्ध कराए गए रोजगार, बनाए गए मिनी स्टेडियम, मनरेगा पार्क, अन्नपूर्णा स्टोर, पीएम खनिज कल्याण क्षेत्र के कार्य योजनाओं की प्रगति, समस्याओं के संदर्भ में समीक्षा एवं उसके पूर्व वर्ष और वर्तमान वर्ष की कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट की जानकारी ली गयी। इसी क्रम में अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया कि जितने भी परियोजनाएं जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित है उनकी जांच के लिए एक कमेटी का गठन कर लिया जाए, जो समस्त परिप्रेक्ष्यों की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करें क्योंकि ग्राम स्तर पर जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न शिकायतें जैसे पाइप लिकेज, रोड रेस्टोरेशन, पानी सप्लाई न होने की, टंकी संचालित न होने की, हर घर नल जल के तहत कनेक्शन न देने की आती है, इसलिए गठित कमेटी जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच करेगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को कहा कि ट्रांसफर खराब होने पर बदलने की समय सीमा में अपेक्षित सुधार करें।

# वृद्धा आश्रम में लगा नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर, 120 का हुआ पंजीकरण

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

नगरपालिका परिषद में स्थित बृद्धाश्रम में सीएचसी कसया के अधीक्षक डॉक्टर मार्कण्डेय चतुर्वेदी के निर्देश पर नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 120 बृद्धजनों का पंजीकरण कर 92 की स्वास्थ्य जाँच की गयी। जिसमें चिकित्सको की टीम द्वारा बीपी,सुगर तथा सी 19 के द्वारा पोर्टटेबल एक्सरे मशीन द्वारा 55 बृद्धजनों के एक्सरे किया गया तो वही क्षयरोग के टीम के सदस्यों द्वारा सभी के टीबी लक्षणों की स्क्रीनिंग करते हुई सम्भावित व्यक्तियों के बलगम के नमूने एकत्रित कर जाँच हेतु सीएचसी पर लाया गया। चिकित्सको द्वारा सभी बृद्धजनों की स्वास्थ्य की जाँच कर उन्हें दवा भी वितरित किया गया।

बताते चलें कि सीएचसी के स्वास्थ्य टीम द्वारा समय समय पर शिविर लगाकर बृद्धजनों के स्वास्थ्य की जाँच की जाती हैं।

स्वास्थ्य टीम में डॉक्टर संजय सिंह, डॉक्टर सावित्री सिंह,वरिष्ठ क्षयरोग प्रयोगशाला पर्यवेक्षक आशुतोष कुमार मिश्र, एसटीएस शाहिद अंसारी, सीएचओ कल्पना, वीरेंद्र शर्मा, मीरा दुबे, सी 19 टीम से अर्चना गुप्ता, अवनीश आदि उपस्थित रहे।



वृद्धाश्रम के प्रबंधक रागिनी सिंह रज्जू द्वारा स्वास्थ्य टीम के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान रुचि, ऋषभ, रमावती, सुजीत, मनोज पांडेय, अरुव आदि मौजूद रहे।

इसी क्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोपालगढ़ पर स्वास्थ्य कैम्प आयोजित कर 125 व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन कर उनके बीपी, शुगर की जांच कर 106 व्यक्तियों का एक्सरे सी 19 की टीम द्वारा किया गया।

# विधायक से निर्माणाधीन नाले पर स्लैब डलवाने की व्यापारियों ने किया मांग



**जन एक्सप्रेस । चौरीचौरा**

क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर सरवन निषाद ने सोनबरसा चौराहे पर निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय व्यापारियों ने नाले पर स्लैब ढलवाने की आवश्यकता बताई, जिसे विधायक ने जनहित में पूरा करने का आश्वासन दिया।

ग्रामीणों ने विधायक से अंडर पास बनाने की भी मांग की ताकि सोनबरसा फोरलेन से कस्बे में आवागमन सुगम हो सके। विधायक ने मौके पर डुमरी खास बसंत टोला से लक्ष्मीपुर टोला तक लगभग डेढ़ किलोमीटर सड़क पीच करने की घोषणा की। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा, ब्रह्मपुर ब्लाक प्रमुख सुमन यादव सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# पेड़ के विवाद में महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस । चौरीचौरा।**

झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुरा के टोला करमैता में बीती रात पेड़ के बंटवारे को लेकर दो भाईयों के बीच विवाद हो गया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, करमैता निवासी मिठाई और उनके भाई के बीच पेड़ के बंटवारे को लेकर झगड़ा हुआ। इस दौरान मिठाई की पत्नी रजावती देवी (लगभग 45 वर्ष) के सिर में गंभीर चोट लगी। वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ी। परिजन तुरंत उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ब्रह्मपुर ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर झंगहा पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हॉस्पिटल संचालक ने सीएमओ पर लगाया 5 लाख रूपये मांगने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । मंसाछपरा, कुशीनगर**

नेबुआ नौरंगिया थाना के गढहिया बंसतपुर गांव निवासी एक हास्पिटल संचालक ने हॉस्पिटल के नवीनीकरण के लिए सीएमओ से मिला, जहां पर सीएमओ ने स्वास्थ्य मंत्री के बेटी की शादी मे पांच लाख रूयया देने की मांग किया गया, संचालक ने जिलाधिकारी कुशीनगर को लिखित शिकायती पत्र और प्रमुख सचिव स्वास्थ्य विभाग को शपथ पत्र के साथ एक रजिस्ट्री पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग किया है। नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र के गढ़हिया बसन्तपुर गांव निवासी और कोटवा बाजार में स्थित खुशी हॉस्पिटल के संचालक राजू श्रीवास्तव ने शुक्रवार को अधिकारियों को दिये गए शपथ पत्र मे बताया है कि वर्ष 2015 से कोटवा बाजार में खुशी हॉस्पिटल का संचालक नियमानुसार किया जाता है।

### स्वास्थ्य मंत्री के बेटी की शादी में खर्चे के नाम पर 5 लाख रुपए मांगने का आरोप

जांच में सब कुछ सही पाए जाने पर नवीनीकरण कराने के नाम पर स्वास्थ्य मंत्री के बेटी के शादी में खर्च देने के लिए पांच लाख रुपये की मांग किया गया। इस अनावश्यक मांग को पूरा नही करने पर स्वास्थ्य विभाग के एक टीम के द्वारा पुनः 11 जून को हॉस्पिटल को अकारण ही आकर सील कर दिया। हॉस्पिटल संचालक ने हाईकोर्ट के आदेश सहित नवीनीकरण, रजिस्ट्रेशन, अग्निसमन, एमपीसीसी, आईएसओ, जीएसटी और मेडिकल स्टोर आदि की कापी लगाकर हॉस्पिटल के नवीनीकरण करवाते हुवे उसे पुनः संचालित करने और धनउगाही करने वालो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की मांग किया है।

जिसके नवीनीकरण और संचालन करने के नाम पर हमेशा अबैध धन की मांग किया जाता है। वर्ष 2023 में अबैध धन की मांग को पूरा नही करने पर हॉस्पिटल को सील कर दिया गया, जो न्यायालय के आदेश पर खुला।

वर्ष 2024 में पुनः नवीनी करण के लिए स्वास्थ्य विभाग के वेबसाइट पर 24 मई को ऑनलाइन किया गया, जिसे विभाग द्वारा संज्ञान नही लिया गया। स्वास्थ्य विभाग में जाकर जानकारी करने पर पुनः ऑनलाईन करने की बात कह गया। 7 जून को पुनः ऑनलाइन किया गया, पर उसी रात लगभग 10बजे के करीब बगैर किसी सूचना या नोटिस के ही अचानक उप चिकित्साधिकारी डॉक्टर आर0डी0 कुशवाहा और स्थानीय सीएचसी प्रभारी डॉ0 रजनीश श्रीवास्तव आदि के द्वारा हॉस्पिटल जांच किया गया।

# अवैध कब्जा रोकने को शत्रु संपतियों की बढ़ी निगरानी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जिले में शत्रु संपत्तियों को लेकर प्रशासन की ओर से सतर्कता बढ़ा दी गई है। पहले से चिन्हित शत्रु संपत्तियों पर कब्जा न होने पाए, इसके लिए लेखपालों को लगाया गया है। समय-समय पर लेखपाल अपने क्षेत्र की ऐसी संपत्तियों का विवरण जुटाते रहते हैंइससे अद्यतन स्थिति का पता भी चल जाता है। लगभग सात साल पहले हुए सर्वे में गोरखपुर में 16 शत्रु संपत्तियां चिह्नित की गई हैं। इनका क्षेत्रफल लगभग 22 एकड़ है। इन संपत्तियों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी ली जाती है।शासन की ओर से समय-समय पर रिपोर्ट भी मांगी जाती है। इधर कोई नई शत्रु संपत्ति चिन्हित नहीं हुई है। चौरी चौरा तहसील के बहरामपुर गांव में एक जमीन के शत्रु संपत्ति होने और इस पर कब्जा करने की शिकायत आयी थी लेकिन जांच में पता चला कि यह लगभग आठ एकड़ जमीन सीलिंग से सम्बंधित है।



### यहां हैं शत्रु संपत्तियां

निजामपुर में 0.25 एकड़ में वाणिज्यिक भवन, सदर क्षेत्र में 0.32 एकड़ भूमि, सदर क्षेत्र में 0.75 एकड़ आवासीय भवन, इलाहीबाग क्षेत्र में 0.41 एकड़ आवासीय भवन, मोहद्दीपुर में 0.275 एकड़ वाणिज्यिक भवन, घासीकटरा में 0.73 एकड़ आवासीय भवन, घासीकटरा में आवासीय भवन, इलाहीबाग में 0.57 एकड़ आवासीय भवन, नयागांव में 0.32 एकड़ जमीन, तुर्कवलिया 1.822 एकड़ भूमि, पिपराइच 0.325 एकड़ आवासीय भवन, पिपराइच में 0.26 एकड़ आवासीय परिसर, पिपराइच में 1.22 एकड़ आवासीय परिसर, पिपराइच में 0.04 एकड़ आवासीय परिसर, बांसगांव में 0.72 एकड़ भूमि और करमहा बुजुर्ग में 9.7 एकड़ भूमि है।

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर।**

विकास खण्ड विशुनपुरा के भैरोगंज बाजार में एडवांस इलेक्ट्रो होम्योपैथीक हर्बल हेल्थ केयर सेन्टर के भव्य उद्घाटन समारोह के अवसर पर नि शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. राघवेंद्र सिंह, डा. अशोक रजक, डा. सुधीर रजक रहे आयोजन कर्ता डा. प्रहलाद चौधरी, डा. आकांक्षा सुमन, नीतू वर्मा, किरन सिंह, प्रिया सिंह, मनोज विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष पूर्वांचल स्कूल केयर कुशीनगर, इस कैम्प के माध्यम से विभिन्न प्रकार की बीमारियों का निशुल्क इलाज किया गया, बबलू विश्वजीत, रवि, सुमन देवी, मुलायम, हसबुन नेशा, मुमताज अंसारी, उपेंद्र सहित लगभग चार सौ लोगों का नि शुल्क इलाज कर दवा वितरण किया गया।

**प्रदेश में बना सबसे तेजी से विकास करने वाला जनपद**

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में गोरखपुर की ऐतिहासिक छलांग

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत पूरे उत्तर प्रदेश में अपना परचम लहराते हुए सितंबर की मुख्यमंत्री डैशबोर्ड रैंकिंग में पहला स्थान हासिल कर लिया है।अगस्त में जहां गोरखपुर 12वीं पायदान पर था, वहीं अब 99.56 प्रतिशत आवासों की समय से पूर्णता के साथ उसने एक शानदार छलांग लगाई है। अधिकारी इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सटीक मार्गदर्शन का परिणाम मानते हैं।



### गरीबों को पक्के घर का सपना हुआ साकार

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण ने आर्थिक रूप से कमजोर ग्रामीणों के पक्के मकान के सपने को हकीकत में बदलने में अहम भूमिका निभाई है। योगी सरकार के प्रयासों से गोरखपुर के ग्रामीण इलाकों में 61 हजार से ज्यादा पक्के मकान बनाए गए हैं। सीएम योगी की स्पष्ट मंशा है कि हर जरूरतमंद को छत मिले, और इसके लिए वे प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष ध्यान देते हैं।

### स्वस्थ प्रतिस्पर्धा से मिली जबरदस्त कामयाबी

मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश के जिलों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा जारी है। सितंबर माह में जारी मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के आंकड़े गोरखपुर को शीर्ष पर दिखाते हैं, जबकि अगस्त में वह 12वें स्थान पर था। इस जबरदस्त उछाल के पीछे जिला प्रशासन की कड़ी मेहनत और सीएम योगी का निरंतर मार्गदर्शन है।

### पात्र अभ्यर्थियों को तेजी से दिए जा रहे हैं पक्के मकान : सीडीओ

मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार मीना ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि सभी पात्र लोगों को तेजी से पक्के मकान दिए जा रहे हैं। गिनती के कुछ आवास जो बाकी हैं, वे भी जल्द पूरा कर लिए जाएंगे।

### आंकड़ों में गोरखपुर की कामयाबी

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत गोरखपुर में सितंबर तक कुल 61605 लाभार्थी पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें से 61335 मकान बनकर तैयार हो गए हैं। 739 करोड़ 38 लाख रुपये की लागत से 99.56 प्रतिशत आवासों की पूर्णता सुनिश्चित की गई है, जिसने गोरखपुर को प्रदेश का नंबर वन बना दिया है। इन कार्यों की मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कमांड सेंटर से होती है, जहां से प्रतिदिन प्रगति की समीक्षा की जाती है। गोरखपुर की यह सफलता प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में प्रदेश के अन्य जिलों के लिए मिसाल बन गई है।

# शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** विशुनपुरा थाने के एक गाँव की एक नाबालिक लड़की से शादी का झांसा देकर एक युवक द्वारा दो वर्षो से शारिरिक शोषण करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने। लड़की की मां की तहरीर पर मामले की जांच में जूटी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है। की उसकी नाबालिक लड़की को बिहार प्रान्त के युवक शादी का झांसा देकर 2 वर्षों से शारीरिक शोषण कर रहा था। तीन दिन पूर्व बहला-फुसला कर अगवा कर लड़की को गोरखपुर में ले जाकर बेचने की बात किसी दूसरे व्यक्ति से कर रहा था। कि बेचने की जानकारी लड़की को हो गई। लड़की भाग कर वहीं पर छुप गई और घर आकर आपबीती अपने स्वजनों से बताई। इस सम्बन्ध में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान का कहना है कि तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांचोपरांत कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# संयुक्त टीम की कार्यवाही में स्मैक कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

निचलौल थाना क्षेत्र अंतर्गत हनुमानगंज नगर के समीप संयुक्त टीम की कार्यवाही में एक स्मैक कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गुरुवार की रात्रि में 22 वाहिनी एसएसबी ठूठीबारी, आबकारी विभाग व निचलौल पुलिस की संयुक्त टीम ने एसएसबी इंटेलिजेंस विभाग महराजगंज की गुप्त सूचना के आधार पर पाली उर्फ हनुमानगंज नहर के समीप एक संदिग्ध बाइक सवार की तलाशी के दौरान 20.96 ग्राम अवैध स्मैक समेत अन्य सामान बरामद किया। आरोपी की पहचान दिलबहार आलम निवासी धनेवा धनेई थाना सदर कोतवाली महराजगंज के रूप में हुई। आरोपी ने पूछताछ में बताया परतावल से स्मैक की खेप लेकर नेपाल जाने की फिराक में था इसी दौरान सुरक्षा एजेंसियों ने दबोच लिया। बरामदगी टीम में आबकारी निरीक्षक वैभव कुमार यादव, एसएसबी एएसआई रंजन कार्जी, का. उपेंद्र कुमार, मोनू कुमार, प्र. आरक्षी सहायक प्रदीप कुमार व बृजेश पाल, उपनिरीक्षक अनुराग यादव, अमित विश्वकर्मा, का. अनुज यादव शामिल रहे।इस बाबत थानाध्यक्ष गौरव कन्नौजिया ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध 8/21/23 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय किया गया जहां उसे जेल भेज दिया गया।



# उप मुख्यमंत्री ने दो दिवसीय एग्रो-क्लाइमेटिक प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

देश का विकास कृषि में निहित है। किसान कृषि मेले का लाभ उठाकर कृषि में क्रांति करें और देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाए। कृषि मेला सौगातों का मेला होता है, किसानों को इसमें बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उक्त बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को पथरदेवा के आचार्य नरेंद्र देव इंटर कॉलेज में दो दिवसीय एग्रो-क्लाइमेटिक मेलाध्प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर कही। उप मुख्यमंत्री आचार्य नरेन्द्र देव इंटर कालेज पथरदेवा में स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही के 42वीं पुण्यतिथि पर आयोजित दो दिवसीय प्रदर्शनी को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय रविन्द्र किशोर शाही ने माँ भारती की सेवा करने में अपना पूरा जीवन लगाया। आम जनता के जीवन को सुखमय बनाने के लिये अपने जीवन को समर्पित किया। अपने मेहनत व लगन के बलबूते जनसंघ के निर्वाचित सदस्य हुए। ग्राम प्रधान से लेकर मंत्री भी बने। अपने मंत्रीत्व काल में उन्होंने किसानों के हित में 18 घंटे बिजली देने का कार्य किया। उनका पूरा जीवन किसानों गरीबों, मजदूरों, के लिये समर्पित रहा है हम सभी को उनके जीवन से सीख लेने व उनके आदर्शो के अनुरुप चलने की जरुरत है।



उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि कृषिमंत्री श्री शाही द्वारा जो अस्पतालों के उच्चीकरण के लिए बात रखी गयी है, उसके लिये पूरा प्रयास होगा और उनके प्रस्ताव के अनुरुप कदम से कदम मिलाकर उसे पूरा किया जायेगा। उन्होने कहा कि कृषि मंत्री के प्रयास व किसानों के हित के लिये समर्पित इस सरकार की कार्य प्रतिबद्वता का परिणाम है कि उत्तर प्रदेश गेहूं, चीनी, दुग्ध उत्पादन में देश में नम्बर एक पर है तथा तिलहन उत्पादन में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई। यह सरकार किसानो की सरकार है तथा उनके जीवन को सुखमय बनाने के लिये प्रतिबद्वता सहित कार्य कर रही है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि स्व0 रविन्द्र किशोर शाही एक जन नेता थे। उनका जीवन अविस्मरणीय है। उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उन्होंने कहा कि यह सरकार 14.50 लाख किसानो का बिजली बिल माफ किया है। बिना भदेभाव व पक्षपात के 7.5 लाख युवाओं को नौकरी दी गयी है। मेडिकल कालेज की स्थापना, सड़कों का निर्माण, अनवरत बिजली देने का कार्य कर रही है। किसानों के हित के लिये योजनायें संचालित भी की गयी है। उन्होने स्वास्थ्य केन्द्र पथरदेवा के सुदृढीकरण एवं मेडिकल कालेज में संसाधनों को विकसित किये जाने की आवश्यकता उप मुख्यमंत्री को संज्ञानित किया।

# कल मनाया जायेगा करवा चौथ व्रत

## समसप्तक, बुधादित्य सहित पाँच योगों में मनाया जायेगा सौभाग्य का पर्व करवा चौथः स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़/लखनऊ**

कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सुहाग का पर्व यानि करवा चौथ मनाया जाता है, इस दिन सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु और सेहत के लिए निर्जला व्रत रखतीं हैं और रात्रि चंद्र दर्शन के बाद व्रत का पारण किया जाता है। पौराणिक और आध्यात्मिक महत्व से जुडा यह व्रत सर्व प्रथम माँ पार्वती ने भगवान शिव के लिए रखा था।

कालांतर में द्रौपदी ने भी पांडवों को संकट से मुक्ति दिलाने के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार चतुर्थी तिथि रविवार यानि कल प्रातः 06:46 मिनट से प्रारंभ होकर 21 अक्टूबर प्रातः 04:16 मिनट पर सूर्योदय से पूर्व समाप्त हो जाएगी ।वहीं ब्रह्म मुहूर्त प्रातः 04:44 मिनट से 05:35 मिनट तक रहेगा।

अभिजीत मुहूर्त प्रातः 11:43 मिनट से दोपहर 12:28 मिनट तक रहेगा, चन्द्रोदय रात्रि 07:58 पर होगा।

अतः 20 अक्टूबर को करवा चौथ व्रत रखा जाएगा। इस बार करवाचौथ पर समसप्तक योग, बुधादित्य योग के साथ गजकेशरी, महालक्ष्मी और शश योग आदि दुर्लभ संयोग बनने के कारण यह करवा चौथ विशेष मंगलकारी रहेगी।

स्वामी जी ने बताया कि करवा चौथ व्रत रखने



वाली महिलाएं नित्यकर्मों से निवृत्त होकर, स्नान आदि करके आचमन के बाद अपने सौभाग्य एवं पुत्र पौत्रादि तथा निश्चल संपत्ति की प्राप्ति के लिए करवा चौथ का व्रत करूंगी कहकर व्रत का संकल्प लें। यह व्रत निराहार ही नहीं,अपितु निर्जला के रूप में करना अधिक फलप्रद माना जाता है। इस व्रत में शिव पार्वती, कार्तिकेय और गौरा का पूजन करने का विधान है। अतः भगवान शिव परिवार का विधि विधान से षोडशोपचार पूजा करके एक तांबे या मिट्टी के पात्र में चावल, उड़द की दाल, सुहाग की सामग्री,सिंदूर, चूड़ियां शीशा, कंघी,एवं दक्षिणा रखकर किसी बड़ी सुहागिन स्त्री या अपनी सास के पांव छूकर उन्हें भेंट करनी चाहिए। उसके बाद करवा चौथ महत्व की कथा सुनकर चन्द्रमा को अर्घ्य देकर पति का आशीर्वाद लेकर पति द्वारा जल लेकर व्रत को पारण करें।

करवा चौथ व्रत की कथा को लेकर स्वामी पूर्णानंदपुरी जी ने बताया कि **वैसे तो अनेकों पौराणिक कथाएं करवा चौथ से जुडी हैं लेकिन संक्षिप्त कथा के अनुसार शाकप्रस्थपुर वेदधर्मा ब्राह्मण की विवाहिता पुत्री वीरवती ने करवा चौथ का व्रत किया था। नियमानुसार उसे चंद्रोदय के बाद भोजन करना था, परंतु उससे भूख नहीं सही गई और वह व्याकुल हो उठी। उसके भाइयों से अपनी बहन की व्याकुलता देखी नहीं गई और उन्होंने पीपल की आड़ में आतिशबाजी का सुंदर प्रकाश फैलाकर चंद्रोदय दिखा दिया और वीरवती को भोजन करा दिया। परिणाम यह हुआ कि उसका पति तत्काल अदृश्य हो गया। अधीर वीरवती ने बारह महीने तक प्रत्येक चतुर्थी को व्रत रखा और करवा चौथ के दिन उसकी तपस्या से उसका पति पुनः प्राप्त हो गया।**

## कुआं में गिरकर पैतालीस वर्षीय व्यक्ति की मौत, परिजनों में कोहराम

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

यमुनानगर के अन्तर्गत करछना थाना क्षेत्र के सेमरी तालुका पुरवा गांव के समीप पेड़ के पास कुआ में गिरकर रामबाबू पुत्र राम आसरे उम्र लगभग 45 वर्ष की दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामबाबू ने बकरियो के चारा के लिए कुआ के पास पेड़ पर चढ़कर ढखनिया काट रहे थे।तभी अचानक पैर फिसल जाने से कुआ में गिर गए।जिससे उनकी मौत हो गई।रामबाबू की बेटी भी साथ में थी।जब वह कुएं में गिर गए तो वह घर की ओर चिल्लाते हुए दौड़ पड़ी। चीख पुकार सुनकर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक करछना ने जांच पड़ताल कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गए।वही स्थानीय पुलिस ने बांडी को बाहर निकलवाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

# बेखौफ प्रशासन दे रहा अपराधियों का साथ, किसान की बेटी के साथ हो रहा अन्याय

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**





प्रयागराज जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र का है जहां पर राज करन सिंह ग्राम महेवा तालूका भुण्डा थाना करछना द्वारा अपनी लड़की दिव्या की तलाश करने की तहरीर एक अक्टूबर 2024 को दिया था। जिसमें विवेचनाधिकारी योगेन्द्र कुमार सिंह द्वारा 14 अक्टूबर को दिव्या सिंह की सुपुर्दगी पिता राज करन सिंह को किया गया इस मामले मे हंडिया पुलिस ने अपराधियों पर कोई कानूनी कार्यवाहीं नहीं किया।हंडिया थाने की भूमिका पूर्ण रूप से संदेह के दायरे में है।भारतीय किसान यूनियन भानू के प्रदेश संगठन मंत्री राकेश सिंह ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए दिव्या सिंह से सच्चाई को जानने का प्रयास किया दिव्या ने बताया कि हमे मार पीट कर जबरन तलाक के कागज पर हस्ताक्षर कराया गया और जुलाई से अब तक हमें हमारे पति के मौसा के घर परानीपुर में कैद करके रखा गया 14 अक्टूबर को लगभग 11 बजे कही से फोन आने पर तुरन्त हमें परानीपुर से सौरभ सिंह पुत्र सन्तोष सिंह और भगवान दास लेकर चल दिए लगभग समय 12:30 बजे पुलिस योगेन्द्र कुमार सिंह के हवाले करके आधे घण्टे तक रुके रहे वहां पर हमारे ससुर जेठ उपस्थित रहे फीर हमे लगभग 4 घण्टे तक बयान के पेपर को बार बार पढ़ाया गया। और लगभग 5 बजे हमें हंडिया थाने पर लाया गया जहां पर 5 बजे से 8 बजें तक बार बार बयान लेते रहे इसके बाद हमारे पिता कों हमें सौंप दिया गया। देखा जाये तो यहां पर कही न कही प्रशासन की सह में अपराधी अपराध को अंजाम देते नजर आ रहे है अब देखना है भ्रष्ट प्रशासन में सुधार आता है अपराधी को सजा मिलती है दिव्या सिंह को न्याय मिल पाता है योगी सरकार आगे क्या करती है।किसान की बेटी का आप बीती बयान सुना जाता है या नही सुना जाता।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली खड़ी तीन बाइकों को तोड़ते हुए टकराया खम्बे से, टूटा खम्बा

## सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस, बाल-बाल बचे राहगीर

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

यमुनानगर के अन्तर्गत घूरपुर थाना क्षेत्र के गौहनिया करमा मार्ग राजापुर गांव के समीप आज दिनांक 18 अक्टूबर दिन शुक्रवार को दोपहर के समय में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़ी तीन बाइको पर चढ़ाते हुए टकराया खम्बे से खम्बा भी टूटकर सड़क पर गिर गया।

बाल-बाल बचे राहगीर और टैक्टर चालक ने गम्भीर रूप से घायल हो गया।वही ग्रामीणो के मदद से टैक्टर चालक को नजदीकी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने टैक्टर वाहन स्वामी को बुलाकर कार्रवाई की बात कहते हुए टैक्टर को चौकी पर ले जाया गया?।क्षेत्रीय नेताओ ने टैक्टर



मालिक से तीनो बाइक की छतिपूर्ती का वहन करने को लेकर आपसी सुलह समझौते की बात करमा चौकी पर किया जा रहा है।

# बीडीओ ने किया टीएचआर प्लांट का औचक निरीक्षण

## प्लांट में तैयार हो रही बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए पोषक रेसिपी

- मानक और गुणवत्ता बनाए रखने पर दिए निर्देश, साफ-सफाई और उत्पादन की गुणवत्ता जोर

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के जहांगीरगंज के खंड विकास अधिकारी सतीश सिंह ने नसीरपुर छितौना में स्थित टीएचआर (टेक होम राशन) प्लांट का औचक निरीक्षण किया। यह प्लांट एनआरएलएम (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के तहत संघर्ष महिला प्रेरणा लघु उद्योग समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने प्लांट की साफ-सफाई और उत्पादन की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्लांट की संचालिका सुशीला देवी को स्पष्ट रूप से कहा कि उत्पादन के दौरान मानक और गुणवत्ता का पालन होना चाहिए, जिससे पोषण की गुणवत्ता से कोई समझौता न हो।



### प्लांट संचालन में सक्रिय समूह

इस निरीक्षण के दौरान प्लांट की अध्यक्ष सुशीला देवी, सचिव शर्मिला चौहान और कोषाध्यक्ष नीरज भी मौजूद रहे। उनकी सक्रिय भागीदारी और समूह के समर्पण से टीएचआर प्लांट का संचालन सुचारू रूप से हो रहा है। बीडीओ ने समूह के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### महिलाओं के आत्मनिर्भरता की मिसाल

संघर्ष महिला प्रेरणा लघु उद्योग समूह के माध्यम से संचालित यह टीएचआर प्लांट महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समूह की महिलाएं न सिर्फ अपने परिवारों के लिए रोजगार के अवसर सृजित कर रही हैं, बल्कि समाज में अपनी एक नई पहचान बना रही हैं।

### प्लांट में मिला क्रियाशीलता, सफाई पर विशेष ध्यान

निरीक्षण के समय, प्लांट को पूरी तरह से क्रियाशील पाया गया। बीडीओ ने प्लांट की व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए निर्देशित किया कि वहां की सफाई व्यवस्था को नियमित रूप से बनाए रखा जाए, ताकि तैयार होने वाली रेसिपी की गुणवत्ता पर कोई असर न पड़े। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि प्लांट से उत्पादन की गई सामग्री को उचित तरीके से पैक करके आंगनबाड़ी केंद्रों तक पहुंचाया जाए।

### रेसिपी के बारे में जानकारी

बीएमएम (ब्लॉक मिशन मैनेजर) प्रमोद वर्मा ने बताया कि इस टीएचआर प्लांट में कई पोषक रेसिपी तैयार की जा रही हैं। इनमें आटा बेसन हलवा, ऊर्जायुक्त हलवा, आटा बेसन बर्फी प्रिमिक्स और मूंग दाल खिचड़ी शामिल हैं। ये रेसिपी विशेष रूप से 03 से 06 वर्ष की आयु के बच्चों और गर्भवती तथा धात्री महिलाओं के लिए तैयार की जाती हैं। इनमें उपयोग किए गए तत्व बच्चों और महिलाओं के पोषण की जरूरतों को पूरा करने में सहायक होते हैं।

### आंगनबाड़ी केंद्रों तक रही सप्लाई 508 केंद्र लाभान्वित

टीएचआर प्लांट से तैयार किए गए उत्पाद रामनगर और जहांगीरगंज ब्लॉक के 508 आंगनबाड़ी केंद्रों तक नियमित रूप से सप्लाई किए जाते हैं। इसका उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों और गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराना है।

# गोकशी कर रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**



जनपद के सम्मन पुर थाना क्षेत्र में गोकशी करते रंगे हाथ दो आरोपियों को पड़कर ग्रामीणों ने पुलिस को सौंप दिया। आरोपियों की बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। घटना बलुआ बहादुरपुर गांव के उसरहवा के पास रात करीब साढ़े नौ बजे की है।

मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के बलुआ बहादुरपुर गांव के कुछ लोग रामलीला देखकर घर लौट रहे थे। उसरहवा के पास खड़ंजा मार्ग किनारे लावारिस अवस्था में बाइक खड़ी देख ग्रामीणों को संदेह हुआ। उनमें में से एक युवक ने चार कदम आगे बढ़कर देखा तो वहां धान के खेत में दो लोग गोब बध कर रहे थे। युवक को देखकर आरोपित सक पका गए। और चाकू लेकर उसे मारने के लिए दौड़ा लिया। वह जान बचाकर किसी तरह भागकर गांव में पहुंचा। वहां पर चिल्ला कर सारी बात ग्रामीणों को बताई।

गोबध की जानकारी पर कुछ ही देर में बड़ी संख्या में ग्रामीण हाथ में लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंच गए। बड़ी संख्या में ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख गोकशी के आरोपित भागने लगे। और कुछ ही दूर जाकर धान के खेत में छिप गए। लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें खोज कर पकड़ लिया। और जमकर पिटाई कर दी। उग्र भीड़ में आरोपियों की बाइक को तोड़फोड़ कर तहस-नहस कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों के चंगुल से दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल बना है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सम्मनपुर क्षेत्र में गोकशी का धंधा लंबे समय से फल फूल रहा है। ताजा मामले में मिले सबूत यही गवाही दे रहे हैं। सीओ सिटी देवेंद्र कुमार मौर्य ने थाने पहुंचकर घटना के संबंध में पूरी जानकारी ली और आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि गोकशी के आरोप में मोहम्मद कलीम व सुनील वर्मा निवासी नगपुर कोतवाली जलालपुर को गिरफ्तार किया गया है। गोबध अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है।

# केरल के राज्यपाल ने किया पूरन डावर की बायोग्राफ़ी बुक का विमोचन

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



डावर ग्रुप के चेयरमैन पूरन डावर की बायोग्राफ़ी पुस्तक का विमोचन जेपी पैलेस होटल में ब्रज रत्न अवार्ड के भव्य समारोह में केरल के राज्यपाल महामहिम आरिफ़ मोहम्मद ख़ान, फिल्म अभिनेता राज बब्बर, सुरेंद्र पाल, प्रकाशक यूनाइटेड रिसर्च सर्विसेज़ एवं एशिया वन के सीईओ संदीप कुमार, वाईके गुप्ता, स्क्वाड्रन लीडर एके सिंह, किशोर खन्ना, राजेश गर्ग एवं रजत अस्थाना ने संयुक्त रूप से किया।

इस बायोग्राफ़ी पुस्तक का विमोचन इससे पूर्व इंटरनेशनल मंच पर 27 सितंबर को दुबई में हुआ था। पुस्तक के प्रकाशक संदीप कुमार ने पुस्तक के विषय में विस्तृत जानकारी दी और बताया कि पूरन डावर की बायोग्राफ़ी को क्यों और कैसे चुना गया और कैसे प्रेरित हुए, यूआरएस की रिपोर्ट के बाद जब गुरुग्राम में पूरन डावर के साथ साक्षात्कार हुआ तो उनके संघर्ष की कहानी के साथ अनेक ऐसे पहलू सामने आये जोकि आने वाले युवाओं को न केवल संघर्ष बल्कि आगे बढ़ने में मदद कर सकते हैं। 3-4 घंटे के 7 साक्षात्कार के बाद 270 पेज की इस बायोग्राफी सारे पहलू प्रकाशित किए गए हैं। प्रकाशन समूह के सीईओ संदीप कुमार ने यह भी बताया कि इस पुस्तक को यूएसए और यूके में भी लॉच किया जाएगा। इसका हिन्दी संस्करण फ़रवरी में 2025 में आएगा और इसका विमोचन दिल्ली के भारत मण्डपम में एबीएसएफ़ के साथ किया जाएगा।

यह पुस्तक अनस्टॉपेबल पर्सूट ऑफ़ प्रोग्रेस पूरन डावर की बायोग्राफी अब आमेजन पर उपलब्ध है और शीघ्र देश और विदेश के लीडिंग बुक स्टोर्स में उपलब्ध होगी।

इस अवसर पर पूरन डावर ने बताया कि यह संघर्ष की मात्र मेरी कहानी नहीं बल्कि उन सबके संघर्ष की कहानी है जो देश के विभाजन के बाद रिफ्यूजी होकर आये और कड़ी मेहनत से न केवल आपने आपको स्थापित किया बल्कि देश के उद्योगों को गति दी और साथ कार्यपद्धति से दिशा देने का काम भी किया।

# उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वित्तीय सलाहकार विभव कैपिटल को किया गया कैफे म्यूचुअल बिग लीग अवार्ड से सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

कैफेम्यूचुअल कॉन्फ्लुएंस एक विचार-नेतृत्व कार्यक्रम है, जो म्यूचुअल फंड व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें प्रत्येक वर्ष में देशभर से 450 से अधिक लोग भाग लेते हैं। इस बार के संस्करण के लिए कल की सफलता के लिए स्मार्ट कदम को थीम के रूप में चुना गया था।

कैफेम्यूचुअल कॉन्फ्लुएंस का 13वां संस्करण 18 अक्टूबर, 2024 को ताज सांताक्रूज़, मुंबई में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े वित्तीय सलाहकार व आगरा के प्रख्यात विभव कैपिटल को प्रतिष्ठित कैफेम्यूचुअल बिग लीग अवार्ड्स से सम्मानितद्य किया गया। विभव कैपिटल की ओर से कंपनी के स्वामी शलब गुप्ता विभव व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ईशा गुप्ता ने यह सम्मान प्राप्त किया। विभव कैपिटल ने व्यक्तिगत श्रेणी में भारत में आर्थिक वर्ष 25 में द्वितीय स्थान जबकि उत्तरी भारत में आर्थिक वर्ष 25 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विभव कैपिटल ने अपने उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों से म्यूचुअल फंड उद्योग में शहर या राज्य में ही नहीं वरन् भारत में एक अलग पहचान बनाई है और म्यूचुअल फंड क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार और समर्पण का प्रदर्शन किया है।

कैफेम्यूचुअल के संस्थापक व सीईओ प्रेम खत्री जी ने शलब गुप्ता विभव को यह सम्मान प्रदान करते हुए निवेश के क्षेत्र में किए गए उनके प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

इस अवसर पर उपस्थित आईपीएफ की अध्यक्षा, प्रसिद्ध लेखिका व वक्ता मोनिका हालन भी ने विभव कैपिटल की इस उपलब्धि पर शलब गुप्ता विभव को यह पुरस्कार प्रदान करते हुए अनेकानेक शुभकामनाएँ दीं व उनके साथ भारतीय निवेश से संबंधित कुछ विषयों पर चर्चा की।

तत्पश्चात वैल्यू रिसर्च के सीईओ धीरेंद्र कुमार ने विनियामक परिदृश्य व मुद्रास्फीति व निवेश की दिशाओं के विषय में चर्चा की। अपनी इस उपलब्धि के अवसर पर शलब गुप्ता विभव ने कैफेम्यूचुअल का आभार जताते हुए कहा कि वह इसी प्रकार निरंतर अपने निवेशकों को धन प्रबंधन की राह दिखाते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास करते रहेंगे। इस उपलब्धि पर समस्त विभव परिवार व विभव कैपिटल के निवेशकों ने शलब गुप्ता विभव को अत्यंत शुभकामनाएँ व आशीष प्रदान करते हुए भविष्य में भी परिवार का नाम रोशन करने की आशा जताई।

# भव्य ही नहीं दिव्यता से भी लबाबब था ब्रज रत्न अवार्ड का आठवां संस्करण

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



कला, साहित्य, संगीत, खेल, आदि में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा से देश विदेश में सफलता प्राप्त करने के बाद उनको जब अपने क्षेत्र में कोई संस्था सम्मानित करती है तो यह सम्मान विभूतियों का नहीं बल्कि आयोजकों का भी होता है।

क्योंकि जब घर में सम्मान होता है तो उसे सम्मान में भावात्मक पक्ष की प्रबल होता है। ऐसा ही कुछ मुझे सम्मानित विभूतियां में भी देखने को कल कुछ मिला। जेपी होटल का सभागार साक्षी बना इस दृश्य का जिसमें बृज क्षेत्र की विभूतियों को बृज रत्न अवार्ड मिला। फिल्म अभिनेता राज बब्बर, टीवी सीरियल के सफल अभिनेता एवं महाभारत सीरीयल के द्रोणाचार्य सुरेंद्र पाल, फिल्म पटकथा लेखक एवं निर्देशक अतुल सब्बरवाल, नृत्यांगना रुचि शर्मा, संगीतज्ञ रघुनाथ तलेंगावकर, अर्थशास्त्री राजीव जैन वरिष्ठ चिकित्सिका संध्या अग्रवाल, शास्त्रीय संगीत गायक डॉक्टर सदानंद ब्रह्म भट्ट को बृज के सर्वोच्च पद से अलंकृत किया गया, सम्मानित किया गया।

प्रत्येक विभूति अपने घर में उक्त सम्मान से अभिभूत थी। इनक्रेडिबल इंडिया के चेयरपर्सन श्री पूरन डावर साहब एवं उनकी उनकी पूरी समिति ने जिस पारदर्शिता के साथ विभूतियों का चयन किया जिसमें पक्षपात की कतई गुंजाइश नहीं थी। यही इंक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन की साख है। श्री आरिफ मोहम्मद खान महामहिम राज्यपाल केरल के सानिध्य में उक्त अलंकरण समारोह सभी के जेहन में घर कर गया। खचाखच भरे सभागार में हस्तियों का समावेश था। जिनमें उद्योगपति, समाजसेवी, बुद्धजीवी, विचारक एवं समाज के सभी क्षेत्रों के नेतृत्वकर्ताओं की शिरकत से गरिमामयी स्थिति का एहसास हो रहा था। महामहिम जी का सारगर्भित अभिभाषण ने कार्यक्रम को अत्यंत गरिमामयी बना दिया। उन्होंने कहा कि सम्मान कितना भी सर्वोच्च क्यों ना हो पर लक्ष्य अभी बाकी है की दिशा में विभूति आगे बढ़ती हैं।

मंच पर महामही विराजमान थे दाहिनी और बायीं ओर पूरन डावर और हम सभी के प्रिय प्रमुख शिक्षाविद के के सिंह, राज बब्बर, किशोर खन्ना, हार्दिक की कर्म में उपस्थिति में मंच को साकार रूप दिया। कुशल संचालक नकिया। अजय शर्मा और बृजेश शर्मा जी का कार्यक्रम में योगदान सक्रियता विशिष्ट रही।

# जनपद में धूमधाम से निकली महर्षि वाल्मीकि शोभायात्रा





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

विगत दिवस देर रात महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद के मोहल्ला नखासा वाल्मीकि मंदिर में धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक के साथ बाल्मीकि जयंती मनाई गई साथी शोभायात्रा निकल गई जिसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहें।

इसी अवसर पर जनपद के बीसलपुर तहसील क्षेत्र में महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कई कार्यक्रम हुए। शिक्षण संस्थानों में महर्षि वाल्मीकि जयंती धूमधाम से मनाई गई तथा वाल्मिक समाज के लोगों द्वारा नगर में शोभा यात्रा निकाली गई।

महर्षि वाल्मीकि की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। नगर में बाल्मिक समाज के लोगों द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी की शोभायात्रा मनमोहक झांकियो व बैंड बाजो के साथ निकाली गई। जगह-जगह पुष्प वर्षा के साथ यात्रा का स्वागत किया गया। महर्षि वाल्मीकि के जयकारों से नगर गूंजायमान हो उठा। मोहल्ला दुबे स्थित महर्षि वाल्मीकि मंदिर से महर्षि शोभायात्रा का शुभारम्भ हुआ। सबसे आगे बैंडबाजे वाले मधुर ध्वनि बिखेर रहे थे। शोभायात्रा में कुटिया में विराजमान महर्षि वाल्मीकि, हंस पर विराजमान मां सरस्वती, भगवान शंकर, मां दुर्गा, भगवान विष्णु, हनुमान जी, लव कुश, मोर पर सवार कार्तिकेय, भगवान नरोसिह, भगवान कृष्ण, भगवान गणेश सहित एक दर्जन देवी-देवताओं की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होती हुई मोहल्ला दुर्गा प्रसाद स्थित वाल्मीकि बस्ती में पहुंची। यहां यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद कई मार्गो से होती हुई शोभायात्रा पुनः महर्षि वाल्मीकि मंदिर में आकर संपन्न हो गई। शोभायात्रा में पूर्व सभासद रामसरन वाल्मीकि, पप्पू वाल्मीकि, अशर्फीलाल, रूपलाल, रामदुलारे, सोहन पाल, रोहित कुमार, रजत कुमार, हरीश कुमार, मन्नू वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग साथ चल रहे थे। बालादेवी रोशनलाल हायर एजुकेशन महाविद्यालय में प्रबंधक डॉ. रत्नेश गंगवार की अध्यक्षता में महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई गई। आरडीएसएस इंटर कालेज में प्रधानाचार्य मिश्रीलाल व व्यायाम शिक्षक मनोज कुमार दुबे ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डाला। जनता टेक्नीकल इंटर कालेज में भी वाल्मीकि जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य प्रवीण सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को महर्षि वाल्मीकि के जीवन के बारे में जानकारी दी। बालाजी गर्ल्स इंटर कालेज में प्रधानाचार्य अर्चना चौहान तथा एसकेजेपी गर्ल्स इंटर कालेज में प्रधानाचार्य मीना कुमारी की मौजूदगी में वाल्मीकि जयंती मनाई गई।

# त्योहार शुरु होते ही सक्रिय हुए चोर, एक ही रात में चार पान खोखों से हुई चोरी

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**



त्योहार शुरु होते ही क्षेत्र में चोर भी सक्रिय हो गए हैं। एक ही रात में दो चौराहों पर हुई चोरियों से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। जबकि इसी बीच एक साइकिल भी चोरों द्वारा पार की गई है। क्षेत्र में एक ही रात में ताबड़तोड़ घटनाओं से दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस की रात्रि गश्त और सक्रियता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

बीती रात दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के मकरंदापुर चौराहे पर गांव मकरंदापुर निवासी प्रदीप कुमार, संतोष कुमार के पान के खोखों से चोरों ने फंटी उखाड़ कर प्रदीप कुमार के खोखे में रखी बैटरी, 10 हजार रुपए का सामान और 2 हजार रुपए की नकदी तथा संतोष के खोखे से 1 हजार रुपए की नकदी व सामान लेकर बल्देवपुर निवासी मेवाराम की साइकिल उठाई, फिर चोरों ने बड़ागांव चौराहे पर बड़ागांव निवासी मनीष कुमार के खोखे की फंटी उखाड़ कर 5 हजार रुपए का सामान और 300 रुपए की नकदी तथा सतेंद्र निवासी खामघाट के खोखे से एक छोटा डीसी इंवर्टर 350 रुपए का 1500 रुपए का सामान 500 रुपए की नकदी लेकर फरार हो गए हैं। किसी भी घटना की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है। जबकि मकरंदापुर चौराहे पर हुई चोरी की घटना पुलिस के संज्ञान में है। सुबह घटना की सूचना मिलते ही मकरंदापुर चौराहे से पीआरबी 112 को घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पीआरवी 112 मौके पर पहुंची और पुलिस उपनिरीक्षक शंकर लाल भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। ताबड़तोड़ चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। रात्रि में होने वाली पुलिस गश्त और सक्रियता पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। जबकि मकरंदापुर और बड़ागांव दोनों व्यस्त चौराहे हैं। बड़ागांव चौराहे पर शराब भट्टी होने से अधिक चहल-पहल रहती है। मकरंदापुर चौराहे पर भी मार्केट की वजह से खासी चहल-पहल रहती है।

प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि मकरंदापुर चौराहे पर पान खोखों से चोरी की सूचना मिली है।

बड़ागांव चौराहे पर हुई घटना के बारे में कोई सूचना नहीं दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सजल नेत्रों से पालकी में बैठाकर कंधे पर उठाकर हुई मां की विदाई

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

एक तरफ मां की विदाई के लिए लोग ट्रैक्टर ट्राली,जीप आदि का सहारा लेकर मां की विदाई करते हैं। वहीं सूरापुर मुड़िला रोड पर स्थित जय मां शक्ति दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने मां जगत जननी को पालकी में बैठाकर कंधे पर उठाकर बाजार भ्रमण के पश्चात ममतामयी मां की विदाई किया।

महिलाओं ने जगह जगह मां की आरती उतारी।

पालकी पर विदाई बाजार में चर्चा का विषय बना रहा।

शारदीय नवरात्र में मां की पूजा अर्चना करने के बाद मां को पालकी में बैठाकर कंधे पर उठाकर बाजार भ्रमण के पश्चात ममतामयी मां की विदाई की गई।

विदाई की बेला पर समिति अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति, शिवपूजन मौर्या, राकेश मौर्या, संतोष मौर्या, रोमिल सिंह, हरिओम धुरिया, डा प्रदीप मौर्या सौरभ विश्वकर्मा, डाक्टर त्रिवेणी सिंह, शशांक सिंह, सत्यार्थ मौर्य, अनुरोध मौर्य सहित लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय इंटर हाउस स्पोर्ट्स मीट का हुआ आयोजन





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

शुक्रवार को जनपद के सेंट एलॉयसिएस कॉलेज में दो दिवसीय इंटर हाऊस स्पोर्टस मीट का आयोजन किया गया।

जिसमें विद्यार्थियों ने खेलों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय के प्रधानाचार्य गाजी क्रिस्टोफर फादर पीटर मल्लियुतरा (खटीमा), फादर सुनील क्रास्य (नबावगंज) दीप प्रज्वलित करके किर्या तत्पश्चात् विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध किया। चारो हाऊस के विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट कर विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर शाजी क्रिस्टोफर तथा फादर विश्वजीत को सलामी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने मशाल जलाकर प्रतियोगिता का आगाज़ किया उन्होंने सभी प्रतिभागियों को खेल की प्रतिज्ञा दिलाई। उद्घाटन समारोह में राज्यमंत्री संजयसिंह गंगवार विशेष अतिथि के रूप में पहुंचे। साथ ही देवेन्द्र कुमार ने भी अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में 100 मी0 जूनियर बालक वर्ग, बालिका वर्ग, सीनियर बालक वर्ग व बालिका वर्ग (200 मी0), सब जूनियर (100 मी.) बालक व बालिका वर्ग का आयोजन किया गया। 100 मी0 सब जूनियर बालक वर्ग में फज्ल मो0 खान प्रथम, फुआद मो. खान (नेहरू हाऊस) द्वितीय, मो. आतिक (नेहरू हाऊस) तृतीय स्थान पर रहे। 100 मी0 सब जूनियर बालिका वर्ग अल्शिफा प्रथम (शास्त्री हाऊस हाऊस) मन्नत इमरान (टैगोर हाउस)द्वितीय, धानिया फातिमा (गाँधी हाउस )तृतीय स्थान पर रहीं। सभी प्रतिभागियों को देवेन्द्र कुमार ने मेडल व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।100 मी0 जूनियर बालक वर्ग में मो. कैफ (शास्त्री हाऊस) प्रथम, अंश मौर्य (शास्त्री हाऊस) द्वितीय, हुमाय रजा (नेहरू हाऊस) तृतीय स्थान पर रहें। 200 मी. जूनियर बालक वर्ग में मो. कैफ (शास्त्री हाऊस) प्रथम, अंश मौर्य (शास्त्री हाऊस) द्वितीय, शहरोज अहमद । नेहरू हाऊस, तृतीय स्थान पर रहे। 200मी0 सीनियर बालक वर्ग में हारून अहमद (नेहरू हाऊस) प्रथम, जितिन चौधरी (गाँधी हाऊस)द्वितीय अंकित सिंह (टैगोर हाऊस) तृतीय स्थान पर रहे।

सभी प्रतिभागियों को राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने, मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रचार्य ने कहा- हमें गर्व है कि हमारे स्कूल के बच्चे हर साल इन प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते है और इस बार राज्य मंत्री की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी खास बना दिया।

# करवों की सजी दुकानें करवाचौथ कल, सजना के लिये सजेगी सुहागिनें

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**



पीलीभीत। कल रविवार को करवाचौथ पर्व को लेकर सुहागिनों में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है। नव विवाहिताये सजने सभरने के लिये अलग अंदाज में तैयारी कर रही है। करवाचौथ पर्व को लेकर बाजारों में रौनक दिखने लगी है। ज्वैलर्स के अलावा सौंदर्य प्रसाधन व गारमेंटस की दुकानों में ग्राहकों की भारी भीड जुटी रही। महिलाओं ने अपने मनपसंद परिधान, ज्वैलरी व श्रंगार की खरीददारी की।

पश्चात्य सम्भयता के करवा चौथ पर्व का क्रेज अन्य जनपदों की भांति पीलीभीत में भी बढा है। पति की दीर्घायु के लिये रखा जाने वाला यह पर्व नव विवाहिताये अपने अंदाज में मनाती है। पूरे दिन ब्रत रख सोलह श्रृगार करके महिलाये चलनी से चांद का दीदार कर अपने पति के हाथ से पानी पीकर ब्रत तोडती है। इस दौरान वह पति की लम्बी उम्र की कामना करती है। यह पर्व 20 अक्टूबर को मनाया जायेगा। पर्व में महज कुछ ही समय शेष बचा है। यही बजह है कि बाजार में चहल पहल बढ गई है। सुहागिने पर्व को लेकर अपनी तैयारियों में जुटी है। करवा की खरीद के साथ अन्य सामानों की जमकर खरीदारी की जा रही है। सौन्दर्य प्रशाधन की दुकानों में महिलाओं की भारी भीड देखी जा रही है। जहां वह अपना मनपसंद सामग्री की खरीदारी कर रही है। करवा चौथ को लेकर सबसे ज्यादा उत्साह पहली बार ब्रत रखने वाली नवविवाहिताओं में नजर आ रहा है। अपने अंदाज में पर्व मनाने की तैयारी कर रही है। उनका कहना है कि पति की दीर्घायु के लिये रखे जाने वाले इस पर्व को खास बनाने के लिये वह कोई कोर कसर नही छोडगी। बाजार में ज्वैलर्स की भी जमकर खरीदारी की जा रही है। कुछ भी हो लेकिन पर्व को लेकर महिलाओं में जोश है और वह करवा चौथ की तैयारियों में पूरी तरह जुटी है। ग्राहकों की मांग के अनुसार दुकानदारों द्वारा भी सामान की खेप मंगाई गई है।

## कार की टक्कर लगने से दो महिलाओं की मौत

**जन एक्सप्रेस । बिजनौर**

बिजनौर के मंडावली थाने के गांव मीरामपुर बेगा के सामने हाईवे पर सैर-सपाटे के लिए निकली दो महिलाओं की कार की टक्कर लगने से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। टक्कर लगने के बाद कार गहरी खाई में जा गिरी। सूचना पर पहुंची मंडावली पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। मृतक महिलाएं गांव सैफाबाद की रहने वाली हैं। महिलाओं में पार्वती 50 वर्ष पत्नी सुरेंद्र सिंह, सुनीता देवी 60 वर्ष पत्नी प्रभु सिंह शामिल हैं। दोनों महिलाएं रोजाना की तरह सुबह-सवेरे सड़क पर घूमने के लिए गईं थी। करीब 4.30 बजे हादसा हो गया। महिलाओं की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। उधर, पुलिस ने कार चालक उत्तराखंड पिथौरागढ़ के अंबा कॉलोनी निवासी मोहित को हिरासत में लिया है।

# न्यूरिया कॉलोनी नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सम्पन्न





**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

न्यूरिया कॉलोनी नाइट फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच गत रात्रि 8꞉00 बजे से नूरिया कॉलोनी के स्कूल ग्राउंड में शुरू हुआ। इस मैच में गांधी स्टेडियम और बनबसा की टीमें आमने-सामने थीं।

मैच बहुत ही रोमांचक और कांटे का था, जिसमें दोनों टीमों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी। पहले हाफ में दोनों टीमों ने एक-एक गोल किया, लेकिन दूसरे हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। इसके बाद मैच टाई हो गया।

मैच का परिणाम 5-5 शूटआउट से किया गया, जिसमें पीलीभीत की तरफ से तीन गोल और बनबसा ने चार गोल करके मैच को जीत लिया। इस अवसर पर नाइट टूर्नामेंट के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि डिवाइन एलर्जी अस्थमा सेंटर, अनुज नर्सिंग होम के मालिक एवं पीलीभीत वेटर्न्स क्रिकेट संघ के अध्यक्ष डॉ दीपक गंगवार, व ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अनिल महेंद्रु, वेटरेंस क्रिकेट संघ के सचिव जगदीश सक्सेना, सहसचिव हरीश दुलवानी एवं गुरुपद बीड़ी के मालिक समर उपस्थित रहे। मैच का परिणाम रात्रि 12 बजकर 30 मिनट पर आया। इस मैच को देखने के लिए लगभग 10 हजार दर्शक उपस्थित रहे।

यह टूर्नामेंट न्यूरिया फुटबॉल कमेटी द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य फुटबॉल को बढ़ावा देना और युवाओं को इस खेल में प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान करना था।

## सपा ने सुंबुल राणा को बनाया प्रत्याशी

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**

समाजवादी पार्टी ने मीरापुर विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिए प्रत्याशी की घोषणा कर दी है। सुंबुल राणा को उम्मीदवार बनाया गया है।

समाजवादी पार्टी ने मीरापुर विधानसभा उपचुनाव के लिए सुंबुल राणा को प्रत्याशी घोषित कर दिया है। सुंबुल राणा पूर्व सांसद कादिर राणा की पुत्रवधू हैं और बसपा नेता एवं पूर्व सांसद मुनकाद अली की बेटी हैं। लखनऊ में जिले के कद्दावर नेताओं से करीब तीन घंटे मंत्रणा करने के बाद राणा के नाम पर सहमति बनी। सपा सांसद हरेंद्र मलिक, पूर्व सांसद कादिर राणा, जिलाध्यक्ष जिया चौधरी एडवोकेट, वसी अंसारी एडवोकेट समेत अन्य नेता लखनऊ पहुंचे थे। टिकट के लिए 25 दावेदार थे।

# संपूर्णानगर चीनी मिल चुनाव में निर्विरोध उपसभापति चुने गए इंद्रदीप सिंह बटन



**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



हजारा। लखीमपुर-खीरी पीलीभीत परिक्षेत्र की किसान सहकारी चीनी मिल संपूर्णानगर के उपसभापति पद पर हजारा के गांव शांतिनगर निवासी भाजपा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता इंद्रदीप सिंह बटन निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए हैं निर्वाचित घोषित हुए इंद्रदीप सिंह बटन को पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी ने प्रमाण पत्र देते हुए बधाई दी है। इस मौके पर लोगो ने बधाई दिया है।इस दौरान रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव कबीरगंज साधन समिति अध्यक्ष योगेश कुमार श्रीवास्तव पूर्व साधन समिति अध्यक्ष चौधरी पदम सिंह, बेअंत सिंह, प्रदीप शुक्ला, कबीरगंज ग्राम प्रधान इकबाल सिंह उर्फ पाले, कमालूद्दीन, रोहित मिश्रा, फरीद अहमद सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

यह लोग हुए निर्वाचित

दिलावर जीत सिंह, मनीष साहनी, प्रेमचंद फिरोजा बेगम, चौधरी पदम सिंह, इजहारुल अहमद, मक्खन सिंह संचालक पद पर निर्वाचित हुए हैं। यहां बता दें कि इंद्रदीप सिंह बटन पूर्व में भी संपूर्णानगर चीनी मिल के उपसभापति पद पर रह चुके हैं। रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में सभी भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी के रुप में निर्वाचित हुए इंद्रदीप सिंह बटन को माला पहनाकर बधाई दिया और मिष्ठान वितरण किया है।

## विश्व हिंदू परिषद से हरीश दुलवानी को नगर उपाध्यक्ष के दायित्व से किया गया मुक्त

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

विश्व हिंदू परिषद पलीभीत के नगर उपाध्यक्ष हरीश दुलवानी को संगठन के संगठात्मक कार्य को संगठन की रीति नीति के अनुसार न करने एवं बार-बार समझाने पर भी न मानने पर अनुज कुमार सिंह प्रांत मंत्री एवं राकेश त्यागी विभाग पालक एवं प्रांत सह मंत्री एवं जिला संगठन मंत्री प्रिंस गौर विश्व हिंदू परिषद के दिशा निर्देशानुसार हरीश दुलवानी को नगर उपाध्यक्ष से तत्काल दायित्व मुक्त किया। साथी वरिष्ठ पदाधिकारी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सूचना दी है।

## कच्छा पहने डेरे में घुसा युवक

**जन एक्सप्रेस । सहारनपुर।** बेहट में टोली गांव के पास अर्धनग्न हालत में मिले युवक की वन गुर्जरों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी, लेकिन पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्याकांड का खुलासा कर दिया। आरोपियों ने बताया कि युवक अर्धनग्न हालत में उनके डेरे में बार-बार घुस रहा था, जिसके बाद उसकी पिटाई की गई थी। टोली गांव के पास बुधवार को एक युवक का अर्धनग्न शव सड़क पर पड़ा मिला था, जिसके सिर और पैर पर चोट के निशान थे।

# पेट्रोल पंप कर्मचारी से लूट का पुलिस ने किया खुलासा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




खेतासराय पुलिस ने मानी खुर्द गांव के पास पेट्रोल पंप कर्मचारी से हुई लूट का खुलासा किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने लूट में शामिल दोनों आरोपियों को बरंगी बेसों नदी के पास से शुक्रवार की सुबह गिरफ्तार किया। उनके पास से लूट के दो लाख 40 हजार रुपए, लूट में प्रयुक्त बाइक, तमंचा व अन्य सामान बरामद हुआ है। दोनों आरोपियों का चालान न्यायालय भेज दिया

पांच दिन पहले 14 अक्तूबर को मानीकला स्थित केएसके पेट्रोल पंप का कर्मचारी नीरज यादव तीन लाख 55 हजार 850 रुपए बैग में रखकर सीमावर्ती फुलेश दीदारगंज आजमगढ़ स्थित यूबीआई की शाखा में जमा करने जा रहा था। मानी खुर्द गांव के पास पीछा कर रहे बाइक सवार दो नकाबपोश बदमाशों ने असलहे के बल पर रुपए से भरा बैग लूटकर फरार हो गए थे। घटना के बाद से पुलिस की टीम बदमाशों को पकड़ने में लग गई थी। घटना के पांचवें दिन लूट खुलासा करते हुए प्रभारी निरीक्षक दीपेन्द्र सिंह ने बताया कि सुबह करीब साढ़े आठ बजे बरंगी प्रतापनगर बेसों नदी के पास दोनों लुटेरों के होने की मुखबिर से सूचना मिली। पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर दोनों आरोऊको गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में एक बदमाश ने अपना नाम संतोष कुमार यादव उर्फ दारा यादव पुत्र सीताराम यादव निवासी कादनपुर, दीदारगंज और दूसरे बदमाश ने इसी गांव का निवासी शुभम यादव पुत्र केदार यादव बताया। पुलिस के अनुसार आरोपी संतोष कुमार यादव ने बताया कि ट्रक का किश्त जमा न हो पाने के कारण उसने गांव के शुभम यादव के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। लूटे गए रुपए में से 49-49 हजार रुपए सहज जनसेवा केंद्र से अपने खाते में डलवाया। 17-18 हजार रुपए खर्च कर दिए। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजकुमार यादव, ईश्वर कुमार, नफीस अहमद व अन्य कांस्टेबल शामिल रहे।

# श्रीराम कथा आयोजन के एक दिन पहले विशाल कलश यात्रा की रणनीति बनी

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर जिले के प्रख्यात समाजसेवी एवं उद्यमी तथा श्री राम कथा 2024 के मुख्य आयोजक ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा है कि आगामी नौ नवम्बर को जौनपुर के इतिहास में अभूतपूर्व आध्यात्मिक चेतना का परचम लहराएगा, उस दिन कलश यात्रा में पीत परिधानों में पांच हजार महिलाए सिर पर चुनरी और कलश धारण किए नगर के चप्पे चप्पे में इतिहास की एक तारीख और नई इबारत लिखेगी।

जिले के प्रख्यात समाजसेवी एवं उद्यमी तथा श्रीराम कथा 2024 के मुख्य आयोजक ज्ञानप्रकाश सिंह ने शुक्रवार को सुंदरनगर उमरपुर स्थित चस्का रेस्टोरेंट में श्रीराम कथा संचालन टोली को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीराम कथा की तैयारियां अंतिम चरण में चल रही है।कलश यात्रा में विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा झांकियो का प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कलश सेवा भारती के बैनर तले बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान स्थित आयोजित श्रीराम कथा स्थल के भव्य पांडाल में स्थापित किया जायेगा। हाथी घोड़े और गाजे बाजे के साथ इस कलश यात्रा में दस हजार श्रद्धालु नर नारी शामिल होगे। बीआरपी कालेज से लगायत जौनपुर नगर भगवा रंग से पट जायेगा और समूचा वातावरण राममय हो जायेगा ऐसी योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि 10 नवंबर से 16 नवंबर तक प्रतिदिन अपरान्ह 3꞉00 बजे से 6.00 तक देश के जाने-माने कथाकार श्री प्रेमभूषण जी महाराज कथा सुनाएंगे।

आरएसएस काशी प्रांत के प्रांत कार्यवाह मुरली पाल ने श्रीराम कथा की सफलता हेतु एक रूपरेखा प्रस्तुत की।

उन्होंने कार्य योजना को अंतिम रूप प्रदान करते हुए कार्य का वितरण किया। बताया की संघ सहित उसके सभी अनुसांगिक संगठन तथा समविचारी स्वयंसेवी संगठनों एवं मातृशक्ति का श्रीराम कथा में भरपूर सहयोग मिल रहा है। सेवा भारती जौनपुर के जिलाध्यक्ष डा तेज सिंह ने भी संबोधित किया।

मुख्य रूप से जिला संघचालक डा सुभाष सिंह डा वेदप्रकाश सिंह विमल सिंह कुंवर प्रदीप सिंह डा उदय सिंह डा अंजना सिंह प्रीति गुप्ता शशि मौर्या अंजू पाठक राखी डा अंजना श्रीवास्तव माधुरी गुप्ता डा सरला त्रिपाठी गुंजन चौहान विनोद स्कंद पटेल सोनी जायसवाल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# नव मतदाता पंजीकरण के लिए प्रत्येक कॉलेज में नामित होगा एक नोडल अफसर

जन एक्सप्रेस | कन्नौज




जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में मतदाता पुनरीक्षण के संबंध में आयोजित बैठक के दौरान कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मतदाता पुनरीक्षण का कार्यक्रम होना निर्धारित है। इस अभियान के अन्तर्गत जनपद के ऐसे युवा छात्र/छात्रायें जो दिनांक 01 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है, वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य दर्ज करायें। बताया कि यह अभियान दिनांक 29 अक्टूबर से 28 नवम्बर तक चलाया जायेगा। इस अभियान के अन्तर्गत दिनांक 09, 10, 23, 24 नवम्बर को विशेष तिथियां निर्धारित है। इन विशेष तिथियों में बूथ लेवल अधिकारी बीएलओ अपने बूथ पर मतदाता सूची एंव फार्म के साथ उपस्थित रहेगें। कहा कि दिनांक 06 जनवरी 2025 को विधानसभावार मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

श्री शुक्ल ने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक कालेज में एक प्रवक्ता को कोर्डिनेटर के रूप में नामित किया जाए। कोर्डिनेटर/नोडल अधिकारी शैक्षणिक संस्थानों में निर्वाचन साक्षरता क्लब ईएलसी को सक्रिय कर पंजीकरण की प्रक्रिया और आवेदन दाखिल करने की सीमा के बारे में जागरूक करेगें। शैक्षणिक संस्थानों के अर्ह युवा मतदाता 18-19 आयु वर्ग की संख्या का वास्तविक डेटा प्राप्त कर उनका शत-प्रतिशत पंजीकरण करायेगे। कहा कि प्रत्येक कालेज में एक कक्ष को वोटर पंजीकरण कक्ष के रूप में स्थापित किया जाये। जिसमें कालेज में उपलब्ध संसाधनों कम्प्यूटर, यूपीएस, इण्टरनेट कनेक्टविटी इत्यादि का उपयोग करके अर्ह मतदाताओं को आनलाइन पंजीकरण करायेगे। उन्होनें कहा कि मतदाता सूची में नाम सम्मिलित एवं संशोधन इत्यादि के लिये भारत निर्वाचन आयोग की बेवसाइट अथवा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश की बेवसाइट पर आनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त मोबाइल पर एप्प डाउनलोड करके भी उक्त सेवायें प्राप्त की जा सकती है। कहा कि प्रथमवार आवेदन कर रहे नये मतदाताओं के पंजीकरण हेतु फार्म 6 एंव निर्वाचन नामावलियों में नाम सम्मिलित करने के प्रस्ताव पर आपत्ति एंव पूर्व में शामिल नाम को अपमार्जित करवाने के लिये फार्म 7 तथा निवास परिवर्तन/मतदाता सूची की प्रविष्टियों में संशोधन/ मतदाता फोटो पहचान पत्र का प्रतिस्थापन/ दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन हेतु फार्म 8 भरना होगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, जिला विद्यालय निरीक्षक डा0 पूरन सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कटियार सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# रावण की अस्थियां और राख लूटने की होड़



जन एक्सप्रेस | कन्नौज

शरद पूर्णिमा के दिन 2 अलग-अलग रामलीलाओं में रावण दहन किया गया। जिसको देखने के लिए दोनों ग्राउंड में भारी भीड़ जुटी। रावण के पुतले का दहन होते ही उसकी अस्थियां लूटने की होड़ मच गई। यहां सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों ने लाठी पटक कर भीड़ को खदेड़ा।

### पुलिसकर्मियों ने लोगों को खदेड़ा

शहर के ग्वाल मैदान और एसबीएस इंटर कॉलेज ग्राउंड में रामलीला का आयोजन किया जाता है। करीब 300 वर्षों से यहां रामलीला होती आ रही है। दोनों जगहों की रामलीला के दौरान राम बारात और रावण दहन का कार्यक्रम भव्य रूप से कराया जाता है। जिसको देखने के लिए शहर की सड़कों पर रात के समय खासी भीड़ नजर आती है। गुरुवार देर रात दोनों स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया। जिसको देखने के लिए भारी भीड़ जुटी। ग्वाल मैदान में रावण के पुतले का दहन होते ही उसकी अस्थियों के रूप में लकड़ी और राख लूटने की होड़ मच गई। जलती हुई लकड़ियों को उठाकर भागते हुए युवाओं को रोकने के लिए पुलिस कर्मियों ने प्रयास किए, तो भीड़ धक्के देकर भागने लगी। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने लाठी पटक कर भीड़ को खदेड़ दिया।

### मान्यता के चलते अस्थियां लूटने की मचती होड़

स्थानीय लोगों ने बताया कि रावण की अस्थियों और राख को लूटने के पीछे कई मान्यताएं हैं। कहा जाता है कि रावण महा विद्वान था। उसकी राख से माथे पर तिलक करने से व्यक्ति की बौद्धिक क्षमता बढ़ती है। इसके अलावा अस्थियों के रूप में रावण के पुतले की लकड़ियों को घर में रखने से भूत-प्रेत और बाधाएं दूर रहती हैं। यही वजह है कि रावण दहन होते ही पुतले की लकड़ियों को लूटने की होड़ मच जाती है।

# विवाद के बाद राजमिस्त्री ने फंदा लगाकर दी जान



जन एक्सप्रेस | हमीरपुर

राजमिस्त्री ने पड़ोसियों से वाद विवाद में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों ने पड़ोसियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के चंदूपुर के मजरा भिखुवा का डेरा निवासी चंद्रपाल (45) ने सुबह करीब सवा सात बजे घर में फंदा लगाकर जान दे दी। बेटे अशोक ने बताया कि माता-पिता गांव में रहते थे।

वह मुख्यालय में रहता है। कहा कि बृहस्पतिवार रात पड़ोसी जीतू, रज्जन व ब्रजभान से वाद विवाद हुआ था। आरोप है कि वह लोग आए दिन जानमाल की धमकी देते थे।

कई बार पूर्व में भी झगड़ा कर प्रताड़ित कर चुके। शुक्रवार सुबह भी वाद विवाद हुआ है। बताया कि मानसिक तनाव में आकर पिता ने फंदा लगाकर जान दे दी है।

कोतवाल अनूप सिंह ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है। शव जिला अस्पताल में मिला था। मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# महिला महाविद्यालय की छात्राओं को सिखाया गया गुड टच-बैड टच का फ़र्क




जन एक्सप्रेस | कन्नौज

आज राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर के तत्वावधान में प्राचार्य रीतू सिंह के संरक्षण और निर्देशन में मिशन शक्ति पेज-5 की 90 दिवसीय कार्ययोजना के क्रियान्वयन के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 'गुड टच बैड टच' विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षकों द्वारा छात्राओं को गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी दी गई। गृह विज्ञान प्रवक्ता श्रीमती अंबरीन फातिमा ने उदाहरण देकर छात्राओं को गुड टच बेड टच के बारे में विस्तार से बताया तथा बैड टच होने पर हमें किस प्रकार प्रतिक्रिया देनी है इसके बारे में भी छात्राओं को समझाया। मिशन शक्ति प्रभारी श्री शैलेंद्र कुमार ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर स्वयं शर्मिंदा होने की आवश्यकता नहीं है न ही स्वयं को दोषी मानने की जरूरत है अपितु ऐसी घटनाओं का डटकर मुकाबला करना ही अच्छा होता है।

प्राचार्य श्रीमती रीतू सिंह ने घर के अंदर तथा बाहर होने वाले दुर्व्यवहारों का जिक्र किया तथा इनसे निपटने के उपाय भी बताएं तथा शारीरिक रूप से अधिक मजबूत बनने हेतु मार्शल आर्ट आदि सीखने की आवश्यकता पर भी बल दिया। कर्कराल में भाग लेने वाली छात्राओं में नंदनी दुबे, नंदनी जैन, स्मृति दुबे, जाहिरा, कोमल, कंचन आदि रही। इस जागरूकता कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन मिशन शक्ति समिति के प्रभारी शैलेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर अजीत, किरण सहित समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# ग्राम सरदामई के भू अभिलेख बनाने की प्रक्रिया जल्द पूरी करें : डीएम

जन एक्सप्रेस | कन्नौज




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जले हुये ग्रामों के भू-अभिलेख बनाने, एवं रिकार्ड आपरेशन ग्राम (सर्वे) के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने जले हुये ग्रामों के भू-अभिलेख बनाये जाने की समीक्षा करते हुये कहा कि ग्राम सरदामई के भू-अभिलेख बनाने की प्रक्रिया अब तक पूरी हो जानी चाहिए, किन्तु अब इसमें और देरी न की जाये, शीघ्र प्रोपोजल बनाकर भेजा जाये। हरिवल्लभपुर में सत्यापन कार्य हो चुका है। चक नापने की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण की जाये। ग्राम कटिघरा में आकार पत्र-2क के 717 गाटों के सापेक्ष 540 गाटे लिखे जा चुके है, शेष गाटों का कार्य इसी माह में पूर्ण कर लिया जाये। इसी प्रकार ग्राम अकबरपुर, बरूआसबलपुर, हाथिन, में जो कार्य किये जा रहे है तेजी लायी जाये। उन्होनें कहा कि जोत छोटी होती जा रही है। गाटा बनाते समय पहुंच मार्ग हेतु रास्ता अवश्य निकाला जाये। उन्होनें कहा कि ग्रामों के पट्टा वाली जमीन पर प्लांटिग वाइज नम्बर जारी किये जाए, प्रापर तरीके से नजरिये नक्शा बनाये। कहा कि कोई भी कार्य हो, यदि लगन के साथ सही प्रक्रिया से करेगें तो बडे से बडा कार्य सहजता से हो जाता है। उन्होनें निर्देश दिये कि रिकार्ड सर्वे के अन्तर्गत कटरी अमीनाबाद, में प्रपत्र 8 तैयार हो चुका है। 10 की पर्चियां शीघ्र वितरित कर दी जाए। चैधरिया बांगर में पैमाइश का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाये। गदनपुर बड्डू में प्रपत्र 8 चार दिवस के अन्दर तैयार किया जाये। चांदपुर कछोहा में मेडमिलान कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाये। उन्होनें कहा कि अच्छे फ्रेम वर्क के साथ कार्य करें। किसी भी प्रकार की हीलाहवाली न बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेन्द्र सिंह, उप जिलाधिकारी सदर न्यायिक नवनीता राय, उप जिलाधिकारी तिर्वा अशोक कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिट्टी का टीला धसने से किशोरी की मौत



जन एक्सप्रेस | कन्नौज

घर की लिपाई-पुताई के लिए मिट्टी लेने गई किशोरी टीला धंसने से दब गई। मिट्टी के मलबे से ग्रामीणों ने किसी तरह उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी होते ही पुलिस गांव पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी।

घटना गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के भैंसियापुर गांव की है। यहां के रहने वाले पुष्पेंद्र सिंह के घर पर दीपावली की तैयारियां चल रहीं थीं। घर की लिपाई-पुताई के लिए उनकी 15 वर्षीय बेटी गरिमा गांव के बाहर टीले से मिट्टी लेने के लिए गई हुई थी। यहां मिट्टी की खुदाई करते वक्त टीले के एक हिस्से की मिट्टी भरभराकर ढह गई। इसके मलबे में गरिमा दब गई। ये घटना देखकर आसपास मौजूद बच्चों ने शोर मचाया।

कुछ ही देर में घटनास्थल पर ग्रामीण पहुंच गए। उन्होंने मलबा हटाकर किसी तरह किशोरी को मिट्टी से बाहर निकाला। उसकी हालत बिगड़ चुकी थी। परिजन उसे डॉक्टर के पास ले गए, जहां उन्होंने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उधर घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम गांव पहुंच गई और किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

# जुमे की नमाज़ पर पुलिस ने बरती अतिरिक्त सतर्कता

जन एक्सप्रेस | कन्नौज



बहराइच हिंसा को लेकर कन्नौज पुलिस शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान सतर्क रही। मुस्लिम बाहुल्य एरिया और मिश्रित आबादी वाले इलाकों में फ्लैग मार्च किया। पुलिस अफसरों ने ड्रोन कैमरे से शहरी क्षेत्रों की निगरानी भी की।

### ड्रोन के जरिए की निगरानी

बहराइच हिंसा के बाद हिन्दू-मुस्लिमों के बीच तनाव जैसी स्थितियां बनी हुई है। ऐसे में शुक्रवार दोपहर जुमे की नमाज होनी थी। जिसको लेकर कन्नौज जिले की पुलिस खासी अलर्ट रही। जुमे की नमाज को लेकर मुस्लिम बाहुल्य एरिया गुरसहायगंज और समधन नगर में पुलिस टीम ने ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी। जिसके माध्यम से घर की छतों को देखा गया, ताकि वहां ईंट-पत्थरों का जमावड़ा न हो।

### कन्नौज शहर में किया रूट मार्च

इसके अलावा अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार और सीओ सिटी कमलेश कुमार की अगुवाई में कन्नौज शहर में रूट मार्च किया गया। यहां पुलिस टीम सदर कोतवाली से कला चौकी, फर्श रोड, मुख्य बाजार, पीतल मंडी, छोटा चौराहा, लाख तिराहा, बड़ा बाजार होते हुए लोगों के बीच पहुंची। एएसपी अजय कुमार और सीओ सिटी कमलेश कुमार ने लोगों से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिया और शांति बनाए रखने की अपील की। दोनों अधिकारियों ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को ब्रीफ किया और कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# आरजीएलबी विद्यालय में विधायक ने बच्चों शिक्षकों और सेवानिवृत्ति शिक्षकों को प्रमाण पत्र दिए





जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर विधायक राहुल बच्चा सोनकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कानपुर नगर की ककवन इकाई तत्वाधान में शैक्षिक उन्नयन एवं सेवा निवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह आर जी एल वी इंटर कालेज आलियापुर में सम्पन्न हुआ जिसमें विधायक बिल्हौर राहुल बच्चा सोनकर एवं प्रमुख वक्ता शैलेन्द्र द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत श्री अमृत लाल पाल एवं श्रीमती शकुंतला देवी को विधायक द्वाराअंगवस्त्र शाल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।विभिन्न प्रतियोगिताओं में चयनित विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी बच्चों एवं उत्कृष्ट विद्यालयों को भी प्रशस्ति पत्र एवं ट्राफी देकर विधायक द्वारा सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता आदित्य द्विवेदी मंडलीय मंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक संघ द्वारा किया गया।

बच्चों द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया। स्वागताध्यक्ष अजय यादव द्वारा सभी का स्वागत किया इस मौके पर जनपद प्रभारी चंद्रदीप यादव द्वारा संगठन द्वारा 21 विद्यालयों को पुस्तकालय किट देने की घोषणा की।

शैलेन्द्र अवस्थी संगठन मंत्री, राहुल मिश्र महामंत्री माध्यमिक संवर्ग अम्बरीष शुक्ल, अजय कटियार, अलका गुप्ता, नरेंद्र कुमार, कमलेश ने अपने विचार रखे कार्यक्रम का संचालन अनुराग पाण्डेय द्वारा किया गया ब्लॉक अध्यक्ष अनिल राय द्वारा आभार ज्ञापित किया गया।

इस मौके पर ब्लॉक पदाधिकारी नरेंद, शशांक, राम कुमार, विकास शर्मा, संजय सुनील कुमार, प्रेम पाल, नीति नेहरू, डॉ कामायनी शर्मा, शीला गौतम, पंकज पाल, दुष्यंत यादव साहित शिक्षक शिक्षाएं उपस्थित रहे।

# उत्तरीपुरा स्थित गुप्ता राइस मिल में संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर का शव मिला



जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के उत्तरीपूरा कस्बा जीटी रोड पर स्थित राइस मिल में मजदूर की मौत की सूचना पर पारिवारीजनो ने मिल के गेट पर पहुंचकर हंगामा काटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पारिवारिक जनों को समझकर शव को कब्जे में लेकर प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पारिवारीजनो ने बताया उत्तरीपुरा चौकी क्षेत्र के रुपऊबाग निवासी छोटे पुत्र मुंशी लाल उम्र 35 वर्ष मजदूरी का काम सेवा मंदिर इंटर कालेज जीटी रोड के ठीक सामने घर पर सूचना आई मिल मालिक व सहयोगियों के साथ मिलकर मार-पीट हत्या करने का आरोप लगाते हुए कारवाई की मांग की सूचना पर पहुंचे बिल्हौर थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज चौकी इंचार्ज अमित कुमार ने परिजनों को काफी समझाया बुझाया और आश्वासन दिया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया जाएगा। आप के साथ न्याय मिलेगा। मृतक की पत्नी राजेश्वरी देवी के एक बेटी और दो बेटा है। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया देवी प्रसाद मुकेश कुमार इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड आढ़त के सामने मृत अवस्था में पड़ा मिला सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है प्रार्थना पत्र के आधार पर हत्या के मुकदमा में पंजीकृत कर दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का कारण ज्ञात हो सकेगा।

# किशोरी के दो बलात्कारियों को 30 वर्ष का कारावास



जन एक्सप्रेस | कन्नौज

जिले के एक गांव निवासी इंटरमीडिएट की छात्रा को ले जाकर 2 युवकों ने रेप किया। जिसकी रिपोर्ट किशोरी के भाई ने तालग्राम थाने में दर्ज कराई थी। 4 साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए पाक्सो कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 30-30 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है।

तालग्राम थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी छात्रा ताहपुर कस्बे के एक इंटर कॉलेज में परीक्षा देने के लिए 3 मार्च 2020 को साइकिल से गई थी। शाम 5 बजे परीक्षा देकर वह घर जाने के लिए निकली थी, तभी उसे आसफपुर गांव के रहने वाले मिंटू पाल और अंकुर पटेल मिल गए और छात्रा को जबरिया अपनी बाइक पर बैठाकर तिर्वा स्थित ठठिया रोड पर ले गए।

यहां एकांत में दोनों ने उसके साथ रेप किया। इसके बाद छात्रा को छोड़कर दोनों युवक भाग गए। किसी तरह घर पहुंच कर छात्रा ने अपने परिजनों को पूरी बात बताई। जिसके बाद छात्रा के भाई ने तालग्राम थाने में तहरीर देते दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

### दोनों को भेजा गया जिला जेल अनौगी

पाक्सो एक्ट कोर्ट के विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि इंटर की छात्रा के साथ रेप मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश अलका यादव ने साक्ष्यों और गवाहों के बयान के आधार पर दोनों आरोपियों मिंटू और अंकुर को दोषी करार दिया। दोनों को 30-30 साल के कारावास की सजा सुनाते हुए 30-30 हजार का जुर्माना भी लगाया। पुलिस कर्मियों ने दोनों आरोपियों को जिला जेल अनौगी भेज दिया।

# चरखारी जाने के लिए बस सेवा शुरु

जन एक्सप्रेस | हमीरपुर

राठ। नगर से चरखारी होते हुए महोबा के लिए राठ डिपो ने तीन बसों का संचालन शुरू कर दिया है। बसों के चलने से इस रूट के एक दर्जन गांव की सैकड़ों सवारियों को लाभ मिलने लगा है। चरखारी जाने के लिए यात्रियों को मुस्करा होते हुए जाना पड़ता था। इस मार्ग से जाने पर यात्री लंबी दूरी तय करते थे। कई वर्षों से चरखारी होते हुए महोबा को बस के संचालन की मांग पर राठ डिपो ने सुबह 7 बजे 8 बजे और 9 बजे से तीन बसों का संचालन शुरू कर दिया है। इन बसों से टिकरिया, कस्बा खेड़ा, गोहानी, पथनौडी, कैंथी, बदनपुर, रौरै, गोरहारी, सुकलहरी, गल्हिया सहित अनेक गांवों के लोगों को चरखारी होते हुए महोबा जाने में सुविधा मिल गई।

# वाहन चेकिंग के दौरान चोरी की मोटरसाइकिल सहित जिला बदर सहित दो को गिरफ्तार कर जेल भेजा

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील की नदिहा चौकी इंचार्ज टीम के साथ गैस प्रति अचानक मोटरसाइकिल आकार सामने आकर तेज रफ्तार करने पर उसको रोकने का इशारा किया और जब पूछताछ की गाड़ी के कागज मांगे तो ना दे सका भागने का प्रयास किया बाद में पुलिस ने दौड़ा कर दोनों को पकडकर पूछताछ की तो पता चोरी की मोटरसाइकिल से दोनों शातिर अपराधी हैं जिनको पुलिस काफी समय से तलाश कर रही थी जिस पर जिला बदर की कार्रवाई हो चुकी है चौकी इंचार्ज ने उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर दोनों अपराधियों को ककवन थानाध्यक्ष के सामने पेश किया पूछताछ में पता चला विभिन्न थानों में संगी धाराओं में मुकदमा पंजीकृत है हरिओम पुत्र स्व0 राम सिंह निवासी ग्राम सरिंगवा थाना ककवन, रामजी उर्फ राधे पुत्र बाबूराम नि तुलसी नगर वार्ड नं0 कस्बा व थाना रसूलाबाद यूपी 78 एच एस 3921 सहित गिरफ्तार किया है। अपराधी इतिहास निकालकर लिखा पड़ी कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में नदिहा चौकी इंचार्ज उनि कृष्ण कुमार, उ0नि0 यूटी0 प्रदीप कुमार, हेड कांस्टेबल आशीष यादव, होमगार्ड रामसरन आदि शामिल रहे। ककवन न थानाध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि टीम ने बड़ा ही सराहनी कार्य किया है जिससे जनता चारों तरफ तारीफ कर रही है।

# अयोध्या एसटीएफ और अरौल पुलिस ने 25000 इनामी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

जन एक्सप्रेस | बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र की थाना अरौल पुलिस ने शुक्रवार को अयोध्या एसटीएफ टीम के साथ मिलकर 25 हजार रुपए के इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया। अरौल थाना क्षेत्र में लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर बीती 14 जुलाई को एक ट्रक अचानक खराब हो गया था। ट्रक में मौजूद लोग पुलिस को आता देखकर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने ट्रक से तस्करी कर ले जाए जा रहे 16 गोवंश से बरामद कर गौशाला भिजवा दिए थे और अज्ञात लोगों के खिलाफ गौवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी। घटना के दो दिन बाद 16 जुलाई को पुलिस ने दो गौ तस्कर कन्नौज जनपद के तिर्वा थाना क्षेत्र के तरसपुर सरैया गांव निवासी 23 वर्षीय गुलाब और सुल्तानपुर जनपद के कड़वार थाना क्षेत्र के गोटिया गांव निवासी 58 वर्षीय शहजाद पुत्र महबूब को बकोठी खलवा में हुई मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार कर लिया था और जेल भेज दिया था।

## बेनामी संपत्ति लेनदेन पर रोक लगाने वाले प्रावधानों पर 'सुप्रीम' फैसला

# उच्चतम न्यायालय ने वापस लिया फैसला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को अपने 2022 के उस फैसले को वापस ले लिया, जिसमें बेनामी संपत्ति लेनदेन पर रोक लगाने वाले कानून के दो प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया गया था। ये प्रावधान ऐसे सौदों और संपत्तियों को अधिकारियों की तरफ से कुर्क किए जाने पर रोक लगाते हैं।

### 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने क्या दिया था फैसला

शीर्ष अदालत ने अगस्त 2022 के अपने फैसले में तब माना था कि बेनामी संपत्ति लेनदेन निषेध अधिनियम, 1988 की धाराएं 3(2) और पांच स्पष्ट रूप से मनमानी होने के कारण असंवैधानिक थीं। अधिनियम की धारा-तीन बेनामी (किसी व्यक्ति द्वारा अन्य व्यक्ति के माध्यम से रखी गई संपत्ति) लेन-देन पर रोक से संबंधित है, जबकि धारा-पांच कुर्क करने योग्य बेनामी संपत्ति से संबंधित है। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों से सहमति जताई कि इन दोनों प्रावधानों की वैधता को तत्कालीन पीठ के समक्ष चुनौती नहीं दी गई थी।

### उच्चतम न्यायालय ने समीक्षा याचिका को दी अनुमति

पीठ ने कहा, इस मामले को देखते हुए, समीक्षा की अनुमति दी जानी चाहिए। यह एक सामान्य कानून है कि किसी वैधानिक प्रावधान की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने पर पक्षों के बीच जीवंत सुनवाई और विवाद की अनुपस्थिति में निर्णय नहीं लिया जा सकता है। इसके नतीजन उच्चतम न्यायालय ने समीक्षा याचिका को अनुमति दे दी। अगस्त 2022 के अपने फैसले में, उच्चतम न्यायालय ने माना था कि अधिकारी बेनामी संपत्ति कानून के लागू होने से पहले किए गए लेनदेन के लिए आपराधिक मुकदमा या जब्ती की कार्यवाही शुरू या जारी नहीं रख सकते।

### सुप्रीम कोर्ट ने 2022 के फैसले को लिया वापस

सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 23 अगस्त, 2022 के फैसले पर केंद्र की समीक्षा याचिका की सुनवाई करते हुए पूर्व सीजेआई एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ की तरफ से दिए गए फैसले को वापस ले लिया।



# 'बाल विवाह निषेध कानून को नहीं रोक सकते पर्सनल लॉ'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि बाल विवाह के खिलाफ बने कानून को पर्नसल लॉ के जरिए बाधित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने कहा कि बाल विवाह, जीवन साथी अपनी इच्छा से चुनने के अधिकार का भी उल्लंघन करता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा की सदस्यता वाली पीठ ने बाल विवाह रोकने के लिए बने कानून को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए कुछ दिशा निर्देश जारी किए।

### सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

अपने फैसले में मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए बने बाल विवाह निषेध कानून को पर्सनल कानूनों के जरिए बाधित या रोका नहीं किया जा सकता। पीठ ने कहा कि अधिकारियों को बाल विवाह रोकने और नाबालिगों की सुरक्षा के साथ ही दोषियों को कड़ी सजा दिलाने पर फोकस करना चाहिए। अपने फैसले में पीठ ने ये भी माना कि बाल विवाह निषेध कानून में कुछ खामियां भी हैं। बाल विवाह निषेध कानून, 2006 देश में बाल विवाह रोकने के लिए लागू किया गया था। साल 1929 में यानी कि आजादी से पहले से देश में ये कानून मौजूद है। साल 2006 में तत्कालीन सरकार ने इस कानून में बदलाव कर बाल विवाह निषेध कानून 2006 लागू किया। पीठ ने कहा कि ऐसी कोशिश की जानी चाहिए कि अलग-अलग समुदायों के लिए कानून में लचीलापन मौजूद रहे। कोई कानून तभी सफल हो सकता है, जब उसमें विभिन्न पक्षों का समन्वय और सहयोग होगा।

### एनजीओ की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि बाल विवाह रोकने के लिए समाज में जागरुकता फैलाने की जरूरत और सिर्फ सजा का प्रावधान करने से कुछ नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने सोसाइटी फॉर एनलाइनमेंट एंड वॉलेंटरी एक्शन की याचिका पर यह फैसला सुनाया। एनजीओ का आरोप था कि बाल विवाह निषेध कानून को शब्दशः लागू नहीं किया जा रहा है। एनजीओ ने साल 2017 में याचिका दायर की थी, जिस पर कोर्ट ने अब फैसला सुनाया है।

# प्रदूषण बढ़ने के साथ यमुना भी दूषित छठ पूजा से पहले झाग-झाग हुई नदी



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राजधानी में छठ पूजा से पहले यमुना नदी का हाल बेहाल है। जहरीली झाग नदी में दिखाई देने लेगी है। ताजा वीडियो कालिंदी कुंज से सामने आया है। यहां यमुना नदी के पानी के ऊपर सिर्फ झाग ही दिख रहा है। दिल्ली बढ़ते वायु प्रदूषण से जूझ रही है। इस बीच शुक्रवार को कालिंदी कुंज इलाके में यमुना नदी पर जहरीला झाग तैरता देखा गया। सुबह 8 बजे राष्ट्रीय राजधानी का समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक 293 तक गिरकर %खराब% श्रेणी में आ गया। भाजपा ने प्रदूषण को लेकर अब आम आदमी पार्टी (आप) और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ तीखा हमला किया है। भाजपा ने कहा है कि आप का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है और वे इस मुद्दे पर केवल आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलते हैं।

### आप सरकार का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नही : मनोज तिवारी

भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से दिल्ली में आप सरकार का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है। प्रदूषण फिर से हानिकारक हो रहा है। नदी और हवा प्रदूषित हैं। लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह तो सिर्फ शुरुआत है। 4-5 महीने बाद चुनाव हैं, मैं लोगों से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली को फिर से दिल्ली बनाने के लिए भाजपा को मौका दें। जब समस्या होगी तो आप सरकार जागेगी, जिस दिन दिल्ली की समस्याएं हल होंगी समस्या आने से पहले ही वे जागना शुरू कर देते हैं।

### हम प्लान तैयार कर रहे हैं : पर्यावरण मंत्री

राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता खराब होने पर दिल्ली पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, विपक्ष को कुछ बोलने का हक ही नहीं है। हम प्लान तैयार कर रहे हैं कुछ प्रयास कर रहे लेकिन भाजपा की सरकारें सो रही हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान में भाजपा की सरकार सो रही है। केंद्र में भाजपा की सरकार सो रही है। विपरीत मौसम में भी कैसे प्रदूषण का प्रभाव कम हो इसके लिए दिल्ली सरकार सबसे ज्यादा सक्रियता के साथ कर रही है।

### रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में हवा की गति कम हो रही

दिल्ली पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, दिल्ली में जैसे-जैसे मौसम में बदलाव हो रहे हैं उसका असर अब प्रदूषण पर दिखने लगा है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में हवा की गति कम हो रही है। तापमान तेजी से गिर रहा है। दिल्ली में कुछ जगहों पर प्रदूषण ज्यादा है इसको देखते हुए विशेष कार्य योजना बनाने के लिए आज लोकल अधिकारियों की बैठक 1 बजे सचिवालय में बुलाई गई है। जिससे विपरीत मौसम में भी हम हॉटस्पॉट की बेहतर निगरानी कर सकें।

# बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में कार्रवाई, मुंबई क्राइम ब्रांच ने पांच अन्य को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद आज छठे दिन मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच शाखा ने कार्रवाई करते हुए पांच अन्य लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि इससे पहले एनसीपी नेता की हत्या के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल इस वारदात का मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पहुंच से बाहर है। मामले में मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर, रायगढ़ जिले के पनवेल और कर्जत में अपराध शाखा की तरफ से छापेमारी की गई, जिसके बाद अपराध से संबंधित साजिश और उसे अंजाम देने के लिए पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के भी संपर्क में थे, जिस पर बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या करने का आरोप है।

### आरोपियों ने ली थी हथियार चलाने की ट्रेनिंग

मुंबई पुलिस के मुताबिक इस हत्याकांड में शामिल बदमाशों ने यूट्यूब पर देखकर हथियार चलाना सीखा था, जबकि मुख्य आरोपी शिवकुमार गौतम ने शादियों में आतिशबाजी के लिए की गई फायरिंग के दौरान हथियार चलाना सीखा था। इन सभी ने कुर्ला इलाके में एक किराए के मकान में यूट्यूब पर वीडियो देखकर हथियार चलाना सीखा था।

### डिप्टी सीएम फडणवीस से मिले जीशान सिद्दीकी

वहीं आज एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और एनसीपी प्रमुख अजीत पवार और एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री कार्यालय की तरफ से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, पुलिस अधिकारियों ने कांग्रेस नेता जीशान सिद्दीकी के परिजनों को बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अब तक की जांच की प्रगति और दिशा के बारे में जानकारी दी। बता दें कि इस मुलाकात का उद्देश्य परिवार को जांच के बारे में जानकारी देना था।

# आरबीआई पुलिस नहीं : गवर्नर

**यह वित्तीय बाजार पर निगरानी रखता है और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करता है**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



भारतीय रिजर्व बैंक पुलिस की तरह काम नहीं करता है, बल्कि वह वित्तीय बाजार पर कड़ी निगरानी रखता है और जब भी जरूरी होता है, नियामकीय कार्रवाई करता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में यह बात कही। केंद्रीय बैंक की ओर से सचिन बंसल की नवी फिनसर्व और तीन अन्य एनबीएफसी को 21 अक्टूबर की कारोबार समाप्ति से ऋण स्वीकृत करने और वितरित करने से रोकने के निर्देश देने के एक दिन बाद, गवर्नर ने यह टिप्पणी की। ब्लूमबर्ग की ओर से आयोजित इंडिया क्रेडिट फोरम में दास ने कहा, नहीं...हम पुलिसकर्मी नहीं हैं। हम वित्तीय बाजार की निगरानी करते हैं। हम बहुत बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। हम ऋण बाजारों पर निगरानी रखते हैं और...जब जरूरी हो जाता है, हम कार्रवाई करते हैं।÷ आरबीआई गवर्नर दास ने कहा कि यह भारत का समय है, भारत की विकास गाथा अक्षुण्ण है। मुद्रास्फीति अब लक्ष्य सीमा के काफी भीतर आ गई है। इसके और कम होने की उम्मीद है।उन्होंने कहा कि वास्तव में इसमें महत्वपूर्ण जोखिम हैं, और आरबीआई विकास और मुद्रास्फीति दोनों के संबंध में समग्र दृष्टिकोण की निगरानी करने के प्रति बहुत सावधान है।

### ब्याज दरों में कटौती फिलहाल जोखिम भरा होगा

ब्याज दरों में कटौती की संभावना पर आरबीआई गवर्नर ने कहा कि ऐसा करना बहुत ही अपरिपक्व और बहुत बहुत जोखिम भरा होगा। खुदरा महंगाई अब भी बहुत अधिक है और भविष्य की मौद्रिक नीति आय के आंकड़े और बाजार के आउटलुक पर निर्भर रहेगी। इसी महीने मौद्रिक नीति समिति ने अपनी तीन दिवसीय बैठक के बाद नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने का फैसला किया था। हर दो महीने पर के अंतराल पर होने वाली मौद्रिक नीति समिति की अगली बैठक दिसंबर में होगी। इसके फैसले का एलान गवर्नर 06 दिसंबर को करेंगे।

# महाराष्ट्र में नहीं बनने देंगे शिंदे और फडणवीस की सरकार : ओवैसी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**



महाराष्ट्र और झारखंड में विधानसभा चुनाव लड़ने को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में शिंदे और फडणवीस की सरकार नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारे पूर्व सांसद इम्तियाज जलील ने नाना पटोले और शरद पवार को पत्र लिखा है। अब उनको सीटों को लेकर फैसला करना है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी पहले से मजबूत राजनीतिक उपस्थिति है। इसलिए हम चुनाव जरूर लड़ेंगे। महाराष्ट्र के लिए हमने पांच उम्मीदवारों की घोषणा की है। हमारे पास पहले से ही महाराष्ट्र में दो विधायक हैं। हमने चुनाव को लेकर मराठा आरक्षण कार्यकर्ता जारांगे पाटिल से भी बात की। अब उन्हें फैसला करना है। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस को हरियाणा चुनाव आसानी से जीतना चाहिए था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सके। उन्हें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। वहीं झारखंड को लेकर ओवैसी बोले कि हमारी पार्टी ने आदिल हसन और रियाज उल हसन इफेन्डी को झारखंड भेजा है। वे वहां जाएंगे और देखेंगे कि हमें क्या करना चाहिए और कितनी सीटें लानी चाहिए। हमें चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। अख्तरुल ईमान देखेंगे कि हमें बिहार उपचुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। उत्तर प्रदेश उपचुनाव को लेकर ओवैसी ने कहा कि हम यहां डॉ. पल्लवी पटेल और अपना दल, कमेरावादी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। हम दो सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

### मुठभेड़ का वीडियो ओटीटी की फिल्म जैसा लग रहा था

वहीं बहराइच मुठभेड़ को लेकर एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह यूपी के सीएम की पिछले कुछ सालों से चली आ रही ठोक दो नीति का उदाहरण है। हम बीजेपी और पीएम मोदी से कई बार कह चुके हैं कि यूपी के सीएम की ठोक दो की नीति संविधान के खिलाफ है। उत्तर प्रदेश को संविधान और कानून के शासन से चलना चाहिए, बंदूक के शासन से नहीं। यदि आप कुछ गलत करते हैं, तो वह जारी रहेगा। कोई दूसरा करेगा तो वह बलत है। पुलिस को आरोपी को गिरफ्तार दिखाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। घटनास्थल से 70 किमी दूर किसने हथियार छिपाया? मुठभेड़ का वीडियो ओटीटी की फिल्म जैसा लग रहा था। इंस्पेक्टर को नेटफ्लिक्स में जाना चाहिए। वहां उनको अच्छा भुगतान मिलेगा। उन्होंने कहा कि एनकाउंटर करने वाली पुलिस को उनके सटीक निशाने के चलते ओलंपिक में भेजा जाना चाहिए। अगर आरोपी के खिलाफ सबूत है तो उसे अदालत में ले जाएं और उन्हें सजा दें। यदि आप ही न्यायाधीश बन जाएंगे तो अदालत और संविधान का उद्देश्य क्या है? यहां बस केवल एक समुदाय के खिलाफ नफरत दिखाई जा रही है।

# रूस-यूक्रेन युद्ध में कूदा तानाशाह किम जोंग, रूस की मदद के लिए भेज रहा उत्तर कोरियाई सैनिक



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को दो साल से ज्यादा वक्त हो चुका है। वहीं इसे लेकर दक्षिण कोरियाई जासूसों का कहना है कि उत्तर कोरिया यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध में सहायता के लिए सेना भेज रहा है। इसके साथ ही रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष को और विध्वंसक होने की संभावना बढ़ गई है। बता दें कि कुछ महीने पहले ही रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उत्तर कोरिया का दौरा किया था और उत्तर कोरियाई तानाशाह के साथ बैठक भी की थी। दक्षिण कोरियाई जासूसों के अनुसार यूक्रेन से जंग में रूस की मदद के लिए उत्तर कोरिया की तरफ से 12,000 सैनिक भेजे गए हैं। दक्षिण कोरिया की योनहाप न्यूज एजेंसी ने राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के हवाले से बताया कि उत्तर कोरियाई सैनिक रूस की सहायता के लिए पहले ही रवाना हो चुके हैं।

### 24 साल बाद उत्तर कोरिया पहुंचे थे व्लादिमीर पुतिन

इससे पहले जून के महीने में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुति ने 24 साल बाद उत्तर कोरिया का दौरा किया था। जहां प्योंगयांग के हवाई अड्डे पर उत्तर कोरियाई नेता किम-जोंग-उन ने व्लादिमीर पुतिन का स्वागत किया था। इस दौरान उत्तर कोरिया ने यूक्रेन में उनकी सैन्य कार्रवाइयों के लिए देश के दृढ़ समर्थन की सराहना की थी। वहीं पुतिन के उत्तर कोरियाई दौरे को लेकर उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में सड़कों को पुतिन और रूसी झंडों के चित्रों से सजाया गया था।

### विदेशी मुद्रा भंडार 10.75 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रह गया, आरबीआई ने जारी किए आंकड़े

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दूसरे हफ्ते में कम हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार 11 अक्तूबर को समाप्त सप्ताह के दौरान फॉरेक्स रिजर्व 10.746 अरब डॉलर घटकर 690.43 अरब डॉलर रह गया, यह हाल के समय में सबसे बड़ी गिरावटों में से एक है। पिछले समीक्षाधीन सप्ताह में भंडार 3.709 अरब डॉलर घटकर 701.176 अरब डॉलर रह गया। सितंबर के अंत में भंडार 704.885 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार 11 अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.542 अरब डॉलर घटकर 602.101 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में अभिव्यक्त विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों के मूल्यवृद्धि या मूल्यह्रास का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने बताया कि सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार 98 मिलियन डॉलर घटकर 65.658 बिलियन डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 86 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 18.339 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गए। शीर्ष बैंक के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में आईएमएफ के पास भारत की आरक्षित स्थिति 20 मिलियन अमेरिकी डॉलर घटकर 4.333 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गई।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में भारत विरोधी तत्व जुटते हैं : बिहार के राज्यपाल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दरभंगा**



बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शुक्रवार को दरभंगा में आयोजित तीन दिवसीय चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव 2024 में शिरकत की। मिथिला की पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ राज्यपाल का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने देश के प्रमुख साहित्य उत्सवों, विशेष रूप से जयपुर और हिमाचल प्रदेश के सोनम में आयोजित साहित्य महोत्सवों पर तीखी टिप्पणी की। उन्होंने इन उत्सवों को देश विरोधी विचारधाराओं का मंच बताया, जहां ऐसे लोग जुटते हैं जो राष्ट्रविरोधी विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते हैं। राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि देश भर में कई साहित्य महोत्सव होते हैं, जिनमें साहित्यकार, विचारक और चिंतक हिस्सा लेते हैं। ये कार्यक्रम समाज को सकारात्मक दिशा में ले जाने के लिए होते हैं। लेकिन जयपुर साहित्य महोत्सव के बारे में सभी जानते हैं कि यह कैसा मंच है। वहां बार-बार भारत विरोधी विचारधाराओं के लोग आते हैं और अपनी बात रखते हैं, जो न केवल साहित्य के लिए बल्कि देश के लिए भी चिंता का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि यह सिर्फ जयपुर तक सीमित नहीं है। हिमाचल प्रदेश के सोनम क्षेत्र में भी ऐसा ही एक साहित्य महोत्सव आयोजित होता है, जहां भी ऐसे ही मानसिकता और विचारधाराओं के लोग इकट्ठा होते हैं। ये फेस्टिवल साहित्य और विचार-विमर्श के नाम पर देश विरोधी एजेंडा चलाने का माध्यम बन रहे हैं।

### देश विरोधी विचारधाराओं पर चिंता

राज्यपाल की टिप्पणियां साहित्यिक आयोजनों के संदर्भ में एक गंभीर बहस को जन्म दे सकती हैं। उन्होंने कहा कि साहित्यिक आयोजनों को सकारात्मक विचारों के आदान-प्रदान का मंच होना चाहिए, न कि देश विरोधी विचारधाराओं के प्रचार का। इस पर विचार करते हुए उन्होंने जोर दिया कि देश में ऐसे मंचों की जरूरत है, जहां राष्ट्रवादी विचारधारा को बल मिले और समाज सही दिशा में आगे बढ़ सके।

### मिथिला की संस्कृति और परंपरा का हिस्सा

चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव का आयोजन मिथिला की धरोहर और सांस्कृतिक परंपरा के तहत किया गया, जहां साहित्य और संस्कृति को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से मिथिला की समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक परंपरा को नया आयाम मिलेगा। यह आयोजन देश भर के साहित्यकारों के बीच मिथिला की पहचान को मजबूती प्रदान करेगा।

### चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव का महत्व और आयोजन

राज्यपाल ने चंद्रगुप्त साहित्य महोत्सव की सराहना करते हुए कहा कि यह महोत्सव समाज में सकारात्मक सोच और राष्ट्रवादी विचारधारा को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव का आयोजन दरभंगा राज परिसर में हो रहा है, जिसने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक योगदान दिया है। यहां पर राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार, विचारक और चिंतक एकत्रित होकर समाज को नई दिशा देने पर विचार कर रहे हैं, जो अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे साहित्य महोत्सवों को सिर्फ हिंदी भाषा तक सीमित नहीं रखना चाहिए।

### प्रमुख हस्तियों की उपस्थिति

इस साहित्य महोत्सव में कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने हिस्सा लिया। दरभंगा राज परिवार के सदस्य कपिलेश्वर सिंह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार ठाकुर, मोहन सिंह, राज किशोर, राजन प्रसाद गुप्ता और साहित्य अकादमी दिल्ली की उपाध्यक्ष कुदोम शर्मा मंच पर मौजूद रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)